महानगरीय संस्कृति के आईने में झुम्पा लाहिड़ी की कोलकाता केंद्रित कहानियाँ हिन्दी अनुवाद एवं सांस्कृतिक विमर्श

एम0 फिल0 (हिन्दी अनुवाद) उपाधि हेतु प्रस्तुत लघु शोध-प्रबन्ध

शोध--निर्देशक
डॉ. रणजीत कुमार साहा

शोधार्थी
सूरज कुमार

भारतीय भाषा केन्द्र
भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली–110067

2007

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
Centre of Indian Languages
School of Language, Literature, & Culture Studies
NEW DELHI-110067, INDIA

Dated: 30/07/2007

DECLARATION

I declare that the work done in this dissertation entitle "**MAHANAGARIYA SANSKRITI KE AAINE MEIN JHUMPA LAHIRI KI KOLKATA KENDRIT KAHANIYAN HINDI ANUVAD AVAM SANSKRITIK VIMARSH**" by me is an original work and has not been previously submitted for any other degree in this or any other University/Institution.

SURAJ KUMAR
(Research scholar)

Dr. RANJIT SAHA
(Supervisor)
CIL/SLL&CS/JNU

VIR BHARAT TALWAR
(Chairperson)
CIL/SLL&CS/JNU

अपने परिवार को समर्पित...

अनुक्रम

	पृष्ठ सं.
भूमिका	I - III
अध्याय : एक झुम्पा लाहिड़ी : एक परिचय	1 – 4
अध्याय : दो तीसरा और अंतिम महादेश	5 – 31
अध्याय : तीन मिसेज़ सेन की कहानी	32 – 59
अध्याय : चार असली दरबान	60 – 75
अध्यायः पाँच सेक्सी	76 – 106
अध्याय : छह महानगरीय संस्कृति के आईने में झुम्पा लाहिड़ी की कोलकाता केन्द्रित कहानियाँ - सांस्कृतिक विमर्श	107 – 124
संदर्भ सूची	125 – 127
परिशिष्ट : मूल पाठ (A Real Durwan, Sexy, Mrs. Sen's & The Third and Final Continent)	

भूमिका

I reorganise my living room
asking each piece
where it would like to placed
I give a new spot to the Sofa and the lamp,
Change the drapes, and
Replace the old rug with a wall-to-wall carpet
When everything is just right
I begin to wonder:
where among these
Should I place myself?

Panna Naik, 'The Living Room'
Journal of south Asian Literature,
Vol.21, No.1, Winter, Spring, 1986

अपने अस्तित्व का प्रश्न आदमजात के लिए सबसे बड़ा होता है। वह इस जीती–जागती दूनिया में अपनी जगह बनाने की ज़द्दोजहद में लगा रहता है। इस ज़द्दोहदत में वह कभी अपने गाँव, शहर, राज्य और देश की सीमा लाँध कर अनजाने ठिकाने की ओर भी रूख कर लेता है।

लेकिन कुछ पाने की इस कोशिश में बहुत सारी चीज़े छूट जाती हैं जो उसे कचोटती हैं। यह कचोट नयी दुनिया में बहुत ही अजीब लगती है। इसी कचोट के साथ वहाँ के नये मूल्यों को आत्मसात करना होता है। आत्मसातीकरण की यह प्रक्रिया बहुत जटिल होती है क्योंकि पुरानी आदतें आप पर हावी होती हैं। स्पष्ट है कि विस्थापन की कहानी लिखना और उसका अनुवाद भी एक जटिल काम है और साथ

ही रुचिकर भी। यही कारण है कि मैंने एम.फ़िल के लघु शोध प्रबंध के विषय के रूप में झुम्पा लाहिड़ी और उनकी कहानियों को चुना।

सबसे पहले कहानियों के चुनाव का प्रश्न था चूँकि लघु शोध-प्रबंध के नाते आकार का ध्यान रखना था। इसलिए मैंने अपने निदेशक डॉ. रणजीत साहा के सलाह से ऐसी चार कहानियों का चुनाव किया, जिनमें कोलकाता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में मौजूद था साथ ही परिस्थितियाँ एक दूसरे से थोड़ी हट कर थीं। 'असली दरवान' शीर्षक कहानी की पृष्ठभूमि कलकत्ते की है जहाँ सीढ़ियों को बुहारने वाली 'बूढ़ी माँ' मुख्य पात्रा है। वह पूर्वी बंगाल से विस्थापित है और बातें बनाकर और अपने काम से अपने को स्थापित करने के लिए प्रयासरत होती है, लेकिन हो नहीं पाती। 'मिसेज सेन की कहानी' कुछ अलग नहीं है। वह एक प्रोफेसर की पत्नी है। लेकिन नए माहौल में अपने आप को ढाल पाने में वह पुरी तरह नाकामयाब रहती है। मिसेज़ सेन के लिए वहाँ भी 'घर' का मतलब उनका 'अपार्टमेंट' नहीं होता बल्कि सुदूर स्थित बंगाल का ही 'घर' होता है।

'तीसरा और अंतिम महादेश' कथा के मुख्य पात्र के कलकत्ता से लंदन फिर यु.एस.ए. तक के सफ़र की कथा है। अपने हर पड़ाव में वह अपने आप को परिस्थिति के अनुसार ढाल लेता है। यही कारण है कि उसकी दूसरी पीढ़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवेश की चुनौतियों से दो-दो हाथ करने को तैयार है।

'सेक्सी' एक मार्मिक कहानी है जिसकी मुख्य पात्रा मिरांडा का दृष्टिकोण अपने बचपन और युवावस्था के अलग–अलग अनुभव से गुज़रते हुए बदलता है। हालाँकि कहानी मुख्य तौर पर स्त्री–पुरुष के देहाकर्षण एवं संबंधित भावनात्मक जटिलताओं पर आधारित है पर बचपन में दीक्षित परिवार का अनुभव और युवावस्था में देव के साथ उसका संपर्क भारतीयों के प्रति उसे रवैया बदलने पर मजबूर करता है।

यह देरिदा का चर्चित कथन है कि अनुवाद उतना ही आवश्यक है जितना कि असंभव। भाषिक और सांस्कृतिक अनन्यता के कारण यह बात ठीक भी जान पड़ती है। उपयुक्त शब्द और मुहावरों का सही चुनाव, लक्ष्य भाषा में सामान्यतया प्रयुक्त होने वाले भाव जिन्हें लक्ष्य भाषा के अधिकांश पाठकों तक संप्रेषित होना है और उपयुक्त समरूप विशेषण, शीर्षक ढूँढ़ना निश्चित रूप से मेरे लिए चुनौती भरा काम रहा चूँकि इन कहानियों में कई संवाद और सांस्कृतिक उपादान बांग्ला

भाषा–भाषी के हैं। इसलिए बांग्ला भाषा के लहज़े और उसमें निहित संगीत को लक्ष्य भाषा (हिन्दी) में यथावत सुरक्षित रख पाना न तो अंग्रेजी (मूल) के लिए संभव था और न ही मेरे अनुवाद में। इसी तरह कहानी में कई अमेरिकन चीजों के नाम जिनका हिन्दी में कोई पर्याय नहीं है अनुवाद के क्रम में उसी तरह प्रयोग में लाया गया है।

अनुवाद एवं विश्लेषण के क्रम में मुझे अपने आदरणीय निदेशक डा. रणजीत साहा का निरंतर सहयोग मिला। उन्होंने मेरा पथ–प्रदर्शन किया, ख़ूबियों के लिए सराहा और ग़लतियों के लिए मीठी झिड़की भी देते रहे लेकिन निरुत्साहित कभी नहीं किया। यह कहना तनिक भी अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि उनमें एक आदर्श निदेशक के आवश्यक गुण भरे हैं। उनके निर्देशन के लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

निशांत, पशुपति और प्रणव जी ने प्रूफरीडिंग में सहायता की। आलोक जी ने प्रूफ रीडिंग के साथ–साथ गुणात्मक संशोधन मे भी सहयोग किया। सुधा, संचिता और हर्षिता के निरंतर सहयोग एवं सुझाव ने मुझे निरंतर चलायमान रखा। इन सबको मेरा आभार।

सूरज कुमार

भारतीय भाषा केन्द्र

ज.ने.वि.,

नई दिल्ली–110067

30.07.2007

अध्याय : एक

झुम्पा लाहिड़ी : एक परिचय

झुम्पा लाहिड़ी: एक परिचय

प्रवासी लेखकों में झुम्पा लाहिड़ी आज एक हस्ताक्षर हैं। अब तक कुल दो साहित्यिक कृतियाँ हीं उनके खाते में हैं लेकिन दोनों ही कृतियों की लोकप्रियता उनकी श्रेष्ठता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। झुम्पा का लेखन एक अलग दृष्टिकोण को दर्शाता है जो उन्हें अन्य प्रवासी लेखकों से अलग करता है। यह प्रवासियों की दूसरी या तीसरी पीढ़ी का दृष्टिकोण है पहली का नहीं–

"....The experience of the second generation or third generation migrant is very different from that of the first generation migrant: home becomes unreal to them, just a space of imagination rather than of nostalgic recollection".[1]

इस दृष्टिकोण को समझने के लिए संक्षेप में झुम्पा के लेखन की पृष्ठभूमि समझ लेना अनिवार्य होगा। भारतीय माता–पिता की संतान झुम्पा लाहिड़ी का जन्म 1967 में लंदन में हुआ। उनके जन्म के बाद उनका उसका परिवार युनाइटेड स्टेट्स आ गया जहाँ रोड्स आइलैंड और न्यूयॉर्क में वह पली–बढ़ी। उनके पिता पुस्तकाध्यक्ष थे और माँ शिक्षिका। वह अपने परिवार के साथ कलकत्ते आती–जाती रहती थी। इसी क्रम में उन्हें चीजों को देखने की एक दृष्टि मिली। एक साक्षात्कार में यह पूछने पर कि उनकी कुछ कहानियों की पृष्ठभूमि भारत की है और कुछ यू.एस.ए. की, ऐसा क्यों? इसका जवाब देते हुए वे कहती हैं:

" When I began writing fiction seriously, my first attempt, for some reason, were always set in Calcutta, which is a city I know quite well from repeated visits with my family. These trips to a vast, unruly, fascinating city so different from the small New England town where I was raised shaped my perceptions of world and of people from a very early age. I learned that there was a another side, a vastly different version to everything. I learned to observe things as an outsider and yet I also knew that as different as Calcutta is from Rhode Island, I belonged there in some fundamental ways, in the way I didn't seem to belong in USA. As I gained a bit more confidence, I

began to set stories in the US and wrote about situation close to my own experience".[2]

इसी अवलोकन और अभिव्यक्ति का साकार रूप 'इंटरप्रेटर ऑफ मैलॅडीज़' के रूप में आया। वर्ष 2000 में इस कृति को पुलित्ज़र अवार्ड मिला। इस संकलन की तीन कहानियाँ पूर्व में ही 'न्यूयॉर्कर' में छप चुकी थीं। जिसमें झुम्पा को चालीस वर्ष से कम उम्र के श्रेष्ठ बीस लेखकों को जगह दी गयी थी। इसके अलावे इस कृति को हेनफील्ड फाउंडेशन द्वारा 'ट्रास–एटलांटिक रिव्यू अवार्ड, लुईसविलारिव्यू का श्रेष्ठ गल्प पुरस्कार, ओ हेनरी अवार्ड' और'द बेस्ट अमेरिकन शार्ट स्टोरीज़' पुरस्कार भी मिले हैं। उक्त कहानी संकलन का अब तक तैंतीस भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

झुम्पा लाहिड़ी ने 'रिनेसां स्टडीज़' में पी.एच.डी. किया है। वे कुछ समय के लिए प्रोविन्सटाउन, मेसाच्यूसेट्स के फ़ाईन आर्ट्स सेंटर की फ़ेलौ भी रहीं। यहाँ उन्हें लगा कि उनकी मंजिल लेखन है न कि अकादमी। तब से उन्होंने लेखन को गंभीरता से लिया।

'इंटरप्रेटर ऑफ मैलॅडीज' नौ लघु कहानियों का संकलन है जिसकी तीन कहानियाँ भारतीय पृष्ठभूमि पर एवं शेष छह अमेरिकी पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस संकलन के मूल में विस्थापन और उसका दर्द है– "Emotional pain and nostalgia form the basic ingredient of Interprter of Maladies".[3] इस संकलन का शीर्षक उन्हें कैसे सूझा उसके बारे में झुम्पा खुद बताती है:

" In 1991, I met a student who working at a doctors office, interpreting for a doctor who had a number of Russian patients who has difficulty explaining their ailments in English.........., I thought continueously about what a unique position it was, and by the time I reached my home, the phrase 'Interpreter of maladies' was planted in my head. I told myself, one day I will write a story with that title. About five years passed. Then one day I jostled down a para containing the base bones of Interpreter in my notebook".[4]

इससंकलन के मूल कथ्य की ओर संकेत करते हुए झुम्पा कहती हैं: "I knew from the beginning that this had to be the title story, because it best expresses, thematically, the predicament at the heart of the book-the dilemma, the difficulty and often the impossibility of communicating emotional pain and affliction to others. as well as expressing it to ourselves. In some senses I view my position as a writer, insofar as I attempt to articulate these emotions, as a sort of interpreter as well.[5]
झुम्पा की दूसरी साहित्यिक कृति एक उपन्यास है – द नेमसेक। यह उपन्यास विदेश में रह रहे गांगुली परिवार के तीन दशकों के जीवन संघर्ष को दिखाता है। गांगुली दम्पति अवश्य ही भारत से हैं लेकिन बाद में अमेरिका में बस गए हैं। तीस साल तक वहाँ रहने पर भी उसके लिए उनका घर भारत ही है। उनके बच्चों का.जन्म अमेरिका में होता है। उनका बेटा गोगोल जैसे–जैसे बड़ा होता है उसके सामने अपनी पहचान का संकट पैदा होता है। उसे परेशानी इसलिए होती है कि उसके ऊपर दोहरी ज़िंदगी और मूल्यों का दबाव थोप दिया जाता है। वह जन्म से अमेरिकी है लेकिन ख़ून से भारतीय। यह तनाव हर उस दूसरी या तीसरी पीढ़ी के प्रवासी भारतीयों की है जिनसे उन्हें जूझना पड़ता है। दूसरी तरफ़ पहली पीढ़ी बालों को यह लगता है कि उनकी सांस्कृतिक विरासत खतरे में हैं क्योंकि उनकी अगली पीढ़ी इनकी ख़ास परवाह नहीं करती।

द नेम सेक उपन्यास पर आधारित मीरा नायर निर्देशित इसी शीर्ष से एक फ़िल्म भी बनी थी कि सिनेमा जगत में विशेष चर्चा हो रही है।

आशा है आगे भी हमें झुम्पा लाहिड़ी से इस तरह अपने पाठकों एवं आलोचकों को सोचने पर विवश करने वाली गंभीर रचनाएँ मिलती रहेंगी और वे अपनी रचनात्मक निरंतरतता बताए रखेंगी।

[1] That third space: Interrogating the Diaspora Paradigm - page 53.

[2] www.rigrin.treeservers.com

[3] Interpreter of Maladies by Jhumpa Lahiri South Asian Literature in English An Encyclopaedia Green wood Press, p.167

[4] www.rigrin.treeservers.com

[5] Ibid.

अध्याय : दो

तीसरा और अंतिम महादेश

तीसरा और अंतिम महादेश

1964 में, जब मैंने भारत छोड़ा, तब मेरे पास कॉमर्स की डिग्री थी। उन दिनों मेरे पास कुल दस डॉलर थे। तीन सप्ताह तक एक इटालियन मालवाहक जहाज़, एस. एस. रोमा के तीसरे दर्जे में (जो जहाज़ के इंजन के बिल्कुल पास था) सफर करता हुआ मैं इंग्लैंड पहुँचा था। वहाँ मैं उत्तरी लंदन के फिन्सबरी पार्क के एक ऐसे घर में रहा, जो पूरी तरह से मेरे जैसे तंगहाल बंगाली युवकों से भरा था। कम-से-कम दर्जन भर लोग और कभी-कभी उससे भी ज़्यादा; सभी विदेश में पढ़ने एवं खुद को किसी लायक बनाने की जद्दोजहद में लगे।

मैं एल.एव.ई. में लेक्चर सुनता और गुज़ारे के लिए यूनिवर्सिटी की लाईब्रेरी में काम करता। एक कमरे में हम तीन या चार लोग रहते, जिनके लिए इकलौता और बेहद सर्द शौचालय था। हमें अंडे की करी पकाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना होता था, जिसे हम अख़बार से ढँकी मेज़ पर रखकर हाथों से ही खाया करते थे। अपने काम के अलावा हमारी कुछ दूसरी ज़िम्मेदारियाँ भी थीं। सप्ताहांत में हम या तो खाली पैर पायजामे में घूमते, चाय पीते, रॉथमन्स की कश लेते या लार्ड्स में क्रिकेट देखने चल पड़ते। कुछ सप्ताहांतों पर घर और भी कुछेक बंगालियों से भर जाता। ये वैसे बंगाली थे जो या तो हमें सब्ज़ी वाले की दुकान पर मिले थे या ट्यूब में। तब हम और ज्यादा अंडा करी बनाते, मुकेश के गाने बजाते और गंदे प्लेटों को नहाने वाले टब में डाल आते। अक्सर इस घर से कोई एक विदा होता, उस स्त्री के साथ रहने के लिए जिसे कलकत्ते में बसे उसके परिवार वालों ने उससे शादी करने के लिए पसंद किया होता था। 1969 में, जब मैं छत्तीस वर्ष का था, मेरी शादी तय हुई थी। ठीक उसी समय मुझे अमेरिका में पूर्णकालिक नौकरी का प्रस्ताव मिला, एम. आई.टी. के पुस्तकालय के संसाधन विभाग में। सपत्नीक निर्वाह के लिए वेतन कम भी नहीं था। साथ ही, मुझे एक विश्वविख्यात विश्वविद्यालय से नियुक्ति का सम्मान मिल रहा था। इसलिए मुझे छठी वरीयता वाला ग्रीनकार्ड मिला और मैं और अधिक दूर की यात्रा के लिए तैयार हो रहा था।

अब मेरे पास हवाई जहाज़ से सफ़र के लायक़ काफ़ी पैसे थे। मैंने पहली उड़ान कलकत्ते के लिए भरी, अपनी शादी के लिए और एक सप्ताह बाद बोस्टन के लिए, अपनी नई नौकरी की शुरूआत के लिए। उड़ान के दौरान मैंने 'स्टूडेंट गाइड टू नार्थ अमेरिका' पढ़ी, जो इसका पेपरबैक संस्करण था। इसे मैंने लंदन छोड़ने से पहले सात शिलिंग छह पेंस में टॉटनइम कोर्ट रोड से खरीदा था। गाइड बुक से मैंने जाना कि अमेरिकन सड़क के दाहिनी तरफ़ गाड़ी चलाते हैं, न कि बाईं तरफ। वे लिफ़्ट को 'इलेवेटर' और 'इंगेज़्ड' फ़ोन को 'बिजी' बताते हैं। गाइड बुक के अनुसार, "उत्तर अमेरिका में जीवन की गति ब्रिटेन से अलग है, इसका पता आपको जल्द ही लगेगा। यहाँ सभी को शिखर ही चाहिए, अंग्रेज़ियत वाली नफ़ासत यहाँ नहीं है।" विमान जैसे ही बोस्टन हवाई अड्डे पर उतरने लगा पायलट ने मौसम और समय के बारे में बताया और साथ ही यह भी बताया कि राष्ट्रपति निक्सन ने दो दिन की राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा की है– इसलिए कि अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री चाँद पर उतरने में सफल हुए। सारे यात्री खुशी से झूम उठे। उनमें से एक चिल्लाया, "ईश्वर अमेरिका की रक्षा करे!" गलियारे के पार, मैंने देखा एक महिला प्रार्थना कर रही है।

मैंने अपनी पहली रात सेन्ट्रल स्क्वायर, कैम्ब्रिज़ के वाई.एम.सी.ए. में गुज़ारी। यह एक सस्ती जगह थी, जिसकी जानकारी मुझे अपने गाइडबुक से मिली थी। यहाँ से सबकुछ नज़दीक था; एम.आई.टी., पोस्ट ऑफिस और सुपर मार्केट 'प्यूरिटी सुप्रीम'। इस कमरे में एक खटिया और एक मेज थी। दीवार पर एक छोटा-सा लकड़ी का क्रॉस टँगा था। दरवाज़े के ऊपर टँगा संकेत बता रहा था कि यहाँ खाना बनाना सख़्त मना है। एक खुली खिड़की थी, जिससे मेसाचुसेट्स की सड़के दिखती थीं। उनसे होकर दोनों दिशाओं में गाड़ियाँ आती-जाती थीं। कार के तेज़ और लंबे हार्न एक-के-बाद-एक तेज़ आवाज़ में बजते थे। पूरी रात सायरन वाली गाड़ियाँ, बसों के काफ़िले गुज़रते थे। उनके दरवाज़ों के खुलने और बंद होने, उनके इंजन गड़गड़ाने का शोर लगातार आता रहता था। यह शोर लगातार परेशान करने वाला था, कभी-कभी इससे घुटन सी होती थी। इसे मैं अपने अंदर बड़ी गहराई तक महसूस करता था, जैसा मैंने एस.

एस. रोमा पर उस के इंजन के क्रुद्ध चीत्कार में महसूस किया था। लेकिन यहाँ जहाज का कोई डेक नहीं था, जिसपर मैं भाग जाता। यहाँ चमकीला समुद्र भी नहीं था, जिससे मेरा मन आह्लादित होता। यहाँ न तो मेरे चेहरे को छूने वाली ठंडी हवा थी और न ही कोई ऐसा था, जिससे मैं बात कर सकूँ। मैं इस तेज़ रफ़्तार से इतना थका था कि मुझे वाई.एम.सी.ए. के वीरान गलियारे में अपने ढीले धारीदार पायजामें में टहलने की भी इच्छा नहीं हो रही थी।

इसलिए मैं मेज पर बैठकर खिड़की से कैम्ब्रिज का सिटी हॉल और छोटी-छोटी दुकानों की क़तारें देखता रहा। सुबह डेवी पुस्तकालय में अपने काम पर हाज़िर हुआ जो मेमोरियल ड्राइव की मटमैली क़िलेनुमा इमारत थी। मैंने बैंक में अपना खाता खुलवाया, डाक घर में अपने नाम एक पी ओ बॉक्स किराये पर लिया, एक प्लास्टिक का प्याला और एक चम्मच उलवर्थ्स से लिया, जो उस स्टोर (दूकान) का नाम था, जिसे मैं लंदन से जानता था। मैं प्यूरिटी सुप्रीम गया, यहाँ-वहाँ गलियों में घूमता रहा, आउंस को ग्राम में बदलता, इंग्लैड के दामों और चीज़ों से तुलना करता हुआ। अंत में मैंने दूध का एक छोटा सा डब्बा और एक कार्नफ़्लैक्स का डब्बा लिया। अमेरिका में यह मेरा पहला खाना था। इसे मैंने अपनी मेज़ पर खाया। यह मुझे हॅमबर्गर या हॉट डॉग से अच्छा लगा। और यही एक विकल्प था, जिसे मैं मेसाच्यूसेट्स के कॉफ़ी शॉप पर ले सकता था। इसके अलावा अभी तक मेरे लिए कोई मांस खाना बाक़ी ही था। यहाँ तक कि दूध ख़रीदने-जैसा साधारण काम भी मेरे लिए नया था। लंदन में हर सुबह हमारे दरवाज़े पर दूध की बोतलें मिल जाती थीं।

कमोबेश एक सप्ताह में मैं व्यवस्थित हो चला था। मैं सुबह-शाम कॉर्नफ़्लैक्स और दूध लेता और बदलाव के लिए कुछ केले ले आता। इन्हें मैं चम्मच की किनारी से काटकर प्याले में डाल लेता। इसके अलावे मैंने टी बैग्स और फ़्लास्क भी ले ली थीं, जिसे बुलवर्थ्स का सेल्समैन थर्मस बता रहा था (उसने मुझे बताया, फ्लास्क ह्विस्की रखने के लिए होती है; जो मैंने कभी नहीं पी)। हर सुबह काम पर जाते समय कॉफी शॉप से एक प्याली चाय के बराबर दाम चुकाकर मैं अपने फ्लास्क में गरम पानी भर लेता और पूरे दिन उससे चार

प्याली चाय बंनाकर पीता। मैंने दूध का पहले से बड़ा डब्बा लिया और ख़ाली होने पर इसे खिड़की के दहलीज के छायादार हिस्से के नीचे छोड़ देता-यह मैंने वाई.एम.सी.ए. में रहने वाले दूसरे लोगों को करते देखकर सीखा था। समय गुज़ारने के लिए मैं शाम में नीचे, जहाँ धुँधले शीशों वाली खिड़कियों वाला बड़ा-सा कमरा था, 'बोस्टन ग्लोब' पढ़ा करता था। मैं इसके सभी लेख और विज्ञापन पढ़ जाता, जिससे कि मैं वहाँ की चीज़ों से वाकिफ़ हो सकूँ। जब मेरी आँखें थक जातीं तब मैं सो जाता। हालाँकि मैं ठीक से सो नहीं पाता था। हर रात मुझे खिड़की खुली रखनी पड़ती थी। उस दमघोंटू कमरे में यह हवा का अकेला जरिया था। लेकिन इससे आने वाला शोर भी असहनीय था। मैं बिस्तर पर लेटते समय कानों में अपनी उँगलियाँ डाल लेता, लेकिन जब नींद आ जाती, तब उंगलियाँ निकल आतीं और ट्रैफ़िक का शोर दोबारा मुझे जगा देता। कबूतर के पर खिड़की के ऊपर तिर आते। एक शाम जब मैंने कॉर्नफ़्लैक्स के ऊपर दूध उड़ेला, तब मैंने पाया कि वह ख़राब हो चुका है। तो भी मैंने छह हफ़्ते तक वाई.एम.सी.ए. में रहने का निश्चय किया, जब तक कि मेरी पत्नी का पासपोर्ट और ग्रीनकार्ड तैयार नहीं हो जाते। एक बार जब यह सब हो जाए तब मुझे कोई ठीक-ठीक अपार्टमेंट लेना था। इसके लिए मैं अख़बार के वर्गीकृत विज्ञापनों को देखता और कभी अपने दोपहर के खाने की छुट्टी में एम.आई.टी. के हाउसिंग ऑफिस के चक्कर लगाता; यह देखने के लिए कि मेरी पहुँच में कौन-कौन से विकल्प मौजूद हैं। इसी क्रम में मुझे एक ऐसे मकान का पता चला, जिसे जितनी जल्द हो किरायेदार चाहिए था। यह मकान एक शांत गली में था, जिसका किराया विज्ञापन के अनुसार आठ डॉलर प्रति सप्ताह था। मैंने अपनी गाईडबुक में उसका नंबर नोट किया और उसे एक पे-बूथ से फ़ोन किया। ऐसा सिक्का डालकर जिससे मैं अभी तक अपरिचित ही था, शिलिंग से छोटी और हल्की, लेकिन पैसे से भारी और चमकीली।

"कौन बोल रहा है ?" महिला ने पूछा। उसकी आवाज़ दमदार और तीखी थी।

"हाँ, गुड आफ़्टरनून मैडम! मैंने किराये के कमरे के लिए फोन किया है।"

"हार्वड या टेक ?"

"माफ़ कीजिएगा ?"

"तुम हार्वर्ड से हो या टेक से ?"

जैसे ही मेरी समझ में आया कि टेक मेसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए है; मैंने जवाब दिया,

"मैं डेवे पुस्तकालय में काम करता हूँ," जानबूझ कर यह जोड़ते हुए, "टेक में।"

"मैं केवल टेक या हार्वर्ड के लड़कों को कमरे किराये पर देती हूँ !"

"जी मैडम।"

उसने मुझे घर का पता बताया और शाम में सात बजे मिलने का समय दिया। समय से आधे घंटे पहले मैं गाईडबुक को अपनी जेब में रखकर निकल गया। मेरी साँसें लिस्ट्रिन के इस्तेमाल से ताज़ा-तरीन थीं। मैं पेड़ों से घिरी गली की ओर मुड़ गया जो मेसाच्यूसेट्स एवेन्यू से सीधी जाती थी। घास की नुकीली पत्तियाँ फुटपाथ के दरारों के बीच उग आयीं थीं। गर्मी के बावजूद मैंने कोट और टाई पहन रखी थी; इस घटना को किसी साक्षात्कार की तरह महत्त्वपूर्ण मानते हुए। मैं कभी ऐसे व्यक्ति के घर में नहीं रहा जो भारतीय न हो।

क़तारदार बाड़ से घिरे हुए इस मकान का रंग मक्खनी था और इसके छज्जे भूरे थे। गचकारी किए हुए कतारदार मकानों से अलग (जहाँ मैं लंदन में रहता था) यह मकान सबसे हटकर था। यह पूरी तरह लकड़ी की पट्टियों से घिरा था।

जब मैंने घंटी बजायी तो वही महिला, जिससे मैंने फ़ोन पर बात की थी, चिल्लाई, "बस एक मिनट!" ऐसा लगा कि वह दरवाज़े के दूसरे छोर से बोल रही थी।

कई मिनट बाद एक छोटी-सी और बेहद बूढ़ी महिला ने दरवाजा खोला। सफ़ेद वालों का गुच्छा उसके सिर के ऊपर छोटे-से ढूह का रूप ले चुका था। जब मैं घर के अंदर आया, वह एक लकड़ी की बेंच पर बैठ गयी जो एक सँकरी

कालीन डली सीढ़ी के नीचे पड़ी थी। जब वह इस बेंच पर पूरी तरह जम गयीं, तब रोशनी के एक छोटे से टुकड़े में उसने पूरी एकाग्रता से मेरी ओर देखा।

उस महिला ने लंबी काली स्कर्ट पहन रखी थी जो फ़र्श पर तने हुए तंबू जैसी लग रही थी और एक माड़ीदार सफ़ेद शर्ट, जिसका गला और आस्तीन के किनारे झालरदार थे। लंबी पीली उँगलियों पर पड़ी सूजी हुई गाँठें सख़्त पीले नाख़ून वाले दोनों जुड़े हाथ गोद पर रखे थे। उम्र ने उसकी शक्ल को ऐसा बना दिया था कि वह क़रीब-क़रीब मर्द जैसी ही लग रही थी, तीखी सिकुड़ी हुई आँखें और नाक के दोनों ओर गहरी झुर्रियाँ। उसके होठ, कसे लगभग ओझल थे। उसकी भौंहें ग़ायब थीं। ऊपर से वह कुछ उग्र लगती थी।

"बंद कर दो!" उसने आदेश दिया। उसने बेंच की बग़ल वाली खाली जगह को एक हाथ से थपथपाया और मुझे बैठने को कहा। एक पल के लिए वह एकदम ख़ामोश रही उसके बाद ऐसे स्वर में बुदबुदाई माने केवल उसे ही इस बात की जानकारी हो– "चाँद पर अमेरिका का झंडा है!"?

"जी, मैडम।"

तब तक मैंने चाँद वाली घटना के बारे में कभी ज़्यादा सोचा भी नहीं था। हालाँकि अख़बार में उसके बारे में लगातार लेख आ रहे थे। अंतरिक्ष यात्री 'सी ऑफ ट्रॅन्क्विलिटी' के किनारे खाली ज़मीन पर उतरे थे, ऐसा मैंने पढ़ा था। सभ्यता के इतिहास में किसी भी मानव की यह सबसे दूर की यात्रा थी। कुछ घटों तक उन्होंने चन्द्रमा की सतह का अन्वेषण किया। अपनी जेबों में वहाँ के पत्थर भरे और वहाँ के वातावरण का विवरण दिया (एक अंतरिक्ष यात्री के अनुसार वहाँ अपूर्व एकांत था) और फ़ोन से राष्ट्रपति से बाते कीं और चाँद की सतह पर एक झण्डा गाड़ा। उस अभियान को मानव जाति की सबसे विस्मित कर देने वाली उपलब्धि माना गया। मैंने 'ग्लोब' में फूले हुए परिधानों में अंतरिक्ष यात्रियों के पूरे पन्ने की तस्वीर देखी थी। मैंने पढ़ा था कि जिस रविवार की दोपहर अंतरिक्ष यात्री वहाँ उतरे उस समय बोस्टन में कुछ लोग क्या कर रहे थे। एक आदमी ने बताया कि वह अपने कान में रेडियो लगाकर अपनी नौका

चला रहा था; एक महिला अपने पोते-पोतियों के लिए खाने के कुछ पका रही थीं।

महिला चिल्लाई, "चाँद के उपर झंडा। मैंने रेडियो पर सुना। क्या यह हैरतअंगेज नहीं है ?"

"हाँ, मैडम !"

लेकिन वह मेरे जवाब से संतुष्ट नहीं थी। इसके बदले उसने कहा, "बोलो कि 'शानदार' है!"

मैं उसके इस तरह कहने पर हैरान भी था और एक तरह से अपमानित भी महसूस कर रहा था। इस पर मुझे याद आया कि जब मैं छोटा था तो कैसे मुझे पहाड़ा सिखाया जाता था।

टॉलीगंज के एक कमरे वाले स्कूल में, बिना किसी जूते या पेंसिल के, पालथी मारकर बैठे, मास्टर द्वारा बताए पाठ को दुहराते हुए। इससे मुझे अपनी शादी भी याद आती है, जब मैं पुरोहित द्वारा उच्चरित संस्कृत श्लोकों को दुहरा रहा था। वो श्लोक, जिसे मैं शायद ही जानता था, मुझे अपनी पत्नी के साथ जोड़ रहा था। मैंने कुछ नहीं कहा।

"कहो 'शानदार !" महिला फिर चिल्लाई।

"शानदार", मैंने धीरे से कहा। मुझे फिर से दूसरी बार उसी शब्द को पूरे ज़ोर से दुहराना पड़ा, ताकि वह सुन सके। मैं स्वभाव से मृदुभाषी हूँ और ख़ास कर मुझे उस बूढ़ी महिला से ऊँची आवाज़ में बात करता बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था, जिससे मैं थोड़ी ही देर पहले मिला था। लेकिन उसे इस बात का बुरा नहीं लगा था। यदि कुछ लगा हो, तो शायद वह जवाब से ख़ुश थी क्योंकि उसका अगला आदेश था– "जाओ कमरा देख लो!"

मैं बेंच से उठा और क़ालीन डली सँकरी सीढ़ी पर चढ़ने लगा। वहाँ पाँच दरवाज़े थे, दो-दो दरवाज़े सँकरे गलियारे की दोनों तरफ और एक उल्टी दिशा में। केवल एक दरवाज़ा थोड़ा-सा खुला था। उस कमरे में ढलवाँ छत के नीचे एक डबल बेड, एक भूरी दरी, साधारण-सा बेसिन और एक दराज़ वाली बॉक्स थी। एक दरवाज़ा, जो सफ़ेद रंग से पुता था, कमरे की तरफ़ ले जाता था,

दूसरा गुसलख़ाने और टब की तरफ़। दीवारें भूरे और सफेद धारीदार कागज़ों से ढँकी थीं। खिड़की खुली थी; जालीदार पर्दा हवा से हिल रहा था। मैंने उसे उठाया और बाहर की ओर देखा– एक छोटी-सी बालकनी के पार कुछ फल के पेड़ दिखे और एक ख़ाली अलगनी। मुझे अच्छा लगा। सीढ़ी के नीचे से मैंने सुना, महिला पूछ रही थी, "तुमने क्या सोचा ?"

बाहरी बैठक में लौटकर मैंने अपनी सहमति जताई, तब उसने चमड़े का बटुआ मेज़ पर से उठाया, उसे खोला, अपनी उँगलियों से कुछ टटोला और पतले तार के छल्ले में लगी एक चाबी निकाली। उसने मुझे बताया, घर के पिछले हिस्से में एक रसोईघर है, जिसका रास्ता बैठक से होकर जाता है। स्टोव को इस्तेमाल करने की अनुमति थी लेकिन तभी तक मैं उसका इस्तेमाल कर सकता था जब तक यहाँ रहूँ। चादर और तौलिया भी दिया गया, लेकिन इन्हें साफ़ रखना मेरी अपनी ज़िम्मेदारी थी। किराया हर शुक्रवार की सुबह चुकाना था, जिसे पिआनो के पटरे पर रखना था। "और कोई महिला आगंतुक नहीं!"

"मैं शादीशुदा हूँ मैडम !" यह पहली बार था, जब मैंने इस तथ्य को किसी और को बताया हो।

लेकिन उसने सुना नहीं। "कोई महिला आगंतुक नहीं !" उसने अपना परिचय मिसेज़ क्रॉफ़्ट के रूप में दिया।

माला मेरी पत्नी का नाम था। मेरे बड़े भाई और उनकी पत्नी ने उससे मेरी शादी तय की थी। मैंने बिना किसी विरोध या उत्साह के इस प्रस्ताव का सम्मान किया। यह मेरा कर्तव्य था, जिसकी मुझसे आशा की जाती थी और यह सभी पुरुषों से अपेक्षित होता है। वह बेलेघाटा के एक स्कूल टीचर की बेटी थी। मुझे बताया गया कि वह खाना बना सकती है, सिलाई-कढ़ाई का सकती है, आल्पना आँक सकती है, और रवीन्द्रनाथ की कविताओं का पाठ कर सकती है। लेकिन ये सारी प्रतिभाएँ उसके साँवले रंग की कमी को पूरा नहीं कर सकती थीं। उसके सामने ही कई पुरुषों ने उसे नकार दिया था। उसकी उम्र सताईस साल की थी, ऐसी उम्र, जहाँ माता-पिता यह सोचने लगते हैं कि इसकी शादी कभी नहीं होगी। इसलिए उन्होंने अपनी अकेली संतान को सात समुन्दर पार

एक अनजान दुनिया में भेज दिया, ताकि वह आजन्म क्वाँरेपन के अभिशाप से बच जाए।

पाँच रातें हमने एक साथ बिस्तर पर काटीं। वह हर रात, कोल्ड क्रीम लगाती, अपने बाल को काले फ़ीते से गूँथती, उसका अंतिम सिरा कसकर बाँधती और मुझसे दूसरी ओर मुँह करके रोती। उसे अपने माता-पिता की याद सताती। हालाँकि कुछ ही दिन में मैं देश छोड़ने वाला था, लेकिन रिवाज के मुताबिक वह मेरी गृहस्थी का एक हिस्सा थी। अगले छह हफ़्ते तक उसे मेरे भाई और उनकी पत्नी के साथ रहना था, खाना बनाते हुए, सफ़ाई करते हुए मेहमानों का चाय और मिठाइयों से सत्कार करते हुए। मैंने उसे ढाढ़स भी नहीं बँधाया। मैं अपनी ओर बिस्तर पर लेटा-लेटा बत्ती में गाइडबुक पढ़ता रहता और अपनी भावी यात्रा के बारे में सोचता रहता। कुछ समय मैं दीवार की दूसरी तरफ़ उस छोटे-से कमरे के बारे में सोचता रहा था, जो कभी मेरी माँ का कमरा हुआ करता था। वास्तव में वह कमरा अब ख़ाली था; वहाँ एक लकड़ी की चौकी थी, जिस पर कभी वह सोया करती थी, उस पर आज बक्सों और बिस्तरों के ढेर थे। छह साल पहले जब मैं लंदन जाने वाला था, तब मैंने उसी बिस्तर पर उसे मरते हुए देखा था। और देखा कि अपने अंतिम दिनों में वह अपनी टट्टी से खेला करती थी। दाह संस्कार से पूर्व मैंने उसके नाख़ूनों को हेयरपिन से साफ़ किया था और तब मैंने बड़े बेटे की भूमिका निभायी। मेरे भाई से यह सब झेला नहीं जा रहा था। मैंने उसके कपाल से अग्निपुंज को छुआया ताकि उसकी पीड़ित आत्मा का स्वर्गारोहण हो सके।

अगली सुबह मैं मिसेज क्राफ़्ट के घर, उस कमरे में चला आया। मैंने दरवाज़ा खोला और देखा, वह पिआनो बेंच पर बैठी है, ठीक उसी जगह जहाँ, वह कल बैठीं थी। वह वही काली स्कर्ट पहने थी, वही कलफ़दार सफ़ेद क़मीज़ डाले और उनके हाथ वैसे ही उनकी गोद पर रखे थे। वह इतनी ज़्यादा वैसी ही दिख रही थी मानो उन्होंने सारी रात उसी बेंच पर बिता दी हो। मैंने सूटकेस को ऊपर सीढ़ियों पर रखा, रसोई से अपने फ़्लास्क में गरम पानी लिया और

काम के लिए निकल गया। उस शाम जब मैं यूनिवर्सिटी से घर लौटा, तब भी वह वहीं थीं।

"बैठ जाओ बच्चे!" उसने अपनी बग़ल की जगह को थपथपाया। मैं बेंच पर उसकी बग़ल में बैठ गया। मेरे पास खाने-पीने के सामान का एक पूरा थैला था-काफ़ी सारा दूध, ढेर सारे क़ार्नफ़्लैक्स और बेहिसाब केले। क्योंकि दिन की शुरूआत में जब मैंने रसोई देखी तब मैंने पाया कि वहाँ कोई खाली बरतन या पकाने का कोई समान नहीं पड़ा था। वहाँ रेफ्रिज़रेटर में केवल दो भगोने रखे थे, दोनों में संतरे का रस था और एक ताँबे की केतली थी, जो स्टोव पर रखी थी।

"नमस्ते, मैडम!"

उसने मुझसे पूछा कि क्या मैंने दरवाज़ा ठीक से बंद कर दिया था। मैंने बताया, हाँ, कर दिया।

कुछ समय के लिए वह मौन रही। फिर एकाएक, पहले वाली रात की तरह ही आश्चर्यमिश्रित खुशी से कहने लगी, "वहाँ चाँद पर अमेरिकन झंडा है, बच्चे!"

"हाँ, मैडम!"

"चाँद पर झंडा! क्या यह शानदार नहीं है ?"

मैंने सिर हिला दिया इस आशंका के साथ कि क्या होने वाला है।

"हाँ मैडम!"

"कहो कि शानदार है!"

इस बार मैं रुका, दोनों तरफ़ देखा कि कोई सुन तो नहीं रहा, जबकि मैं अच्छी तरह जानता था कि घर पूरी तरह ख़ाली है।

मुझे अपनी बेवकूफ़ी का एहसास हो रहा था। लेकिन यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं थी, जिसके बारे में पूछा जाए।

"शानदार !" मैं चिल्लाया।

कुछ ही दिनों में यह हमारी दिनचर्या हो गयी। सुबह में जब मैं पुस्तकालय के लिए निकलता तब मिसेज क्रॉफ़्ट या सीढ़ियों के दूसरी तरफ़

अपने कमरे में होती या रेडियो पर समाचार या शास्त्रीय संगीत सुनते बेंच पर बैठी हुई होती, मेरी उपस्थिति से बेख़बर। लेकिन हर शाम जब मैं लौटता वही बातें दोहराई जातीं– वो बेंच थपथपातीं, मुझे बैठने के लिए कहती, बताती कि चाँद पर झंडा है, और इसे शानदार घोषित करती। मैं भी कहता कि यह शानदार है। और तब हम चुपचाप बैठ जाते। अजीब-सी बात तो थी ही और मुझ पर भारी भी पड़ती थीं, लेकिन रात की यह मुलाक़ात दसेक मिनट की होती थी। निश्चित रूप से वो इसके बाद सो जाती होगी। जब उनका सिर उनके सीने की ओर बार-बार झुकने लगता, तब मैं अपने कमरे पर आ जाता। और तब तक निस्संदेह चाँद पर कोई झंडा नहीं होता था। मैंने अख़बार में पढ़ा कि उसे पृथ्वी पर वापस लौटने से पहले उतार लिया गया था। लेकिन मुझमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि यह बात मैं उनको बता सकूँ।

शुक्रवार की सुबह, जब मुझे अपने पहले हफ़्ते का किराया चुकाना था, मैं बैठक में पिआनो के फ़लक पर पैसा रखने गया। पिआनो की कुंजियाँ ज़र्द और बदरंग हो गयी थी। जब मैंने एक को दबाया, इससे कोई आवाज़ नहीं आयी। मैंने एक डॉलर के आठ नोट एक लिफ़ाफ़े में रखकर और उसके ऊपर मिसेज क्रॉफ्ट का नाम लिख दिया था। पैसों को चिन्हित किए और किसी को सुपुर्द किए बग़ैर ऐसे ही छोड़ देने की मेरी आदत नहीं थी। जहाँ मैं खड़ा था, वहाँ से उसके तंबू-जैसे स्कर्ट का पिछला हिस्सा दिख रहा था। वह बेंच पर बैठ कर रेडियो सुन रही थी। मुझे इसके लिए उसे पिआनो तक बुलाना अनावश्यक लग रहा था। मैंने कभी उसे चलते हुए नहीं देखा था और जिस तरह से चलने की छड़ी हमेशा उसके बगल के गोल टेबल के किनारे टिकी दिखती थी, मैं अनुमान लगा सकता था कि उसे इसमें बहुत कठिनाई होती होगी। जब मैं बेंच के पास गया, उसने मुझे घूरा और पूछा–

"तुम यहाँ क्या कर रहे हो ?"

"किराया है, मैडम !"

"उसे पिआनों के फ़लक पर रख दो।"

"ये यही हैं" -मैंने लिफ़ाफ़े को उनकी तरफ़ बढ़ाया, लेकिन उसकी उँगलियाँ, जिसे मोड़कर उसने एक साथ अपनी गोद में रखा हुआ था, नहीं हिलीं। मैं थोड़ा झुका और लिफ़ाफ़े को और नीचे किया, जो ठीक उनके हाथों से बस थोड़ा ही ऊपर था। कुछ क्षण बाद उसने इसे ले लिया और सहमति में अपना सिर हिलाया।

उस रात जब मैं घर लौटा, उन्होंने बेंच को नहीं थपथपाया। लेकिन आदतन मैं पहले की ही तरह उनकी बग़ल में बैठ गया। उसने मुझे दरवाज़े के बारे में पूछा, लेकिन चाँद के ऊपर के झंडे के बारे में कुछ नहीं कहा। उसके बदले कहा–

"इसके लिए तुम्हें धन्यवाद !"

"आपने कुछ कहा, मैडम ?"

"इसके लिए धन्यवाद !"

लिफ़ाफ़ा अभी भी उनके हाथ में ही था।

रविवार को मेरे दरवाज़े पर दस्तक हुई। एक बुज़ुर्ग महिला ने अपना परिचय दिया, वह हेलेन थी, मिसेज़ क्रॉफ्ट की बेटी। वह कमरे में आयी और चारों तरफ़ देखा कि क्या कुछ बदला है। वह मेरे टँगे हुए कपड़े, दरवाज़े के हत्थे से लटकी टाई, दराज़ के उपर कॉर्नफ़्लैक्स के डब्बे और बेसिन में पड़ी गंदी कटोरी चम्मच वगैरह को देख रही थी। वह छोटी और मोटी थी, उसके छोटे चमकीले बाल थे और उसने गुलाबी लिपस्टिक लगा रखी थीं। उसने गर्मी में पहने जाने वाले बिना बाँह वाले कपड़े डाल रखे थे, मोतियों की माला पहन रखी थी और उसका चश्मा उसकी छाती के ऊपर झूल रहा था। उसके पैर के पिछले हिस्सों की नीली नसें उभर आयीं थी और उसके ऊपरी बाँह फूले हुए एगप्लांट की तरह लटक रही थीं। उसने बताया कि वह आरलिंग्टन में रहती थी, जो मेसाच्युसेट्स एवेन्यू से आगे कुछ दूरी पर है।

"मैं हर हफ़्ते एक बार अपनी माँ के लिए खाने-पीने का सामान लेकर आती हूँ। उसने तुम्हें अब तक जाने के लिए नहीं कहा ?"

"ऐसा कुछ नहीं है, मैडम !"

"कुछ लड़के तो यहाँ से बेदम होकर भाग चुके हैं लेकिन मुझे लगता है कि वह तुम्हें चाहती है। तुम पहले ऐसे नौजवान हो जिसका उसने एक भद्रपुरुष के रूप में परिचय दिया।"

"ऐसा नहीं है, मैडम!"

उसने मेरी ख़ाली पैरों की तरफ़ देखा (मुझे घर के अंदर जूते पहनना बड़ा अजीब लगता है, मैं कमरे में आने से पहले हमेशा अपने जूते उतार दिया करता था।)

"तुम बोस्टन में नए हो?"

"मैं अमेरिका के लिए ही नया हूँ, मैडम !"

अपनी भौंह चढ़ाते हुए उसने पूछा, "कहाँ से हो ?"

"मैं कलकत्ता भारत से हूँ ।"

"सच ! एक साल पहले यहाँ एक ब्राजीलियन लड़का था। तुम पाओगे कि कैम्ब्रिज़ एक अंतर्राष्ट्रीय शहर है।"

मैंने सहमति में अपना सिर हिलाया और सोचने लगा कि हमारी बात-चीत और कितनी लंबी चलेगी।

लेकिन ठीक उसी समय सीढ़ियों से मिसेज क्रॉफ़्ट की तेज़ आवाज़ हम तक आई। हम गलियारे तक आए ही थे कि उनकी आवाज़ आई–

"तुम लोग तुरंत नीचे आओ!"

"क्या है ?" हेलेन भी चिल्लाई।

"तुरंत !"

मैंने जल्दी से अपने जूते डाले। हेलेन उसाँसे भर रही थी। हम सीढ़ियों से नीचे आ रहे थे। सीढ़ी इतनी सँकरी थी कि दोनों एक साथ नहीं आ सकते थे, इसलिए मैं हेलेन के पीछे था। हेलेन धीरे-धीरे उतर रही थी, उसने बताया कि उसके घुटने में तकलीफ़ है।

"क्या तुम बिना अपनी छड़ी के चल रही थीं ?" हेलेन चिल्लाई।

"तुम्हें पता है कि तुम्हें बिना छड़ी के नहीं चलना चाहिए।"

वह रुकी, अपने हाथ को सीढ़ियों के जँगले पर टिकाते हुए और मेरी ओर पलटते हुए कहा– "कभी-कभी वह फिसल जाती है।"

पहली बार मिसेज क्रॉफ़्ट मुझे असहाय लगी। मुझे लगा कि वह बेंच की बग़ल की फ़र्श पर चित लेटी हुई, छत को देख रही होगी, उसके दोनों पैर एक दूसरे से उल्टी दिशा में होंगे। लेकिन जब हम सीढ़ी से उतरे तब वह पहले जैसी ही बैठी थी, अपने हाथ को मोड़कर अपनी गोद में रखे हुए। सामानों से भरे दो थैले उसके पैरों के पास थे। जब हम उनके पास आए तो उसने बैठने के लिए बेंच नहीं थपथपायी और न ही बैठने को कहा। वह घूर रही थी।

"माँ, क्या बात है ?"

"यह ठीक नहीं है।"

"क्या ठीक नहीं है ?"

यह ठीक नहीं है, कोई महिला और पुरुष, जो एक दूसरे से विवाहित नहीं हो, अकेले में बात करें; और वह भी बिना किसी संरक्षिका के।"

हेलेन अड़सठ वर्ष की थी, मेरी माँ-जैसी। लेकिन मिसेज़ क्राफ़्ट का कहना था कि हेलेन और मुझे नीचे बैठक में ही बात-चीत करनी चाहिए। उसने यह भी कहा यह बात भी ठीक नहीं कि हेलेन-जैसी महिला अपनी उम्र बताए साथ ही, एड़ी से इतना ऊपर कपड़े पहनना यह भी ठीक नहीं है।

"माँ, तुम्हारी जानकारी के लिए बता दूँ, यह 1969 ई. है। तुम्हारा क्या होगा जब तुम घर से बाहर निकलो और ऐसी लड़की को देखो जिसने मिनी स्कर्ट पहनी हो।"

मिसेज क्राफ़्ट झुँझला कर बोली, "मैं उसे गिरफ़्तार करवा दूँगी।"

हेलेन ने अपना सिर हिलाया और सामान का एक थैला उठा लिया। मैंने दूसरे को उठाया, और उसके पीछे-पीछे बैठक से होते हुए रसोई तक आया। थैला सूप के कैन से भरा था, जिसे हेलेन ने एक-एक करके खोला। उसने सॉसपैन में पड़े बासी सूप को सिंक में उलट दिया, नल के नीचे पैन को धोया, नए कैन से सूप को उसमें भरा और वापस रेफ्रिज़रेटर में रख दिया। "कुछ साल पहले तक वह खुद ही कैन खोल लेती थी।" हेलेन ने कहा, "उसे बुरा लगता है

कि यह सव मैं उसके लिए करती हूँ। लेकिन पिआनो के चलते उसकी उँगलियाँ बेकार हो गयीं।" उसने अपना चश्मा पहन लिया और आलमारी की तरफ़ नज़र डाली। उसे मेरा टी-बैग दिख गया। "चाय के बारे में क्या ख़याल है?"

मैंने केतली को स्टोव पर चढ़ा दिया। "मैडम, आप पिआनो के बारे में कुछ कह रही थीं।"

"वह पिआनो सिखाया करती थी। चालीस सालों तक लगातार। पिता जी के मरने के बाद उसने हमें इसी तरह पाला।" हेलेन ने अपने कमर पर हाथ रख कर खुले रेफ्रिज़रेटर की तरफ़ देखा। अंदर झाँका, मक्खन का एक टुकड़ा काग़ज में आड़े तिरछे पड़ा था, उसे निकाला। देखकर मुँह बनाया और कूड़े में फेंक दिया। "यही करना चाहिए था उसने कहा, और सूप के अनखुले कैन को आलमारी में रख दिया। मैं टेबल पर बैठा हेलेन को देख रहा था– गंदे बरतन धोते, कूड़े ठिकाने लगाते, सिंक के ऊपर 'स्पाइडर प्लांट' में पानी डालते और उबले हुए पानी को दो कप में डालते। उसने एक मुझे बग़ैर दूध के (टी बैग का धागा बाहर हिल रहा था) दिया और टेबल पर बैठ गयी।

"माफ़ कीजिएगा, मैडम, लेकिन क्या यह ज़्यादा नहीं है ? हेलेन ने अपनी चाय की एक घूँट ली। उसकी लिपस्टीक से चाय के कप के अंदरूनी कोने पर मुस्कुराता हुआ एक गुलाबी धब्बा पड़ गया था।

"क्या ज़्यादा है?"

"पैन में जो सूप पड़ा है क्या यह मिसेज क्रॉफ़्ट के लिए ज़्यादा नहीं है ?"

"वह और कुछ नहीं खाती है। सौ साल पूरे होने पर उसने ठोस आहार लेना छोड़ दिया है। यह तीन साल पहले की बात है।"

मैं बिल्कुल ठगा-सा रह गया। मुझे लगा था मिसेज क्रॉफ़्ट अस्सी के आस-पास की होगी या ज़्यादा-से-ज़्यादा नब्बे की। मैं ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानता था, जिसने पूरे सौ साल पूरे किए हों और वह भी ऐसी विधवा महिला, जो अकेली रह रही थी, उस बात ने मुझे और भी चकित कर दिया। यह विधवा जीवन ही था, जिस कारण मेरी माँ पागल हुई थी। मेरे पिता की मृत्यु मस्तिष्क-शोथ से हुई थी। तब मैं सोलह साल का था। वे कलकत्ता के एक पोस्ट

ऑफिस में क्लर्क थे। उनके विना मेरी माँ का जीना मुश्किल हो गया। इस सदमे से उबरने की जगह दिनों-दिन उसकी हालत बद से बदतर होती चली गयी। उसे न तो मैं; न मेरा भाई, न मेरे रिश्तेदार, न मनोचिकित्सक और न ही रासबिहारी एवेन्यू स्थित क्लिनिक ही इससे बचा सके। उसे इस तरह से असहाय देखकर मुझे बड़ी तकलीफ़ होती थी। उसकी दिमाग़ी हालत ऐसी हो गयी थी कि दूसरों के सामने खाकर डकार लेने या लोगों के सामने उदर वायु छोड़ने में उसे ज़रा भी झिझक नहीं होती थी। मेरे पिता की मौत के बाद मेरे भाई ने पढ़ाई छोड़ दी और जूट के मिल में काम करना शुरू कर दिया ताकि घर-गृहस्थी चल सके। और मेरा काम था माँ के पास बैठना और परीक्षा के लिए पढ़ाई करना। वह अपनी बाँह के बाजूबंद को गिना करती थी, मानों वह जयमाला का मनका हो। हमारी कोशिश होती थी कि वो हमारी नजरों से दूर न हो। एक बार तो वो ट्राम डिपो में अधनंगी हालत में घूम रही थी, फिर हम घर वापस ले कर आए।

"मुझे मिसेज क्राफ़्ट के लिए शाम में सूप गर्म करने में खुशी होगी"– मैंने सुझाया। अपने प्याले से ही बैग निकाल कर निचोड़ते हुए कहा, "मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं है।"

हेलेन ने अपनी घड़ी देखी, उठी और अपनी बची-खुची चाय को सिंक में उड़ेल दिया। "मुझे परेशानी होती, अगर मैं तुम्हारी जगह होती। यही सारी चीज़े उसे मार सकतीं हैं।"

उस शाम, जब हेलेन वापस आरलिंग्टन चली गयी तब मिसेज क्रॉफ़्ट और मैं फिर से अकेले हो गए। मुझे चिंता होने लगी। अब मुझे यह पता चल गया था कि वह कितनी बूढ़ी है। मुझे चिंता होने लगी कि बीच रात में था जब मैं दिन में बाहर होऊँ, उसे कुछ हो न जाए। चाहे उसकी आवाज़ कितनी भी कड़क हो, या फिर चाहे वह कितनी ही रोबदार दिखती हो, मुझे पता था कि एक छोटी-सी खरोंच उसकी जान ले सकता था। उसके जीवन का एक-एक दिन एक चमत्कार की तरह था। हालाँकि हेलेन का व्यवहार काफ़ी दोस्ताना था, लेकिन कहीं-न-कहीं मुझे ऐसा लगता था अगर उसे (मिसेज़ क्रॉफ्ट को) कुछ हो हवा गया, तब उसे ऐसा न लगे कि यह सब मेरी लापरवाही के कारण हुआ हो। लेकिन हेलेन

चिंतित नहीं दिखती थी। वह एक के बाद एक हर रविवार को आती रही और मिसेज क्रॉफ़्ट के लिए सूप लाती रही।

इस तरह से वे छह हफ़्ते गुज़र गए। पुस्तकालय के काम के बाद मैं हर शाम घर लौटता, कुछ देर मिसेज़ क्रॉफ़्ट के साथ बैठता, उसका साथ देता उसे भरोसा दिलाता कि मैंने दरवाज़ा देख लिया है। मैं बताता कि चाँद पर झंडे का होना अपने आप में बड़ा शानदार था। एक शाम मैं उसके सो जाने के बाद भी काफ़ी देर तक वहीं बैठा रहा, इस बात पर हैरान होते हुए कि इस सरज़मीन पर उसने कितने साल बिता दिए। कभी-कभी मैं सोचता उस 1866 की दुनिया के बारे में जिसमें उसने जन्म लिया था - एक ऐसी दुनिया, जिसमें औरतें काली लंबी स्कर्ट पहनती होगी, वहाँ बैठक में वह सलीक़ेदार तरीक़े से बात-चीत करती होगी। अब, जब मैं उन गाँठदार उँगलियों, जिसे वह मोड़कर अपनी गोद में रखी होती; को देखकर सोचता कभी वे नर्म और मुलायम रही होंगी, पिआनो की पटरियों पर फिरती हुई। कभी-कभार सोने से पहले मैं नीचे आकर देख लिया करता कि वह बेंच पर ठीक से बैठी है या अपने सोने के कमरे में सुरक्षित तो है।

हर शुक्रवार को, मैं याद से किराया दे दिया करता। इन छोटी-छोटी बातों के अलावा मैं और कर ही क्या खातिर सकता था। मैं उसका बेटा नहीं था, आठ डॉलर के अलावा, मेरा कुछ और उससे नाता नहीं था।

अगस्त के अंत में माला का पासपोर्ट और ग्रीन कार्ड तैयार हो गया था। उसके उड़ान के बारे में मुझे टेलिग्राम से ख़बर मिली; कलकत्ते में मेरे भाई के घर पर टेलिफ़ोन नहीं था। लगभग उसी समय मुझे उसकी चिट्ठी मिली, जो हमारे अलग होने के कुछ ही दिन बाद लिखी गयी थी। इसमें कोई अभिवादन नहीं था; सीधे मेरे नाम से थी, जो ऐसी अंतरंगता जता रही थी जो अब तक शायद हम दोनों के बीच नहीं थी। इसमें केवल कुछ पंक्तियाँ थीं। "मैं सफ़र के लिए तैयार होने के लिए अंग्रेज़ी में लिख रही हूँ। यहाँ मुझे बहुत अकेलापन लग रहा है। क्या वहाँ बहुत सर्दी है। बर्फ़ भी पड़ती है– तुम्हारी माला।"

TH-14321
Library

TH/Hin
891.4308
K9606 Ma
TH14321

चिट्ठी पढ़कर मुझे कोई अनुभूति नहीं हुई। हमलोगों ने एक साथ कुछ गिने-चुने दिन ही गुज़ारे थे। फिर भी हम लोग एक दूसरे के हो गए थे। छह हफ़्ते तक उसने अपनी कलाई में लोहे की चूड़ी पहनी थी, अपनी माँग में सिंदूर डाला था, दुनिया को यह बताने के लिए कि अब वह किसी की दुल्हन है।

उन छह हफ़्तों में मैंने उसके आने का इस तरह से इंतज़ार किया जैसे आने वाले महीने का करते हैं या आने वाले मौसम की तरह कुछ ऐसा, जो अनिवार्य था। लेकिन कभी-कभी यह बेकार लगता था। मैं उसे इतना कम जानता था, जब मैं उसके चेहरे को याद करता था, तब उसका पूरा चेहरा मेरी कल्पना में नहीं आ पाता था।

उसकी चिट्ठी मिलने के कुछ दिनों बाद, जब सुबह में मैं काम के लिए जा रहा था, तब मैंने मेसाच्युसेंट्स एवेन्यू की दूसरी तरफ़ एक भारतीय महिला को देखा, जिसकी साड़ी का ऑचल फुटपाथ पर लगभग लोट रहा था। वह अपने बच्चे को हाथगाड़ी में ले जा रही थी। एक अमेरिकन महिला उसकी बग़ल में काले पट्टे से बँधे अपने काले पिल्ले के साथ टहल रही थी। अचानक वह पिल्ला भौंकने लगा। मैंने सड़क की दूसरी तरफ़ देखा कि वह भारतीय महिला एकाएक चौंककर अपनी जगह पर खड़ी हो गयी। उस काले पिल्ले ने उछलकर उसके साड़ी के आँचल को दाँतों से पकड़ लिया था। अमेरिकन महिला ने कुत्ते को डपटा, माफी माँगी और तेज़ी से निकल गयी; उस भारतीय महिला को बीच सड़क पर अपनी साड़ी संभालते और बच्चे को चुप कराते हुए छोड़कर। उसने मुझ पर ध्यान नहीं दिया, और बाद में अपने रास्ते चल दी। उस सुबह मुझे ऐसा लगा कि इस तरह की दुर्घटना, जल्द ही मेरे लिए चिंता का विषय बननेवाली है। माला का ध्यान रखना मेरी ज़िम्मेदारी थी। उसकी अगुवानी करना, उसकी हिफाज़त करना भी। मुझे उसके लिए बर्फ़ वाले नए बूट सर्दी के लिए बनवा लेने थे। उसे यह समझाना था कि किस राह पर वह न चले, यातायात के नियम क्या हैं, कि कैसे वह साड़ी पहने कि जिससे उसका सिरा सड़क पर न घिसटे। कभी-कभी यह सोच कर अजीब लगता है कि कैसे अपने माँ-बाप से महज़ पाँच मील की दूरी ही उसके रोने-धोने के लिए काफ़ी थी।

माला के विपरीत, मुझे अब तक यहाँ हर चीज़ की आदत हो गयी थी कार्नफ़्लेक्स और दूध की आदत, हेलेन की आ धमकने की आदत, मिसेज़ क्रॉफ़्ट के साथ बेंच पर बैठने की आदत। जिस चीज़ की मुझे आदत नहीं पड़ी थी वह थी माला। फिर भी मैने वही किया जो मुझे करना था। मैं एम.आई.टी. के हाउसिंग ऑफिस में गया और वहीं थोड़ी दूरी पर मुझे एक तैयार अपार्टमेंट मिल गया, जिसमें एक डबल बेड कमरा, एक रसोई और एक निजी स्नानघर था, जिसका किराया था चालीस डॉलर प्रति सप्ताह। उस आखिरी शुक्रवार को मैंने लिफ़ाफ़े में आठ डालर डालकर मिसेज क्रॉफ़्ट को थमाया, अपना सूटकेस नीचे ले आया और उसे बताया कि मैं जा रहा हूँ। अंतिम बात जो उसने मुझसे कही वह यह कि मैं टेबल से टिकी उनकी छड़ी, उसे दे दूँ, ताकि वह दरवाज़े तक चल सके और मेरे जाने के बाद दरवाज़ा बंद कर सके। "तब, विदा"– उसने कहा और घर के अंदर लौट गयीं। मुझे किसी भावुकता की उम्मीद नहीं थी। लेकिन साथ में मुझे निराशा भी हुई। मैं एकमात्र ऐसा आगंतुक था जिसने उसे कुछ पैसे दिए और छह हफ़्ते उनके घर पर गुज़ारे। एक पूरी सदी के अनुपात में यह समय कुछ भी नहीं था।

एयरपोर्ट पर मैं माला को तुरंत पहचान गया। उसकी साड़ी का आँचल ज़मीन पर नहीं लेट रहा था। उसका आँचल उसके सिर के उपर था, दुल्हन की तरह घूँघट काढ़े। मेरी माँ भी सिर पर आँचल लेती थी, जब तक मेरे पिता जीवित थे। उसकी पतली भूरी बाँह पर सोने के बाजूबंद सज्जित थे, उसके माथे पर छोटी-सी लाल बिन्दी थी और उसके पैरों के किनारे पर लाल आलता लगा हुआ था। मैंने न तो उसे गले लगाया, न चूमा और न ही उसके हाथ को अपने हाथ में लिया। इसके बदले मैंने उससे अमेरिका में पहली बार बांग्ला में बोलते हुए पूछा कि वह भूखी तो नहीं है।

पहले वह सकुचाई, फिर हाँ में सिर हिलाया।

मैंने उसे बताया कि मैंने घर पर थोड़ी-सी अंडा करी बना रखी है।

"हवाई जहाज़ में खाने को क्या मिला था ?"

"मैंने नहीं खाया।"

"कलकत्ते से यहाँ तक कुछ भी नहीं ?"

"मेनू में बैल की पूँछ का शोरबा था।"

"लेकिन और भी चीज़ें होंगी।"

"बैल की पूँछ खाने के ख़याल से ही मेरी भूख मर गयी।"

जब हम घर पहुँचे, माला ने अपना सूटकेस खोला और उसने मुझे दो पुलोवर दिए, जिसे उसने पिछले छह हफ़्तों में तैयार किया था। दोनों चटक नीले रंग के थे, एक 'वी' आकार गले का दूसरा धागे से कढ़ा हुआ। मैंने पहन कर देखा, दोनों की बाँह नीचे से तंग थी। वह मेरे लिए दो नए डोरियों वाले पायजामे, भाई की चिट्ठी और दार्जलिंग की खुली चाय का पैकेट लायी थी। मेरे पास सिवाय उस अंडा करी के उसे देने के लिए कुछ नहीं था। हम लोग एक नंगी टेबल पर बैठे, दोनों अपने प्लेटों को घूरते हुए। हमने अपने हाथों से खाना खाया, यह दूसरी चीज़ थी, जिसे अभी तक मैंने अमेरिका में नहीं किया था। "अच्छा घर है"– उसने कहा "और अंडा करी भी।" बाएँ हाथ से उसने साड़ी को ठीक किया ताकि उसके सिर से पल्लू न गिर जाए।

"मुझे बहुत ज़्यादा कुछ बनाना नहीं आता।" मैंने बताया।

उसने सिर हिलाया, खाने से पहले आलू के छिलके उतारते हुए। एक बार उसका पल्लू कंधे पर सरक आया। उसने तुरंत उसे ठीक किया।

"यहाँ सर ढँकने की ज़रूरत नहीं है," मैंने कहा- "इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता, फ़िक्र मत करो।"

लेकिन उस पर कोई असर नहीं हुआ।

उसके होने का मुझे अहसास हो, इसका मैं इंतज़ार करता रहा, अपनी बग़ल में, टेबल पर, अपने बिस्तर पर, लेकिन हफ़्ते भर बाद भी हम अजनबी ही बने रहे। मुझे अब तक इसकी आदत नहीं हुई थी कि घर आने पर भात की सोंधी खुशबू मिले, बाथरूम में बेसिन हमेशा चमकता मिले, टूथब्रश अपनी जगह पर, साबुनदानी पर रखा पीयर्स साबुन (जो भारत से लाया गया था)। मुझे इसकी भी आदत नहीं थी– उसके सिर पर लगाए हुए नारियल तेल की ख़ुशबू की, जिसे वह हर दूसरे दिन अपने सिर पर डालकर घिसा करती या फिर घर

में चलते समय उसके पायल के मधुर खन-खन की हर सुबह वह हमेशा मुझसे पहले उठ जाती थी। पहली सुबह जब मैं रसोई में आया तब वह बचा हुआ चावल गरम कर प्लेट में नमक के साथ परोस रही थी, यह सोचते हुए कि मैं सुबह के नाश्ते में चावल खा लूँगा। जैसा कि आम बंगाली पति करते है। मैंने उसे बताया सुबह-सुबह अनाज भारी करता है। अगली सुबह जब मैं रसोई में आया तब मेरे कटोरे में उसने कॉर्नफ़्लैक्स डाल रखा था। एक सुबह वह मेरे साथ मेसाच्युसेट्स एवेन्यू से एम.आई.टी. तक गयी, मैंने उसे थोड़ी देर कैम्पस में घुमाया। रास्ते में हमलोग हार्डवेयर की दुकान पर रुके, दूसरी चाबी बनवाई, ताकि उसे सुविधा रहे। दूसरी सुबह जब मैं काम के लिए निकल रहा था तब उसने मुझसे कुछ डॉलर्स माँगे। मैंने अनमने मन से उसे दे दिया, लेकिन मुझे पता था कि अब यह सामान्य बात थी। जब मैं काम के बाद घर लौटा तब मैंने देखा रसोई के दराज में आलू छीलनी पड़ी थी, टेबल के ऊपर टेबल क्लॉथ पड़ा था। स्टोव के ऊपर लहसुन और अदरख की खुशबू वाली चिकन करी रखी थी।

उन दिनों हमारे पास टेलिविज़न नहीं हुआ करता था। रात में खाना खाने के बाद मैं अख़बार पढ़ता और माला वहीं पर बैठकर या तो अपने लिए कार्डिगन बुनती या घर के लिए चिट्ठियाँ लिखती।

अपने पहले सप्ताहांत पर, शुक्रवार को, मैंने कहीं बाहर घूमने का प्रस्ताव रखा। माला अपनी बुनाई छोड़कर बाथरूम में ग़ायब हो गयी। जब वह तैयार होकर बाहर आई तब मुझे खीझ हुई, कि मैंने ऐसी बात क्यों छेड़ी। उसने सिल्क की साड़ी पहन रखी थी और ऊपर से और भी चूड़ियाँ डाल ली थी। सिर पर बालों को वेणी की तरह गूँथकर दोनों तरफ़ फुग्गा-सा काढ़ रखा था। वह ऐसे सजी थी मानो किसी पार्टी में जाना हो या कम-से-कम सिनेमा जाना हो। जबकि मेरे दिमाग़ में ऐसी कोई जगह नहीं थी। शाम सुहावनी थी। हम मेसाच्युसेट्स एवेन्यू पर दुकानों और रेस्तराओं को देखते हुए काफ़ी आगे निकल गए। तब, अनायास ही, मैं उसे उन गलियों में ले आया, जहाँ कई बार रातों में मैं अकेला घूमा करता था।

मैंने मिसेज क्रॉफ़्ट के घर की बाड़ पर रुकते हुए कहा, "तुम्हारे आने से पहले मैं यहीं रहा करता था।"

"इतने बड़े घर में ?"

"इस घर के पिछवाड़े में, ऊपर मेरा छोटा-सा कमरा था।"

"यहाँ और कौन रहता है ?"

"एक बेहद बूढ़ी महिला।"

"अपने परिवार के साथ ?"

"नहीं, अकेले।"

"तब उनका ख़याल कौन रखता है ?"

मैंने गेट खेलते हुए कहा, "ज़्यादातर वह खुद ही अपना ख़याल रखती थी।"

मुझे डर था कि मिसेज क्रॉफ़्ट कहीं मुझे भूल न गयी हो। मुझे आश्चर्य होता अगर कोई नया किरायेदार वहाँ होता, जो उनके साथ शाम में बैठा करता। जब मैंने घंटी बजायी तब मुझे लगा कि दरवाजा खुलने में कुछ समय लगेगा। क्योंकि पहली बार ऐसा ही हुआ था, जब मेरे पास चाबी नहीं थी। लेकिन इस बार दरवाज़ा बहुत जल्दी खुल गया, क्योंकि दरवाज़े पर हेलेन थी। मिसेज़ क्रॉफ़्ट उस बेंच पर नहीं बैठीं थीं। बेंच वहाँ था ही नहीं।

"हलो, कैसे हो?" हेलेन ने कहा, गुलाबी लिपस्टिक लगाए हुए माला की ओर देखकर मुस्कुराते हुए। "माँ बैठक में है। तुम थोड़ी देर रुकोगे न ?"

"जैसा आप कहें मैडम!"

"अगर तुम बुरा न मानो तो मैं जल्दी से स्टोर हो आऊँ। माँ के साथ एक छोटी-सी दुर्घटना घट गयी है। इन दिनों हम उसे अकेला नहीं छोड़ सकते, एक मिनट के लिए भी नहीं।"

हेलेन के जाने के बाद मैंने दरवाज़ा बंद किया और बैठक आ गया। मिसेज़ क्राफ़्ट पीठ के बल लेटी हुई थीं। उनके सिर के नीचे तकिया था और शरीर पर हल्की सफ़ेद कम्बल। उन्होंने अपनी छाती पर अपने हाथ मोड़कर रखे थे। जब उन्होंने मुझे देखा तब मुझे सोफ़े की तरफ़ इशारा किया और मुझसे

बैठने को कहा। मुझसे जहाँ कहा गया, वहाँ मैं बैठ गया लेकिन माला पिआनो के पास घूम रही थी और बेंच पर बैठ गयी। बेंच अब वहाँ था, जहाँ उसे होना चाहिए था।

"मेरे कूल्हे की हड्डी टूट गयी।" मिसेज क्रॉफ़्ट ने बताया, जैसे अभी-अभी टूटी हो।

"अरे रे... यह क्या मैडम !"

"मैं बेंच से गिर गयी।"

"बड़े अफसोस की बात है मैडम !"

"यह सब आधी रात को हुआ! जानते हो बच्चे मैंने क्या किया ?"

मैंने सिर हिला दिया।

"मैंने पुलिस को बुलाया।"

उसकी निगाह छत पर टँग गयी और अपने पूरे भूरे दाँत बाहर निकाल कर धीरे से खीसें निपोर दी। सारे दाँत अपनी जगह पर थे। "तुम्हारा क्या कहना है बच्चे ?"

मैं अवाक् रह गया, मुझे पता था कि मुझे क्या कहना चाहिए था। बिना किसी संकोच के, मैं चिल्लाया "ओह शानदार !"

तब माला हँसी। उसकी हँसी उन्मुक्त और हृदय से निकली थी। मैंने उससे पहले उसकी हँसी नहीं सुनी थी और वह इतनी ज़ोर से हँसी कि मिसेज क्रॉफ़्ट ने भी सुना। वह माला की तरफ़ घूमी और घूर कर देखा।

"बच्चे, यह कौन है ?"

"यह मेरी पत्नी है मैडम!"

मिसेज क्रॉफ़्ट ने अपने सिर को तकिए पर कुछ इस तरह घुमाया कि वह उसे ठीक से देख सके! "तुम्हें पिआनो बजाना आता है ?"

"नहीं, मैडम", माला ने जवाब दिया।

"खड़ी हो जाओ !"

माला अपनी पैरों पर खड़ी हो गयी, अपने सिर के पल्लू को ठीक करते हुए। उसके यहाँ आने के बाद, पहली बार मुझे उसके प्रति सहानुभूति हुई मुझे

अपने लंदन के शुरूआती दिन याद आए कि कैसे मैंने रसेल स्क्वायर तक के लिए ट्यूब लेना सीखा था, और पहली बार एस्केलेटर पर चढ़ना जाना था। तब मेरी समझ में नहीं आया था कि वहाँ के लोग 'पेपर' को 'पीपर' कहते हैं। मुझे इस बात को समझने में पूरा एक साल लगाया था कि जब ट्रेन एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के लिए रवाना होती थी, तब कंडक्टर के 'माइंड द गैप' कहने का क्या मतलब था। मेरी ही तरह, माला भी अपने घर से इतनी दूर चली आयी है, यह बिना जाने कि वह कहाँ जा रही है, उसे क्या मिलेगा, किसी और कारण से नहीं बस इसलिए कि वह मेरी पत्नी है। वैसे तो यह अजीब लगता है कि इसकी मौत कभी मुझे प्रभावित करेगी, और यह भी अजीब है, कि मेरी मौत भी उसे प्रभावित करेगी। मैं किसी तरह यह सब मिसेज क्रॉफ़्ट को बताना चाहता हूँ जो अभी तक माला को सिर से पैर तक निहार रही थी। मुझे लगता है मिसेज़ क्रॉफ्ट ने शायद ही ऐसी महिला को देखा हो जो साड़ी पहने, सिर पर बिंदी लगाए, कलाइयों में ढेर सारे कंगन पहने हो। मुझे लग रहा था कि उसे यह सब पसंद नहीं आएगा। मुझे लगा कि अगर वह माला के पैरों में आलता लगा देख पाती तो उसे क्या लगता! अभी भी वह फीका नहीं पड़ा था और साड़ी की किनारी से ढँका था। अंत में मिसेज क्रॉफ्ट ने घोषित किया, हैरानीभरी ख़ुशी के साथ, जिससे मैं परिचित था–

"यह पूरे तौर पर महिला है !"

इस बार मैं हँस पड़ा लेकिन इतने धीरे से कि मिसेज क्रॉफ़्ट ने नहीं सुना। लेकिन माला ने सुना, और पहली बार हमने एक दूसरे को देखा और मुस्कुरा पड़े।

मुझे यह याद करना अच्छा लगता कि यह मिसेज़ क्रॉफ़्ट के बैठक का वही क्षण था जब मेरे और माला के बीच की दूरियाँ कम होती शुरू हो गयीं थीं। हालाँकि हम दोनों अब भी पूरी तरह प्यार में नहीं बँधे थे, लेकिन आगे के महीने हमारे लिए हनीमून जैसे थे। हम साथ-साथ शहर घूमते उन दूसरे बंगालियों से मिले, जो आज भी हमारे दोस्त हैं। हमने यह पाया कि प्रॉस्पेक्ट स्ट्रीट पर बिल नाम का आदमी ताज़ी मछलियाँ बेचता है और हार्वर्ड स्क्वायर की एक दुकान

'कारडूलो'स' पर मसाले और देशी सब्ज़ियाँ मिलती हैं। शाम में हम लोग चार्ल्स नदी में नाव को खेते हुए देखते या हार्वर्ड यार्ड पर आइसक्रीम खाते। हमने एककैमरा ख़रीदा ताकि अपने जीवन के यादगार पलों को उसमें क़ैद कर सकें। मैंने प्रूडेन्सियल बिल्डिंग के बाहर उसकी तस्वीर ली, जिसे वह अपने माता-पिता के पास भिजवा सके।

रात में हमने एक दूसरे का चुंबन लिया, पहले वह शरमाई फिर सहज हो गयी। एक दूसरे की बाँहों में आनंदित होते हुए और सुकून पाते हुए, मैंने उसे 'एस.एस. रोमा' की यात्रा के बारे में बताया, फिर फिन्सबरी पार्क और वाई.एम.सी. ए. के बारे में; साथ ही, मिसेज क्रॉफ़्ट के साथ बिताई गई शामों के बारे में। जब मैंने उसे अपनी माँ की कहानी बताई, तब वह खूब रोई। यह माला ही थी जिसने मुझे ढाढ़स बँधाया, जब मैंने 'ग्लोब' पलटते हुए मिसेज़ क्रॉफ़्ट के निधन का शोक संदेश देखा। मैंने कई महीनों से उसके बारे में सोचा भी नहीं था - गर्मी के वे छह सप्ताह मेरे लिए अब काफ़ी दूर की बात हो गई थी लेकिन उसकी मौत से मैं हिल गया था। इतना अधिक कि जब माला ने स्वेटर बुनते हुए सिर उठाकर जब मेरी तरफ़ देखा तब मैं दीवार पर नज़र गड़ाए हुए था - अख़बार मेरी गोद पर वैसे ही पड़ा हुआ था, ख़ामोश। यह मिसेज़ क्राफ़्ट की मृत्यु थी, जिसका शोक मुझे अमेरिका में पहली बार हुआ था। यह पहली ज़िन्दगी थी जिसे मैं सराहता रहा था। अंत में उसने इस प्राचीन और अकेली दुनिया को छोड़ दिया, जो दोबारा नहीं लौटने वाली।

जहाँ तक मेरी बात है, मैं इससे ज़्यादा नहीं जा पाया। माला और मैं बोस्टन से करीब बीस मील दूर एक ऐसे शहर में रहे, जिसकी सड़क पर लगे पेड़ मिसेज क्रॉफ्ट के घर का एहसास जगाते थे। यह हमारा घर था। इसमें लगी फुलवारी से गर्मियों में हम टमाटर ख़रीदने से बच जाते थे, और इसमें मेहमानों के लिए भी जगह थी। अब हम अमेरिकी नागरिक थे। इसलिए हम वहाँ पर वक़्त पड़ने पर सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएँ भी पा सकते थे। हालाँकि हम हर दूसरे तीसरे वर्ष कलकत्ता जाते रहे थे, वहाँ से पायजामे और दार्जलिंग चाय लाते रहे, लेकिन हमने अपना जीवन यहीं बिताने की सोची। मैं एक छोटे से

कॉलेज के पुस्तकालय में काम करता था। हमारा लड़का अब हार्वर्ड में पढ़ रहा था। माला अब अपने सिर पर पल्लू नहीं रखती थी और न ही अपनी माता-पिता की याद में रात में रोती थी, लेकिन कभी-कभी वह हमारे बेटे के लिए ज़रूर रोती थी।

तब हम उसे मिलने कैम्ब्रिज़ जाते, या सप्ताहांत पर उसे घर ले आते, जिससे वह हमारे साथ बैठकर अपने हाथों से चावल खा सके और बांग्ला में बात कर सके। यह ऐसी चीज़ थी जिसके बारे में हम चिंतित थे कि हमारी मृत्यु के बाद वह शायद ही ऐसा करे।

हम जब भी उस रास्ते जाते, तब ट्रैफ़िक होने के बावजूद हम मेसाच्यूसेट्स एवेन्यू से होकर गुज़रते। अब मैं मकानों को शायद ही पहचान पाता था, लेकिन हर बार मुझ उन छह हफ़्तों की याद आती थी, जैसे वह कल ही की बात हो। मैं मिसेज क्रॉफ़्ट की सड़क के कोने पर गाड़ी धीरे कर देता, अपने बेटे को बताता कि यह अमेरिका में मेरा पहला घर था, जहाँ मैं ऐसी महिला के साथ रहता था जिसकी उम्र 103 वर्ष की थी। "याद है– माला कहती और मुस्कुराती। मुझे आश्चर्य होता, कभी ऐसा भी था जब हम एक दूसरे के लिए अजनबी थे। मेरे बेटे को आश्चर्य होता, मिसेज क्रॉफ़्ट की उम्र के लिए नहीं, इसके लिए कि मुझे कितना कम किराया देना पड़ता था। यह उसके लिए उतना ही अविश्वसनीय था जितना कि 1866 में जन्मी एक महिला के लिए चाँद पर झंडा। मैं अपने बेटे की आँखों में उसी आत्मविश्वास की चमक देखता, जिसने मुझे पहली बार दुनिया के इस छोर तक पहुँचाया। अगले कुछ वर्षों में वह ग्रेजुएट हो जाएगा और अपनी मंजिल ढूँढ़ेगा, अकेले और असुरक्षित। लेकिन मुझे याद आया कि उसका पिता अभी ज़िंदा है माँ भी ख़ुश और सही सलामत है। अगर तब भी वह कमज़ोर पड़ेगा, मैं उसे बताऊँगा कि जब मैंने तीन महादेशों से पार पा लिया, तब उसके रास्ते में कोई बाधा ही नहीं है। जहाँ अंतरिक्ष यात्री चाँद पर महज़ कुछ घंटे बिता कर लोकनायक बन जाते हैं, मैं इस नयी दुनिया में तक़रीबन तीस साल गुज़ार चुका हूँ। मैं जानता हूँ कि मेरी यह उपलब्धि बहुत साधारण है। केवल मैं ही ऐसा नहीं हूँ जो अपनी तकदीर

आज़माने घर से इतनी दूर निकला हो और ऐसा करनेवाला मैं कोई पहला आदमी भी नहीं हूँ। फिर भी, मुझे हर वह मील, जिस पर मैं चलता रहा हूँ, हर वह खाना, जो मैं खाता हूँ, हर वह आदमी, जिसे मैं जानता हूँ, हर वह कमरा, जहाँ कभी सोया था, मुझे चकित करता है। भले ही यह कितना भी मामूली लगे, लेकिन किसी समय यह सब मेरी कल्पना से परे था।

अध्याय : तीन

मिसेज़ सेन की कहानी

सितम्बर में स्कूल खुलने के बाद, एलियट मिसेज़ सेन के पास लगभग एक महीने से जा रहा था। एक साल पहले उसकी देखभाल एब्बी नाम की युनिवर्सिटी की एक छात्रा कर रही थी। एक छरहरी-सी लड़की जो हमेशा ऐसी किताबें पढ़ा करती जिनके ऊपर कोई तस्वीर नहीं होती। उसकी त्वचा पर हल्के भूरे निशान थे और उसने एलियट के लिए ऐसा कोई भी खाना बनाने से मना कर दिया था, जिसमें मांस का इस्तेमाल हो। इससे पहले जब भी वह घर वापस आता एक बुजुर्ग महिला, मिसेज़ लिंडन, हर दोपहर उसका स्वागत किया करती। वह थर्मस की कॉफ़ी की चुस्की लगा रही होती, क्रॉसवर्ड की गुत्थियाँ सुझला रही होती और एलियट खुद अपने खेल में मगन होता। एब्बी को डिग्री मिली और वह दूसरी युनिवर्सिटी में दाख़िले के लिए चली गई और मिसेज़ लिंडेन की छुट्टी तब हुई जब एलियट की माँ को यह पता चला कि मिसेज़ लिंडेन के थर्मस में कॉफ़ी कम, ह्विस्की ज़्यादा होती थी। मिसेज़ सेन का आना यूँ हुआ था। सुपर मार्केट के बाहर इंडेक्स कार्ड पर एक सूचना साफ़-सुथरे और सजीले शब्दों में लगी थी– "एक प्रोफ़ेसर की पत्नी, ज़िम्मेदार और उदार, मैं आपके बच्चे की देख-भाल अपने घर पर करूँगी।" टेलीफ़ोन पर एलियट की माँ ने मिसेज़ सेन को बताया कि पहले की बेबी-सिटर (बच्चे का ख़याल रखनेवाली) उनके घर आया करती थीं। "एलियट ग्यारह साल का है। वह खुद खा सकता है और अपना जी बहला सकता है। मैं चाहती हूँ कि घर में कोई बुजुर्ग हो, अगर एकाएक कुछ हो जाए तो उससे निपटने के लिए। लेकिन मिसेज़ सेन को गाड़ी चलाना नहीं आता था।

"आप देख सकते हैं, हमारा घर बिल्कुल साफ़-सुथरा है, एक बच्चे के लिए बिल्कुल सुरक्षित।" मिसेज़ सेन ने उनसे अपनी मुलाक़ात में कहा था। यह एक युनिवर्सिटी का अपार्टमेंट था, कैम्पस के एक छोर पर।

लॉबी में पीले-भूरे रंग की अनाकर्षक टाइल्स लगी थीं, एक क़तार में उजले लेबल या ढक्कन वाले टेप लगे मेल बॉक्स लगे थे। अंदर में, आडू के

रंग की झालरदार क़ालीन थी जिसके उपर 'वैक्यूम क्लीनर' के इस्तेमाल की छाप नज़र आ रही थी। दूसरी क़ालीनों के अनमेल बचे हुए टुकड़े, सोफ़ा और कुर्सी के आगे रखे थे, पा पोश जैसे, शायद यह सोच कर कि किसी के पैर ज़मीन को न छुए। सोफे के बगल में ड्रम के आकार का उजला लैंपशेड था, जिसपर अभी भी निर्मातावाली प्लास्टिक लिपटी थी। टी.वी. और टेलिफ़ोन पीले रंग के गोटे लगे कपड़े के टुकड़े से, ढँके थे। मग के साथ भूरे रंग के पॉट में चाय पड़ी थी और ट्रे में बटर-बिस्किट। मिस्टर सेन नाटे, मज़बूत काठी के व्यक्ति थे जिनकी आँखें थोड़ी बोझिल थीं और उन पर काला चौकोर चश्मा लगा रहता था। उन्होंने अपने पैरों को थोड़ा ज़ोर लगा कर एक-दूसरे पर चढ़ा रखा था। उन्होंने अपने मग को अपने मुँह के पास-दोनों हाथों से पकड़ रखा था, हालाँकि वे इसे पी नहीं रहे थे, तब भी। मिस्टर सेन और मिसेज़ सेन, दोनों ही ने जूते नहीं पहने थे। एलियट का ध्यान बाहर के दरवाज़े के पास गया, जहाँ छोटे से रैक पर कई जोड़ियाँ क़तार में लगी थीं। उन्होंने 'फ्लिप-फ्लॉप्स' पहन रखे थे। "मिस्टर सेन युनिवर्सिटी में गणित पढ़ाते हैं। मिसेज़ सेन ने परिचय कराने के तौर पर कहा, मानो वे केवल दूर-दराज के परिचित हों।

उसकी उम्र लगभग तीस वर्ष थी। उसके दाँतों के बीच एक छोटा-सा फाँक था और उसकी ठुढ्ढी पर हल्का-सा गड्ढा। जबकि उसकी आँखें सुंदर थीं। मोटी उभरी हुई भौंहें और पलकों में पनियाली चमक। उसने चमकदार सफ़ेद साड़ी पहन रखी थी, जिस पर नारंगी रंग के पंख की आकृति के डिज़ाइन बने थे। यह किसी शाम की पार्टी के लिए ज़्यादा फ़बतीं बनिस्पत उस हल्की रिमझिमाती अगस्त की दोपहर के। उसके होंठ मेल खाते कोरल ग्लॉस से रँगे थे, जिसके रंग कहीं-कहीं किनारे से बाहर हो गए थे।

एलियट ने सोचा उसकी माँ ही थोड़ी अजीब-सी दिख रही थी। उसने हल्के पीले भूरे-रंग की शार्ट्स पहन रखे थे और पैरों में 'रोप-सोल' की जूतियाँ। उसके कटे हुए बाल, जिसका रंग उसके शार्ट्स से मेल खा रहा था, कुछ ज़्यादा ही सीधे और सौम्य दिख रहे थे। उस कमरे में जहाँ हर चीज़ इतनी सावधानी से ढँक कर रखी थी, वहाँ उसके शेव किए हुए घुटने और जाँघ कुछ ज़्यादा ही

खुले हुए दिख रहे थे। वह बिस्कुट के लिए मना कर रही थी, जिसे बार-बार मिसेज़ सेन उसकी तरफ़ बढ़ा रही थी। उसने सवालों की झड़ी लगा दी, जिसके जवाब वह अपने स्टेनो पैड पर लिखती जा रही थी। क्या अपार्टमेंट में और बच्चे होंगे ? क्या इससे पहले मिसेज़ सेन ने कभी बच्चों की देखभाल की है ? इस देश में रहते हुए उसे (मिसेज़ सेन को) कितने साल हो गए ? सबसे बड़ी बात कि वह इस बात को लेकर पसो-पेश में थी कि मिसेज़ सेन को गाड़ी चलाना नहीं आता। एलियट की माँ का दफ़्तर पचास मील उत्तर में था, जहाँ वह काम करती है, और उसके पिता, जो उसकी अंतिम जानकारी थी, दो हज़ार मील दूर पश्चिम में रहते थे।

"दरअसल, मैं इसे सिखा रहा हूँ," मिस्टर सेन ने "मेरे हिसाब से मिसेज़ सेन को दिसंबर तक ड्राइविंग लाइसेंस मिल जाएगा।" अपनी कॉफ़ी मग टेबल पर रखते हुए कहा। पहली बार उन्होंने कुछ कहा था।

"ऐसा है ?" एलियट की माँ ने इस सूचना को अपने पैड पर नोट किया।

"हाँ, मैं सीख रही हूँ", मिसेज़ सेन ने कहा, "लेकिन मेरे सीखने की रफ़्तार थोड़ी धीमी है। वैसे मैं बताऊँ -हमारे घर ड्राइवर है।"

"आपका मतलब शॉफर से है ?

मिसेज़ सेन ने मिस्टर सेन की तरफ़ देखा, उन्होंने सिर हिलाकर हामी भरी।

एलियट की माँ ने भी सिर हिलाया, पूरे कमरे पर नज़र दौड़ाते हुए। "और ये सब....भारत में ही न ?"

"जी", मिसेज़ सेन ने उत्तर दिया। उस शब्द के साथ उसके अंदर का कुछ गुबार बाहर आया। उसकी साड़ी का किनारा बिल्कुल सलीकेदार था और जो उसके वक्ष से तिरछे उभरता था। उसने भी, कमरे के चारों ओर देखा, जैसे उसे लैंपशेड्स में देखा जा रहा हो, टी-पॉट में, क़ालीन पर जमी छाया में, बाक़ी दूसरी चीज़ों में, जिन्हें हर कोई नहीं देख सकता था।

"सब कुछ है यहाँ।"

एलियट को स्कूल के बाद मिसेज़ सेन के पास जाना बुरा नहीं लगा। सितंबर तक वो छोटा-सा 'बीच-हाउस' पहले ही ठंडा हो चुका था जहाँ एलियट और उसकी माँ साल भर रहते थे। एलियट और उसकी माँ को एक कमरे से दूसरे कमरे में जाने पर एक छोटा हीटर अपने साथ लेकर चलना होता था। खिड़कियों को प्लास्टिक के टुकड़े और 'हेयर ड्रायर' की मदद से सीलबंद करना पड़ता था। सागर तट बिल्कुल सुनसान होता था, जहाँ खेलने का कोई मतलब नहीं था। उनके एकमात्र पड़ोसी पिछले 'श्रमिक दिवस' पर वहाँ रहने आए थे। यह एक नवविवाहित युवा जोड़ा था– जिसके कोई बच्चा नहीं था। और एलियट को अब अपनी बाल्टी में टूटे सीपियों को जमा करना आकर्षित नहीं करता था और न ही बालू पर सी-वीड्स को सजाना, जो मणिमाला की कड़ी-जैसा जान पड़ता था। मिसेज़ सेन का अपार्टमेंट गर्म होता था, कभी-कभी कुछ ज़्यादा ही। रैडियेटर लगातार प्रेशर कुकर की तरह उफनता रहता था।

एलियट ने मिसेज़ सेन के यहाँ जो पहली बात सीखी, वह था दरवाज़े पर चप्पल उतारना और उसे 'बुककेस' पर मिसेज़ सेन की चप्पलों वाली क़तार में रख देना। मिसेज़ सेन की चप्पलें अलग-अलग रंग की थीं, उनकी तली काडबोर्ड जैसी सपाट थी उनमें चमड़ का छल्ला बना होता था जो पैरों के बड़े पंजे में समा सके।

मिसेज़ सेन को देखने में तब उसे ख़ास तौर पर मज़ा आता था, जब वह बैठक की ज़मीन पर अख़बार के ऊपर बैठकर चीज़ों को काटा करती थी। चाकू के बदले वह हँसुए का प्रयोग करती थी, जो वाइकिंग जहाज़ (सुदूर समुद्र में लड़ाई के काम आने वाली) के अगले हिस्से की तरह मुड़ी थी। हँसुआ का एक सिरा लकड़ी के पतले पटरे से जुड़ा था। इसका इस्पात चाँदी से ज़्यादा कुछ भी काला था, जिसपर एक समान पॉलिश नहीं थी। इसमें दाँतेदार कटाव था, जिससे कुछ भी कतरा जा सकता था, मिसेज़ सेन ने एलियट को बताया। हर दोपहर मिसेज़ सेन यह हँसुआ उठाकर अपनी जगह पर बंद कर देती थी, इस तरह कि एक सिरे पर यह अपने पटरे से मिल जाए। धारदार किनारे को छुए बिना वह इसका इस्तेमाल कर लेती थी। वह साबुत सब्ज़ी को अपनी हाथों

के बीच-बीच लेकर अलग-अलग काट लेती थी : फूलगोभी, बंदगोभी, बटरनट स्क्वाश।

वह चीजों को आधा काटती, फिर चौथाई, फिर फटाफट लम्बे और चौकोर छोटे-छोटे टुकड़ों में (फूलगोभी के)। वह कुछ सेकेंड में एक आलू छील सकती थी। कभी वह पालथी मार के बैठती, कभी पैरों को फैलाकर; पानी से भरे छोटे-बड़े बर्तनों से घिरी, जिनमें कटी सब्ज़ियाँ डुबो दी जातीं।

जब वह ये सब काम करती, तब अपनी एक आँख टेलीविज़न पर जमाए रखती और एक एलियट पर लेकिन कभी उसे अपने हँसुए पर आँख रखने की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। हालाँकि जब वह कटाई का काम कर रही होती थी तब एलियट को आस-पास घूमने से मना कर देती थी। "बैठ जाओ, ईश्वर के लिए बैठ जाओ। इसमें बस दो मिनट और लगेंगे।" उसने सोफ़े की तरफ़ इशारा करते हुए कहा। यह सोफ़ा हमेशा हरे और काले रंग वाले 'बेडकवर' से ढँका रहता था, जिसपर हाथियों की छपी क़तार थी जिनकी पीठ पर पालकियाँ थीं। हर रोज़ इस काम में एक घंटा लगता। एलियट को व्यस्त रखने के लिए उसे अख़बार में कॉमिक्स वाला हिस्सा दे देती और साथ में मूँगफली का मक्खन लगे पतले सूखे बिस्किट और कभी-कभी पॉपसिक्ल, या उसके हँसुए से तराशे गाजर के टुकड़े। अगर उसके ब्रश में होता तब वह जरूर उस हिस्से को रस्सी से घेर देती।

हालाँकि, एक बार, उसने खुद अपने नियम को तोड़ा था; जब कुछ और चीज़ों की ज़रूरत पड़ी। और वह खुद उस ज़बरदस्त जंजाल से, जो उसे घेरे हुए था, उठना नहीं चाह रही थी। उसने रसोई से एलियट को कुछ लाने को कहा।

"अगर तुम बुरा न मानो, फ्रिज़ के पास वाले कैबिनेट में रखा एक प्लास्टिक का कटोरा उठा लाओ। वह इतना बड़ा है कि उसमें यह पूरा पालक आ जाएगा। सँभल कर प्यारे, सँभल के।" जैसे वह वहाँ पहुँचा वैसे ही मिसेज सेन ने कहा "शुक्रिया, बस छोड़ दो, वहीं कॉफी की मेज़ पर, मैं ले लूँगी।"

यह हँसुआ वह भारत से ले आयी थी, जहाँ शायद हर घर में कम-से-कम एक यह चीज़ तो होती ही थी। एक दिन उसने एलियट से कहा था, "जब भी परिवार में कोई शादी होती थी या कोई बड़ा आयोजन होता, मेरी माँ शाम में पड़ोस की सभी औरतों को संदेशा भिजवा देती कि वे अपना-अपना हँसुआ लेकर आएँ, ठीक इसी के जैसा। और तब वे सब मकान की छत पर बड़ा-सा घेरा बनाकर बैठ जातीं और हँसते बोलते रात भर में पचास-एक किलो सब्ज़ियाँ काट डालतीं।" उसका ब्योरा पूरे तौर पर उसके काम से भी ज़ाहिर होता, उसके चारों ओर कटे हुए खीरे, एगप्लांट, प्याज के ढेर खड़े हो जाते। "उनकी बातों को सुनते हुए, उन रातों में सोना असंभव था। बैठक की खिड़की के फ्रेम में उभरते पाईन के पेड़ को देखती वह थोड़ी रुकी, "यहाँ इस जगह, जहाँ मिस्टर सेन मुझे ले आए है, ऐसी ख़ामोशी में भी मैं कभी-कभी सो नहीं पाती।"

अगले दिन उसने अनमने ढंग से बैठकर मुर्गे से पीले दाने चर्बी को देखा, फिर उसे जाँघ और पैर के बीच अलग किया। जब हँसुए से हड्डी टूट कर अलग हो गयी तब उसके सोने के कंगन खनके और उसकी बाँहें चमक उठी थीं। उसने अपनी नाक से इतनी ज़ोर से साँस ली कि उसे सुना जा सकता था। एक बार वह ठहरी, फिर मुर्गे को दोनों हाथो से पकड़े रही-उसकी नज़र खिड़की से बाहर कहीं टिकी हुई थी। चर्बी और मांस के टुकड़े उसकी उँगलियों से चिपके थे।

"एलियट, अगर मैं अभी पूरे ताक़त से भी चिल्लाऊँ तो क्या कोई आएगा?"

"मिसेज़ सेन, क्या हुआ ?"

"कुछ नहीं! मैं बस पूछ रही हूँ कि कोई आ सकता है ?"

एलियट ने कंधे उचकाकर कहा, "हो सकता है।"

"घर पर तुम्हें बस यही करना होता है। सबके पास फ़ोन नहीं है। बस अपनी आवाज़ थोड़ी ऊँची करो, चाहे किसी दुःख के चलते या ख़ुशी से, पूरा पड़ोस और कुछ दूसरे लोग भी उस ख़बर को बाँटने आ जाते हैं, दूसरों की तैयारियों में साथ देने के लिए।"

एलियट को अब तक यह बात समझ आ गयी थी कि जब मिसेज़ सेन घर कहती है, तब उसका मतलब भारत से होता है, वह अपार्टमेंट नहीं, जहाँ वह बैठकर सब्ज़ियाँ काटती है। उसने अपने घर के बारे में सोचा, जो महज़ पाँच मील की दूरी पर था। और वह नवविवाहित युवा युगल, जो तट पर सूर्यास्त के समय जॉगिंग करते हुए कभी-कभी हाथ हिलाकर अभिवादन करता था। 'श्रमिक दिवस' को उनके यहाँ पार्टी हुई थी। लोग डेक पर इकट्ठे होकर खा-पी रहे थे। उनकी हँसी की आवाज़ लहरों की थकी-चुकी उसाँसों को दबा दे रही थी। एलियट और उसकी माँ आमंत्रित नहीं थे। यह उन कुछ विरल दिनों में से एक था, जब उसकी माँ ने छुट्टी ली थी, लेकिन वे कहीं गए नहीं। उसकी माँ ने कपड़े धोए, चेकबुक का हिसाब-किताब किया और एलियट की मदद से कार के अंदर की सफ़ाई की। एलियट का सुझाव था कि वे कार की धुलाई के लिए कुछ मील की दूरी पर शहर की तरफ़ जाएँ, जैसा वे अक्सर करते हैं, ताकि वे कार के अंदर बैठे रहें। बिल्कुल सुरक्षित बिना भीगे, तब साबुन, पानी और कैनवस का बड़ा रिबन वाला छल्ला विंडशील्ड पर थपेड़ा देता रहता। लेकिन उसकी माँ ने कहा, वह बहुत थकी है और उसने पाइप से कार धोई। जब शाम को पड़ोसी के डेक पर हुजूम नाचने लगा तब उसने फ़ोनबुक में उनका नंबर देखा और उन्हें आवाज़ कम करने को कहा।

"वे आपको फ़ोन कर सकते हैं", यह सोचकर कि ऐसा हो सकता है, एलियट ने मिसेज़ सेन से कहा। "लेकिन वे शिकायत कर सकते हैं कि आप बहुत शोर कर रही हैं।"

एलियट जहाँ सोफ़े पर बैठा था, वहाँ से वह उसकी मॉथबॉल गोलियाँ और 'क्यूमिन' की खुशबू पहचान सकता था और बालों के बिल्कुल बीच वह माँग देख सकता था, जिस पर सिंदूर लगा था और इसलिए उसका लाल रंग चमक रहा था। पहली बार एलियट को लगा था कि उसका माथ फूट गया है या फिर किसी चीज़ ने वह जगह काट खाई हो। लेकिन एक दिन उसने देखा, वह बाथरूम के आईने के सामने खड़ी हो एक तीली से बड़े गरिमापूर्ण तरीक़े से सिंदूर लगा रही थी, जिसे उसने एक छोटे-से जैम जार में रखा था। सिंदूर के

कुछ दाने उसकी नाक के ऊपर गिर पड़े क्योंकि वह अपनी भौंहों के ऊपर एक बिंदी भी लगाती थी। "मुझे इसे हर दिन लगाना होता है", उसने एलियट को समझाया, जब उसने पूछा कि वह ऐसा क्यों करती है।

"बाक़ी पूरे दिन के लिए कि मैं विवाहिता हूँ।"

"आपका मतलब है, विवाह की अँगूठी की तरह न!"

"बिल्कुल, एलियट, बिल्कुल विवाह की अँगूठी की तरह। हाँ, इसके बर्तन धोने में खोने का डर नहीं रहता।"

एलियट की माँ के छह बज कर बीस मिनट पर आने से पहले, मिसेज़ सेन आश्वस्त हो जाना चाहतीं थी कि उसकी कटाई-छँटाई वाली गतिविधि का कोई निशान बचा न रहे। हँसुए को धो-रगड़कर, सुखाकर और मोड़कर एक ऊँचे पीढ़े की सहायता से कबर्ड में छुपा दिया जाता था। एलियट की सहायता से तमाम छिलकों और बीजों को अख़बार में ही समेट लिया जाता।

कटावदार प्यालियाँ और टोंटीदार पात्र को ऊपर रख दिया जाता, मसाले और पिसी हुई चीज़ों को मापा जाता, मिलाया जाता और उसके बाद बारीक कटे मांस या फिर मछली के कई तरह के सूप को स्टोव के ऊपर नीले मद्धिम आँच पर पकाया जाता। ऐसा कोई ख़ास आयोजन नहीं होता था और न ही कोई आने वाला था। यह केवल मिस्टर और मिसेज़ सेन के रात के खाने के लिए था। इसका पता बैठक में एक किनारे लगे चौकोर फ़ार्मिका टेबल पर रखे दो प्लेटों और दो गिलासों से लग जाता था, बिना किसी नैपैकिन या चाँदी के बरतन के।

जब वह उस अख़बार को कूड़े दान में गहरे दबा रहा होता था, एलियट को ऐसा लगता जैसे वह और मिसेज़ सेन कुछ अनकहे नियम को तोड़ रहे हों। उसे लगता मिसेज़ सेन अपना हर काम शायद इसी तत्परता के साथ करती है। अपनी उँगलियों के नाख़ूनों के बीच नमक और चीनी रगड़ती, लेंटिल्स (एक तरह का सेम) के ऊपर पानी चलाती, हर संभव सतह को पोंछती, काम के दौरान लगातार आलमारी के ढक्कन को बंद करती। अपनी माँ को एकाएक देखकर उसे थोड़ा झटका लगा। वह पारदर्शी स्टॉकिंग्स और गद्देदार कंधे वाले सूट में थी, जो वह ऑफिस के लिए पहनती थी। वह मिसेज़ सेन के अपार्टमेंट के एक

कोने में झाँक रही थी, वह दरवाज़े की चौखट से दूर से ही उचक कर देखती, एलियट को चप्पल पहनने और अपनी चीज़ों को समेट लेने के लिए बुलाती। लेकिन मिसेज़ सेन माने तब न! हर शाम को वह ज़ोर देकर उसकी माँ को सोफे पर बिठाती, जहाँ उसे कुछ खाने को दिया जाता– गुलाब जल मिला चटक गुलाबी योगर्ट का एक गिलास, किशमिश और डबल रोटी के टुकड़े के साथ पिसा हुआ मांस या एक प्लेट सूजी का हलवा। "सचमुच मिसेज़ सेन मैंने देर से दोपहर का खाना खाया है। आपको इतनी तकलीफ़ करने की ज़रूरत नहीं है।"

"अरे इसमें तकलीफ़ की क्या बात है! जैसे एलियट वैसी ही आप। तकलीफ़ की बात कोई नहीं है।"

उसकी माँ मिसेज़ सेन के पकवान के छोट-छोटे कौर लेती ऊपर देख रही थी और किसी निर्णय की तलाश में उसने अपने घुटनों को एक साथ दबा रखा था। उसके ऊँची हील वाली सैंडिल, जिसे वह कभी नहीं उतारती थी, आड़ू रंग की क़ालीन में धँसी थी।

"बहुत स्वादिष्ट है", एक दो कौर लेकर प्लेट को नीचे रखते हुए वह कहती। एलियट को पता था कि उसे इसका स्वाद अच्छा नहीं लगा होगा– उसने उसे एक बार कार में बताया भी था। वह यह भी जानता था कि उसने काम पर लंच नहीं खाया था, क्योंकि वे जब 'बीच हाउस' पर लौटे तब उसकी माँ सबसे पहले अपने लिए शराब का एक गिलास उठाती और साथ ही ब्रेड और चीज़ खाती। कभी-कभी इतना कि उसे पिज्जा के लिए भी भूख नहीं होती, जिसे रात के खाने के लिए ऑर्डर देकर मँगाया गया होता था। जब वह खाता, तब वह टेबल पर बैठ कर शराब पीती हुई पूछती, दिन कैसा रहा, लेकिन अंत में एलियट को बचे हुए खाने को ख़त्म करने अकेला छोड़, डेक पर सिगरेट पीने चली जाती।

हर दोपहर मिसेज़ सेन मुख्य सड़क के किनारे पाईन पेड़ के झुंड के पास खड़ी होती, जहाँ स्कूल बस एलियट और दो-तीन दूसरे बच्चों को छोड़ देती थी, जो आस-पास रहते थे। एलियट हमेशा की तरह समझ जाता था कि मिसेज़ सेन

कुछ देर पहले से इंतज़ार कर रही है, मानो उस आदमी के इंतज़ार में हो, जिससे सालों से वह मिली न हो। उसकी कनपटी पर की लटें हवा में लहरा रही थीं, माँग में सिंदूर दमक रहा था। उसने नेवी ब्ल्यू रंग का धूप-चश्मा पहन रखा था, जो उसके चेहरे के लिए काफ़ी बड़ा था। उसकी साड़ी, जो हर दिन अलग तरह की होती, चेक डिज़ाइन वाले 'ऑलवेदर कोट' के नीचे फड़फड़ाती रहती थी। ओक के नट और कैटरपिलर बिछी हुई कोलतार की गोल सड़क के घेरे में करीब दर्जन भर एक-जैसी ईंट वाली इमारतें थीं, जो एक जैसी लकड़ी के छापे वाले चिप्पड़ से मढ़ी हुई थीं। जब वे बस स्टॉप से वापस लौटते तब वह अपने पॉकेट से सैंडविच का लिफ़ाफ़ा निकालती और एलियट को छिले हुए संतरे की फाँक या मूँगफली के थोड़े-से नमकीन दाने देती, जो पहले से ही छिले होते थे।

दोनों सीधे कार तक जाते और बीस मिनट तक मिसेज़ सेन कार चलाने का अभ्यास करती। यह टॉफ़ी के रंग वाली सेडान कार थी जिसकी सीटें बिनाइल की थीं। उसमें क्रोम-बटन वाला ए.एम. रेडियो था और पिछली सीट के ऊपर के तख्त पर 'क्लिनेक्स' का डब्बा और बर्फ़ हटाने वाला उपकरण था। मिसेज़ सेन एलियट को बताती कि उसे अपार्टमेंट में अकेला छोड़ना उन्हें अच्छा नहीं लगता। लेकिन एलियट को पता था कि ऐसा करते हुए वह डरती थी, इसलिए उसे अपने पास बिठाती थी। वह गाड़ी चालू करने की आवाज़ से बेहद डर जाती थी, इंजन को चालू रखने के लिए जब अपने चप्पल वाले पैर से एक्सीलेटर दबाती तब आवाज़ से बचने के लिए दोनों हाथ अपने कानों पर रख लेती।

"मिस्टर सेन कहते हैं कि एक बार मुझे जब लाइसेंस मिल जाएगा तब सब कुछ ठीक हो जाएगा। तुम्हें क्या लगता है, एलियट ? सब ठीक हो जाएगा ?"

"फिर आप कई जगह जा सकती हैं?" एलियट ने सुझाव दिया,

"आप कहीं भी जा सकती हैं।"

"क्या मैं ड्राइव करते हुए कलकत्ते तक जा सकती हूँ ? कितना समय लगेगा एलियट ? दस हज़ार मील, पचास मील प्रति घंटे की रफ़्तार से ?"

एलियट मन में कोई हिसाब नहीं लगा पाया। वह मिसेज़ सेन को ड्राइविंग सीट, रियर व्यू मिरर, अपने सिर के ऊपर सनग्लासेज़ को ठीक करते देख रहा था। उसने रेडियो पर एक स्टेशन लगाया जहाँ एक सिम्फ़नी बज रही थी। "यह बीथोवन है न!" उसने एक बार पूछा, संगीतकार के नाम के पहले हिस्से को 'बे' न कहकर 'बी' कह रही थी, 'बी'– (मधुमक्खी वाली)। उसने अपने पास की खिड़की का शीशा नीचे कर लिया और एलियट को भी ऐसा ही करने को कहा। अंत में उसने अपने पैर ब्रेक पैडल पर दबाए, ऑटोमेटिक गियर को इस तरह बदला मानो वह कोई भरपूर लीक करने वाली क़लम हो। और पार्किंग वाली जगह से इंच-पर-इंच बाहर निकलकर उसने अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स का एक चक्कर लगाया और दोबारा एक बार और लगाया।

"मैं कैसा कर रही हूँ, एलियट ? मैं पास हो जाऊँगी ?"

वह लगातार घबराई हुई थी। वह बिना किसी चेतावनी के रेडियो पर कुछ सुनने के लिए या सड़क पर कुछ या कुछ भी देखने के लिए एकाएक कार को रोक देती थी। अगर किसी आदमी को सड़क पार करता देखती तो हाथ हिला देती। अगर किसी चिड़िया को बीस फुट की दूरी से भी देख लेती, वह अपनी तर्जनी से हॉर्न बजाती और उसके उड़ जाने का इंतज़ार करती। वह बताती, भारत में, ड्राइवर बायीं ओर नहीं, दायीं ओर बैठता है। धीरे-धीरे वे रेंगते हुए झूले, लाउंड्री बिल्डिंग, गहरे हरे कूड़ेदान, खड़ी कारों की क़तारों को पार करते। हर बार जब वे पाईन के पेड़ों के झुंड के पास पहुँचते, जहाँ कोलतार की छोटी गोल सड़क मुख्य सड़क से मिलती थी, वहाँ वह आगे झुककर अपना सारा भार ब्रेक पर डाल देती क्योंकि तब कार तेज़ी से बढ़ रहा होता था।

यह एक ठोस पीले रंग की पट्टी से रँगी सँकरी सड़क थी, जिसके दोनों ओर एक ही दिशा में एक लेन वाली ट्रैफ़िक थी।

"यह असंभव है, एलियट, मैं वहाँ कैसे जा सकती हूँ ?"

"आपको तब तक इंतज़ार करना पड़ेगा जब तक कोई आ न रहा हो।"

"कोई धीरे क्यों नहीं चल रहा ?"

"अब कोई नहीं आ रहा।"

"लेकिन उस कार का क्या, जो बायीं ओर से आ रही है, तुमने देखा ? और देखो उसके पीछे ट्रक है। वैसे भी मुझे मुख्य सड़क पर मिस्टर सेन के बिना चलाने की अनुमति नहीं है।"

"आपको मोड़ना है और तेज़ी से रफ़्तार बढ़ानी है," एलियट ने कहा। इसी तरह उसकी माँ भी करती थी ताकि इसके लिए उसे कुछ सोचना ही न पड़े हो। यह कितना आसान होता था जब वह अपनी माँ के बग़ल में बैठा होता था, शाम में वापस 'बीच हाउस' लौटने के समय। तब सड़कें केवल सड़कें होती थीं दूसरी कारें बस नज़ारे भर का हिस्सा लगतीं। लेकिन जब वह मिसेज़ सेन के साथ, शरद की धूप में, जो पेड़ो से छनकर बिना किसी गरमाहट के चमकती थी, वह देखता कि कैसे उन्हीं कारों का काफ़िला उनकी उँगलियों के पोरों को ज़र्द कर देता, कलाइयाँ काँपने लगतीं और उनकी अंग्रेज़ी लड़खड़ाने लगती। "सभी लोग, ये लोग, अपनी ही दुनिया में मस्त हैं।"

एलियट ने जाना, दो चीज़ें, मिसेज़ सेन को खुश कर देती थीं। एक उनके परिवार से जब कोई चिट्ठी आती थी। ड्राइविंग के अभ्यास के बाद मेलबॉक्स देखना उसकी आदत थी। वह बॉक्स खोलती, लेकिन वह एलियट को अंदर झाँकने कहती, यह बताकर कि क्या देखना है। और तब वह अपनी आँखों को बंद कर उसे अपने हाथों से ढँक लेतीं, तब तक वह मिस्टर सेन के नाम से आए हुए बिलों और पत्रिकाओं के बीच ढूँढ़ता रहता। पहली बार मिसेज़ सेन की चिंता एलियट को कल्पना से बाहर लगी; शहर में उसकी माँ का भी एक पी.ओ. बॉक्स था, वह मेल देखने में इतनी अनियमित थी कि एक बार तीन दिनों तक उनकी बिजली कटी रही। मिसेज़ सेन के यहाँ हफ़्तों गुज़र गए जब उसे एक नीला एयरोग्राम मिला था– छूने में दानेदार, टिकट से पटे, जिसमें एक घुटे सिर वाले आदमी को चरखा चलाते दिखाया गया था, और जो पोस्टमार्क्स से काला पड़ गया था।

"पहली बार उसने उसे गले से लगाया था और उसका इसका चेहरा उसकी साड़ी से जा लगा था, जिसमें 'नेप्थलिन' और 'क्यूमिन' की बू बसी हुई थी। उसने उसके हाथ से चिट्ठी ले ली।

जैसे ही वे अपार्टमेंट के अंदर आए उसने अपनी एक चप्पल इधर उछाली और दूसरी उधर, फिर अपने बालों से वायर पिन निकाला और तीन बार में एयरोग्राम के ऊपरी हिस्से में लम्बा चीरा लगाया। उसकी आँखें तेज़ी से आगे-पीछे हो रही थीं, जब वह उसे पढ़ रही थी। जैसे ही उसने ख़त्म किया, टेलिफोन ढँकनेवाा कसीदा कढ़ा कपड़ा एक तरफ़ हटाया और डायल कर पूछा, "जी, मिस्टर सेन से बात हो सकती है? मैं मिसेज़ सेन बोल रही हूँ, बहुत ज़रूरी है।"

उसके बाद उसने अपनी ज़ुबान में बातें कीं, एलियट के कानों को यह आवाज़ तेज़, तल्ख़ और खुशी से भरी लग रही थी। यह स्पष्ट था कि वह चिट्ठी की लिखी बातें शब्दशः पढ़ रही थी। जब वह पढ़ रही थी तब उसकी आवाज़ कुछ ज़्यादा ही ऊँची थी और उसकी तीव्रता में उतार-चढ़ाव था। वैसे तो वह उसके सामने साक्षात् थी, लेकिन एलियट को यही महसूस हुआ कि मिसेज़ सेन उस आडू रंग की क़ालीन वाले कमरे में मौजूद नहीं।

उसके बाद वे दोनों अपार्टमेंट उसकी खुशी को समाने के लिए छोटे पड़ गये। उन्होंने मुख्य सड़क पार की और युनिवर्सिटी चौक तक पैदल आए, जहाँ पत्थर की मीनार पर हर घंटे घंटियाँ बजा करती थीं। वे स्टूडेंट यूनियन से होते हुए, कैफ़ेटेरिया के काउंटर के पास साथ-साथ ट्रे लेकर आराम से आए और गोलाकार मेज़ों पर बतियाते छात्रों के बीच कार्डबोर्ड के प्याले में ढेर सारा फ्रेंच फ्राई खाया। एलियट ने पेपर कप में सोडा लिया, मिसेज़ सेन ने दूध और क्रीम के साथ डिप-चाय पी। खाने के बाद वे आर्ट बिल्डिंग घूमने गए, गीली पेंट और मिट्टी की खुशबू से अटे सर्द गलियारे में कलाकृतियाँ और रेशम के परदे देखे। वे गणित विभाग की बिल्डिंग से भी गुजरे जहाँ मिस्टर सेन पढ़ाते थे।

अंत में वे शोर-शराबे वाले, क्लोरीन की महक वाली एथलेटिक बिल्डिंग गए और वहाँ से चौथे तल्ले की बड़ी-सी खिड़की से, रोशनी की चौंध भरे तरणताल में तैराकों को एक छोर से दूसरे छोर तक तैरते हुए देखा।

मिसेज़ सेन ने अपने पर्स से भारत से आया हुआ एयरोग्राम निकाला और आगे-पीछे देखा। फिर उसे खोला और मन ही मन दोबारा पढ़ा, बार-बार उसाँसें लेते हुए। जब पढ़ लिया तब कुछ देर तक तैराकों को देखती रही।

"मेरी बहन को बेटी हुई है। मैं उसे जब देख पाऊँगी जो मिस्टर सेन की छुट्टी पर निर्भर करता है और तब वह तीन साल की हो चुकी होगी। उसकी अपनी मौसी उसके लिए अजनबी होगी। अगर हम एक ट्रेन में आस-पास भी बैठें, तब भी वह मुझे चेहरे से नहीं पहचान पाएगी।" उसने चिट्ठी रखी और अपना हाथ एलियट के सिर पर फेरा और पूछा– "इन दिनों, जब तुम मेरे पास हो, तुम्हें अपनी माँ की याद आती है, एलियट ?"

यह बात उसके दिमाग़ में अभी आयी ही नहीं।

"तुम्हे ज़रूर आती होगी। मुझे अफ़सोस होता है, जब मैं तुम्हारे बारे में सोचती हूँ। कैसे एक बच्चा पूरे दिन अपनी माँ से अलग रहता है ?"

"रात में हम मिलते तो हैं।"

"जब मैं तुम्हारी उम्र की थी, तब मुझे पता कहाँ था कि एक दिन मैं इतनी दूर हो जाऊँगी। तुम ज़्यादा समझदार हो एलियट। तुमने पहले ही वह सब जान लिया, जो आज नहीं तो कल हो सकता है।

दूसरी बात, जिससे मिसेज़ सेन खुश हो जातीं वह थी -समुद्री मछली। वह हमेशा पूरी की पूरी मछली चाहती थीं। शेलफ़िश या फिलेट्स नहीं, जिसे एलियट की माँ ने पिछले महीने की एक रात को पकाया था, जब उसने अपनी दफ़्तर के एक आदमी को रात के खाने पर बुलाया था। उस आदमी ने उसकी माँ के बेडरूम में रात बिताई थी और एलियट ने उसे दोबारा नहीं देखा था। एक शाम को जब एलियट की माँ उसे लेने आई, मिसेज़ सेन ने उसे टूना (एक ज़ायकेदार मछली) का कोफ़्ता खाने को दिया। यह बताते हुए कि कोफ़्ता 'भोटकी' मछली का होना चाहिए था। "यह बहुत ही निराशाजनक है।" मिसेज़

सेन ने दूसरे शब्द पर ज़ोर देते हुए खेद जताया। "महासागर से इतने नज़दीक रहने पर भी जी भर कर मछली नहीं मिल पाती।" गर्मियों में, वह खुद समुद्र किनारे वाले बाज़ार में जाना पसंद करती थी, उसने बताया। उसने फिर कहा, यहाँ की मछलियों में वह स्वाद नहीं है जो भारत की मछलियों में है, और वे कम-से-कम ताज़ी होती थीं। अब ठंड बढ़ती जा रही है, नावें हमेशा जाती नहीं है और कभी-कभी पूरे हफ़्ते साबुत मछली नहीं मिलती।

"आप सुपर मार्केट में कोशिश कर लीजिए," उसकी माँ ने सुझाव दिया था।

मिसेज़ सेन ने अपना सिर हिलाया। "सुपर मार्केट में मुझे बत्तीस बिल्लियों को खिलाने के लिए बत्तीस टिन मछलियाँ मिल सकती हैं। लेकिन मुझे पूरी-की-पूरी मछली कभी नहीं मिली। एक बार भी नहीं।" मिसेज़ सेन ने बताया कि वह दिन में दो बार मछली खाते हुए बड़ी हुई है। उसने आगे जोड़ा कि कलकत्ते में लोग दिन की शुरूआत मछली से करते हैं और अंत भी मछली खाकर सोने से। अगर आप भाग्यशाली हों तो स्कूल के बाद नाश्ते में भी मछली मिल जाती है। वे इसकी पूँछ, अंडे यहाँ तक मूड़ा भी खाते हैं। वे सब किसी भी मार्केट में मिल जाते थे, सुबह से लेकर आधी रात तक। आपको इतना भर करना होता था, बस किसी समय घर से निकलिए, थोड़ी दूर चलिए और आप पहुँच गए।

हर कुछ दिन पर मिसेज़ सेन 'येलो पेजेज' खोलतीं, उस नंबर पर डायल करती जिसके किनारे पर उसने टिक लगाई होती थी और पूछती कि क्या उनके पास कोई साबूत मछली है। अगर ऐसा होता, तब वह अपने आने तक उसे न बेचने का अनुरोध करती। "सेन के लिए, 'एस', जैसा सैम में है, एन. जैसा न्यूयॉर्क में, मिस्टर सेन वहाँ लेने आएँगे।" तब वह मिस्टर सेन को युनिवर्सिटी फ़ोन करती। थोड़ी देर में मिस्टर सेन आ जाते। वे एलियट का सिर तो थपथपाते थे, लेकिन मिसेज़ सेन को चूमते नहीं थे। जाने से पहले वे फ़ोर्मिका मेज़ पर अपनी चिट्ठियाँ पढ़ते और चाय पीते। आधे घंटे बाद वे लौटते, पेपर बैग लिए हुए, जिस पर मुस्कुराता हुआ लॉबस्टर बना होता। इसे मिसेज़ सेन को

सौंपकर वे अपनी शाम की क्लास लेने के लिए वापस युनिवर्सिटी लौट आते। एक दिन, जब वे मिसेज़ सेन को थैला दे रहे थे, तब उन्होंने कहा, "कुछ दिनों के लिए मछली बंद। फ्रिज़र में चिकन पड़ा है उसे पकाओ। मुझे दफ़्तर के लिए कुछ और घंटे चाहिए।

अगले कुछ दिनों तक, मिसेज़ सेन मछली बाज़ार को फ़ोन करने के बदले मुर्ग़ी की टाँगें किचनसिंक में रखने के बाद फिर अपने हँसुए से काटती। एक दिन उसने हरे सेम और टीन वाली सारडाईन का सालन (स्ट्यू) बनाया। लेकिन अगले हफ़्ते उस आदमी ने, जो मछली बाज़ार चलाता था, मिसेज़ सेन को फ़ोन किया। उसने सोचा कि उन्हें मछली चाहिए होती है, इसलिए उसने बताया कि वह दिन के अंत तक उनके नाम पर मछली बचा रखेगा। मिसेज़ सेन फूली न समाई। "कितना भला आदमी है, है न एलियट ? उस आदमी ने टेलिफ़ोन बुक से मेरा नाम ढूँढ़ा। उसने बताया, वहाँ केवल एक सेन था। तुम्हें पता है, कलकत्ता के फ़ोन बुक में कितने सेन हैं ?"

उसने एलियट को अपने जूते और जैकेट पहनने को कहा और तब उसने मिस्टर सेन को युनिवर्सिटी फ़ोन किया। एलियट ने अपने जूते बाँधे और उसकी चप्पलों की क़तार में से चप्पलें चुनने में उसकी सहायता करने इंतज़ार करता रहा।

कुछ देर बाद मिसेज़ सेन का नाम लेकर उसने पुकारा। जब मिसेज़ सेन ने कोई जवाब नहीं दिया, तब उसने अपने जूते खोले और वापस बैठक में आया। वहाँ वह सोफ़े पर बैठी रो रही थी। उसने अपने हाथों में अपना चेहरा थाम रखा था और उसकी उँगलियों से आँसू टपक रहे थे। उनके बीच वह मिस्टर सेन की किसी मीटिंग के बारे में बुदबुदा रही थी, जिसमें उन्हें जाना था। वह धीरे से उठी और टेलिफ़ोन वाले कपड़े को ठीक किया। एलियट पहली बार अपने जूते में आडू रंग की क़ालीन के ऊपर होते हुए उसके पीछे गया। उसने उसे ग़ौर से देखा। उसकी निचली पलकें सूज गई थीं। उसमें हल्का-सा गुलाबी उभर आया था।" मुझे बताओ, एलियट क्या मैंने पूछ कर अपराध किया ?"

इसके पहले कि वह जवाब दे, वह उसका हाथ पकड़कर उसे बेडरूम ले गयी, जिसका दरवाज़ा आम तौर पर बंद रहता था। बेड के अलावा, जिसपर हेडबोर्ड नहीं था, उस कमरे केवल कुछ ही दूसरी चीज़ें थीं। एक साइड टेबल था, जिस पर टेलिफ़ोन रखा था, एक इस्तरी करने का बोर्ड और एक दराज़ वाली लिखने की मेज़। उसने ब्यूरो के दराज़ और आलमारी के दरवाज़े को जोर से खोला। उसमें सोने और चाँदी के तारों से जड़ी, हर संभव बुनावट और रंग की साड़ियाँ अटी पड़ी थीं। कुछ तो पारदर्शी थीं, बेहद बारीक, कुछ पर्दे-जैसी मोटी, सोने या चाँदी की किनारी जड़ी। आलमारी में वे हैंगर से टँगी थीं, दराज़ में तह करके या कसकर बँधी मोटी कुंडली की तरह। उसने इन्हें दराज़ से छाँटा और बेड के किनारे पड़ी साड़ियों को फैला दिया। "इसे मैंने कभी भी पहना है ? और इसे? इसे? वह दराज में से एक-एक करके साड़ी उछालती रही, फिर बहुत सारे हैंगर में टँगी साड़ियाँ निकाली। बिस्तर पर जैसे उलझे हुए कपड़ों का ढेर दिख रहा था। पूरा कमरा नेप्थलिन की तेज़ बू से भर गया था।

"'तस्वीरें भेजो," वे लिखते हैं "अपनी नई ज़िन्दगी की तस्वीरे भेजो।" मैं उन्हें कौन-सी तस्वीर भेजूँ ?" वह थक कर बिस्तर के किनारे बैठ गई, जहाँ अब शायद ही उसके लिए कोई जगह बची हो। "एलियट, वे समझते हैं कि मैं रानी की तरह जी रही हूँ।" उसने कमरे की सूनी दीवारों की तरफ़ देखा। "वे सोचते हैं कि मैं बटन दबाती हूँ और घर साफ़ हो जाता है। उन्हें लगता है कि मैं महल में रहती हूँ।"

फ़ोन की घंटी बजी। बेड के किनारे लगे एक्सटेंसन फ़ोन को मिसेज़ सेन ने उठाने के पहले इसे कई बार बजने दिया।

साड़ी के आँचल से अपने चेहरे को पोंछते हुए उसकी बातचीत से ऐसा लग रहा था कि वह बस पूछी गइ बातों का जवाब भर दे रही थी। जब वह फ़ोन पर बात कर उठी तब उसने साड़ियों को बिना तह किए कबर्ड में ठूँस दिया। तब वह और एलियट ने अपने जूते पहने और कार तक गए, जहाँ वे मिस्टर सेन से मिलने का इंतज़ार कर रहे थे।

"तुमने आज गाड़ी क्यों नहीं चलायी ?" कार के बोनेट को अपनी उँगलियों से बजाते हुए मिस्टर सेन ने पूछा। वे हमेशा अंग्रेज़ी में बात करते थे जब एलियट होता था।

"आज नहीं। किसी और दिन।"

"तुम कैसे उम्मीद करती हो कि तुम टेस्ट पास कर पाओगी, अगर तुम सड़क पर दूसरी कारों के साथ इसे चलाने से मना करती रही ?"

"एलियट यहीं है आज।"

"यह हर दिन यहीं होगा। यह तुम्हारी भलाई के लिए है। एलियट, मिसेज़ सेन को बताओ यह उनके भले के लिए है।"

उसने मना कर दिया।

वे चुपचाप जा रहे थे, उसी रोड से जिस पर एलियट और उसकी माँ हर शाम वापस बीच हाउस पर लौटते थे। लेकिन मिस्टर और मिसेज़ सेन की कार की पिछली सीट पर की सवारी थोड़ी अलग लग रही थी, और उसने सामान्य से ज़्यादा समय लिया।

'गल्स' (घोमरा) की नीरस कलरव से हर सुबह उसकी नींद खुलती थी, आज उसे रोमांचित कर रहीं थीं जब वे तेज़ आवाज़ के साथ आकाश के आर-पार डूब उतरा रहे थे। वे एक किनारे से दूसरे किनारे पार करते जा रहे थे। इधर वे दुकानें अब बंद हो चुकी थीं, जो गर्मियों में जमे हुए 'लेमोनेड' और 'क्वाहॉग्स' बेचते थे। केवल एक दुकान खुली थी और वह मछली की थी।

मिसेज़ सेन ने दरवाज़ा खोला और मिस्टर सेन की तरफ़ मुड़ी, जिन्होंने अभी तक अपनी सीट बेल्ट नहीं खोली थी, "आप आ रहे हैं न !"

मिस्टर सेन ने अपने बटुए से कुछ पैसे निकाल कर दिए। "बीस मिनट बाद मेरी मीटिंग है", उन्होंने कहा। डैशबोर्ड पर नज़र जमाते हुए उन्होंने कहा, "कृपा करके जितनी जल्दी हो सके, करना।"

उस नम और सर्द पड़ी छोटी-सी दुकान में एलियट उसके साथ गया, जिसकी दीवारें जालों, स्टारफ़िश और प्लावकों से सजी थी। काउंटर के पास पर्यटकों की भीड़ लगी थी। अपने गले में कैमरे लटकाए, कुछ मरे हुए शेलफ़िश

के नमूने ले रहे थे, दूसरे उत्तरी अटलांटिक' में पाए जानेवाली मछलियों की पचास क़िस्मों के लंबे-चौड़े चार्ट को देख रहे थे। मिसेज़ सेन ने काउंटर वाली मशीन से टिकट लिया और क़तार में इंतज़ार करने लगी। एलियट लॉबस्टर के पास खड़ा था, जो अपने अंधेरे टैंक में एक दूसरे के ऊपर चल रहे थे। उनके पंजे पीले रंग के रबर बैंड से बँधे हुए थे। क़तार में जब मिसेज़ सेन की बारी आयी तब एलियट उन्हें पीले दाँत और चमकते लाल चेहरे वाले एक आदमी के साथ, जिसने काला रबर का एप्रन पहन रखा था, हँसते हुए बतिया रही थी। दोनों में से एक हाथ में उसने 'मैकरल' को पूँछ से पकड़ रखा था।

"आपको पक्का यक़ीन है, जो मछली आप मुझे दे रहे हैं वे बिल्कुल ताज़ी है?"

"जो भी ताज़ी होगीं उसका जवाब वे ख़ुद दे देगी।"

तराजू के काँटे के कंपन ने अपना फ़ैसला सुना दिया।

"मिसेज़ सेन क्या आपको यह साफ़ कटा चाहिए ?"

उसने हामी भरी। "कृपा करके इसका 'मुड़ा' रहने दीजिएगा।"

"आपके घर पर बिल्लियाँ हैं ?"

"बिल्लियाँ नहीं। सिर्फ़ एक पतिदेव हैं।"

बाद में, अपार्टमेंट में, उसने अलमारी से हँसुआ निकाला, क़ालीन पर अख़बार बिछाया और अपने ख़ज़ाने को निहारा। पैकेट से एक-एक कर उसने सारे टुकड़ों को निकाला, आँसदार और ख़ून से रँगे। उसने पूँछ काटी, पेट को फाड़ा, उसके अंगों को छाँटकर बाहर निकाला। कैंची से उसने सुफ़ना काट निकाला फिर गलफड़े के नीचे उँगली डालकर उठाया। उसका लाल रंग इतना चटकीला था कि उसके सामने उसका सिंदूर फीका पड़ गया। धारीदार शरीर को, उसने दोनों छोर से पकड़ रखा था और हँसुए से एक अंतराल पर 'वी'-आकार में काटती जा रही थी।

"आप ऐसा क्यों कर रही है ?" एलियट ने पूछा।

"यह देखने के लिए कि कुल कितने टुकड़े हुए। अगर मैं ठीक से काटूँ, इस मछली से मुझे तीन वक़्त का खाना मिल सकता है।" उसने मूड़े को काटकर उसे एक छोटे प्लेट में रखा।

नवंबर में ढेर सारे ऐसे दिन भी आए जब मिसेज़ सेन ने गाड़ी चलाने का अभ्यास करने से मना कर दिया था। हँसुआ कबर्ड से कभी नहीं निकला, ज़मीन पर अख़बार नहीं बिछाए गए। उसने मछली वाले को फ़ोन नहीं किया, न ही उसने चिकन बनाया।

वह चुपचाप एलियट के लिए मूँगफली के मक्खन वाला क्रैकर बनाती और फिर बैठी-बैठी कर जूते के डब्बों से पुरानी चिट्ठियाँ निकालकर पढ़ती। जब एलियट के जाने का समय होता वह उसके चीजों को इकट्ठा कर देती। वह उसकी माँ को न सोफ़े पर बैठने को कहती और न ही कुछ खाने के लिए पूछती। अंत में कार में बैठी उसकी माँ ने जब उससे पूछा कि क्या उसने मिसेज़ सेन के बदले हुए व्यवहार पर ग़ौर किया तो उसने बताया कि उसे ऐसा नहीं लगा। उसने उसे यह नहीं बताया कि अपार्टमेंट में जब मिसेज़ सेन चहलक़दमी करती हैं तो प्लास्टिक से ढँके लैंपशेड को ऐसे घूरती है मानो पहली बार देखा हो। उसने उसे यह भी नहीं बताया कि वह टेलिविज़न चलाती है लेकिन कभी देखती नहीं। या वह अपने लिए चाय बनाती है, लेकिन वह कॉफी मेज़ पर पड़ी-पड़ी ठंडी हो जाती है। एक दिन उसने कोई एक टेप चलायी, जिसे वह 'रागा' कह रही थी; इसकी आवाज़ थोड़ी-बहुत वैसी लग रही थी जैसे कोई वायलिन को पहले बहुत धीरे और फिर बहुत तेज़ी से बजा रहा हो। मिसेज़ सेन ने बताया इसे दिन के अंत में सुना जाता है, जब सूर्यास्त हो रहा होता है। लगभग एक घंटे जब तक संगीत बजता रहा, वह आँखें बंद कर सोफे पर बैठी रही। उसके बाद उसने कहा, "यह तुम्हारे बीथोवन से भी ज़्यादा उदासीभरा है, है न! दूसरे दिन उसने एक कैसेट चलाया, जिसमें लोग उसकी भाषा में बात कर रहे थे। उसने एलियट को बताया यह एक विदाई-समारोह का टेप है, जिसे उसके परिवार वालों ने उसके लिए आयोजित किया था। इसमें एक-एक कर आवाज़ें आतीं, लोग हँसते और अपनी बात कहते। मिसेज़ सेन हर एक

बोलनेवाले को पहचानती है। "मेरे सँझले चाचा, मेरा चचेरा भाई, मेरे पिता, मेरे दादा जी।" एक बोलनेवाले ने एक गाना गाया। दूसरे ने एक कविता सुनाई। हर पंक्ति के बीच थोड़ा विराम होता था, और इस विराम के दौरान मिसेज़ सेन एलियट के लिए अनुवाद कर रहीं थीं– खस्सी का दाम दो रुपये बढ़ गया है। बाज़ार के आम बहुत मीठे नहीं हैं। कॉलेज स्ट्रीट पर पानी भर गया है।" उसने टेप बंद कर दिया। "जिस दिन मैंने भारत छोड़ा था, वहाँ ये सब हुआ था।" अगले दिन उसने फिर से उसी कैसेट को पूरा बजाया। इस बार, जब उसके दादा जी बोल रहे थे, उसने टेप बंद कर दिया। उसने एलियट को बताया कि उसे पिछले सप्ताहांत एक चिट्ठी मिली थी। उसके दादा जी अब नहीं रहे।

एक सप्ताह के बाद मिसेज़ सेन ने दोबारा खाना बनाना शुरू कर दिया। एक दिन जब वह बैठक की ज़मीन पर बैठकर बंदगोभी कतर रही थीं तब मिस्टर सेन ने फ़ोन किया। वह एलियट और मिसेज़ सेन को समुद्रतट पर ले जाना चाहते थे। इस अवसर पर मिसेज़ सेन ने लाल साड़ी पहनी थी और लाल लिपस्टिक लगायी थी; उसने माँग में फिर से सिंदूर डाले और बालों को फिर से सँवारा। उसने अपनी टोढ़ी के नीचे स्कार्फ़ बाँधा, को सिर के ऊपर धूपचश्मा जमाया और अपने पर्स में कैमरा भी रखा। जब मिस्टर सेन गाड़ी पार्किंग से बाहर निकाल रहे थे तब अपनी बाँह आगे की सीट के यूँ रखी थी, जिससे कुछ ऐसा दिखे मानो उन्होंने अपनी बाँह से मिसेज़ सेन को घेर रखा हो। "इस टॉप कोट के लिहाज़ से तो सर्दी बढ़ती ही जा रही है।" बात-चीत के क्रम में उसने उससे कहा। "हमें तुम्हारे लिए कुछ और गरम कपड़े लेने चाहिए।" दूकान पर उन्होंने मैकरल, बटर फ़िश और सी-बास लिया। इस बार मिस्टर सेन उसके साथ उसी दुकान पर आए। अबकी मिस्टर सेन ही थी, जिन्होंने पूछा कि मछली ताज़ी है या नहीं और उसे इस तरह से या उस तरह से काटे। उन्होंने इतनी सारी मछली ली कि एलियट को भी एक थैला पकड़ना पड़ा। थैलों को ट्रंक में डालने के बाद, मिस्टर सेन ने घोषणा की कि उन्हें भूख लगी है, और मिसेज़ सेन ने सहमति जताई। इसलिए वे सड़क पार कर एक रेस्टोरेंट में गए, जहाँ खाना परोसने की खिड़की अभी भी खुली थी। वे एक पिकनिक टेबल पर बैठे

और 'क्लैम केक' की दो बड़ी प्यालियाँ मँगाकर खाईं। मिसेज़ सेन ने अपने वाले केक पर ढेर सारा टाबास्को सॉस और काली मिर्च डाली। "पकौड़े जैसा, है न !" उसका चेहरा शर्म से लाल हो गया, उसकी लिपस्टिक फीकी पड़ गयी। और मिस्टर सेन जो कुछ भी कहते, उस पर वह हँसती रही।

रेस्टोरेंट के पीछे छोटा-सा बीच था। जब वे खा चुके, उसके बाद कुछ देर तक तट पर टहलते रहे। वहाँ हवा इतनी तेज़ थी कि उन्हें कुछ पीछे हटकर टहलना पड़ा। मिसेज़ सेन ने पानी की तरफ़ इशारा किया और बताया कि किसी खास पल में, हर लहर टँगनी पर सूखती साड़ी जैसी जान पड़ती है। "असंभव!" अंत में वह चिल्लाई और जब हँसते हुए वह पलटी तो उसकी आँखें नम दिख रही थीं।

"मैं हिल नहीं पा रही।" इसके बावजूद उसने रेत पर खड़े एलियट और मिस्टर सेन की तस्वीर खींची। मिस्टरसेन को कैमरा थमतो हुए और एलियट को अपने चेकवाले कोट से सटाते हुए उसने कहा, "एक हमारा भी।" बाद में एलियट को कैमरा दिया गया। मिस्टर सेन ने कहा, "इसे सीधा पकड़ो!" एलियट कैमरे की छोटी-सी खिड़की से देखते हुए मिस्टर और मिसेज़ सेन के एक दूसरे के पास आने का इंतज़ार कर रहा था। लेकिन वे नहीं आए। उन्होंने न हाथ थामा और न ही एक दूसरे के कमर में हाथ डाला। दोनों मुँह बंद कर मुस्कुरा रहे थे, हवा में बग़ल झांकते हुए। मिसेज़ सेन की साड़ी कोट के अंदर आग की लपट जैसी लहरा रही थी।

हवा और 'क्लैमकेक' को झेलने के बाद कार के अंदर की गरमाहट से थोड़ी राहत मिली। उन्होंने रेत के टीले, दूर से दिखनेवाले जहाज़ों, लाइट हाउस, आड़ू और बैंगनी रंग के बादलों का देखा और उन्हें सराहा। कुछ देर के बाद मिस्टर सेन ने गाड़ी धीमी की और सड़क के एक किनारे पर रोक दिया।

"क्या हुआ?" मिसेज़ सेन ने पूछा।

"आज तुम इसे चला कर घर तक ले जाओगी।"

"नहीं, आज नहीं।"

"नहीं, आज ही।" मिस्टर सेन कार से उतरे और मिसेज़ सेन की तरफ़ वाला दरवाज़ा खोल दिया। तट से टकराती हुई लहरों की आवाज़ के साथ एक तेज़ हवा का झोंका कार के अंदर घुस आया। अंत में वह खिसकती हुई ड्राइवर के सीट पर आ गई। लेकिन उसने अपनी साड़ी और धूपचश्मे को ठीक करने में काफ़ी समय लगाया। एलियट ने मुड़कर पीछे वाली खिड़की से देखा। सड़क ख़ाली थी। मिसेज़ सेन ने रेडियो जा दिया। कार में वायलिन का संगीत तैरने लगा।

"इसकी तो कोई ज़रूरत नहीं है," मिस्टर सेन ने उसे बंद करते हुए कहा।

"इससे मुझे एकाग्र होने में सहूलियत होती है।" मिसेज़ सेन ने कहा, और फ़िर से रेडियो चला दिया।

मिस्टर सेन ने हिदायत दी, "अपना सिग्नल दो।"

"मुझे पता है मुझे क्या करना है।"

कुछ मील तक वह ठीक थी। हालाँकि वह उन कारों से बहुत धीरे थी, जो उसे पार कर आगे निकल गयीं। लेकिन जब शहर आने को हुआ और तार पर ट्रैफ़िक लाइट धुँधले तौर पर कुछ दूरी पर दिखने लगे, वह और धीरे हो गयी।

"अपनी लेन बदलो," मिस्टर सेन ने कहा। "तुम्हें गोलचक्कर पर बाएँ से मुड़ना होगा।

मिसेज़ सेन ने ऐसा नहीं किया।

"मैं कह रहा हूँ न तुम्हें, लेन बदलो!" मिस्टर सेन ने रेडियो बंद कर दिया। "तुम्हें सुनाई दे रहा है, मैं क्या कह रहा हूँ?"

एक कार ने हॉर्न दिया, फिर दूसरे ने। वह बदले में ज़ोर से बजाने लगी, गाड़ी रोकी, और फिर बिना सिग्नल दिए सड़क के किनारे लगा दिया। अपने माथे को स्टीयरिंग व्हील के ऊपर टिकाते हुए उसने कहा, "अब और नहीं।"

"मुझे नफ़रत है। मुझे गाड़ी चलाने से नफ़रत है। मैं और नहीं चला सकती।"

इसके बाद उसने गाड़ी चलाना बंद कर दिया। अगली बार जब मछली वाले ने फ़ोन किया, तब उसने मिस्टर सेन को उनके दफ़्तर फोन नहीं किया। उसने कुछ नया करने के बारे में सोचा। युनिवर्सिटी और समुद्र तट के बीच हर घंटे एक शहर की बस चलती थी। युनिवर्सिटी के बाद उसके दो पड़ाव थे। पहला एक नर्सिंग होम पर, फिर एक अनाम शॉपिंग प्लाज़ा पर, जिसमें एक किताब, जूते, दवाई, पालतू जानवरों और रेकॉर्ड बेचने की दुकानें थीं। पोर्टिको के बेंचों पर बड़े बटनों वाली घुटने तक की ओवरकोट पहने, लॉजेंज़ेज खाते नर्सिंग होम की बूढ़ी औरतें जोड़ों में बैठीं थीं।

जब वे बस में बैठे थे तब मिसेज़ सेन ने उससे पूछा, "एलियट, तुम्हारी माँ जब बूढ़ी हो जाएगी तब क्या तुम उसे नर्सिंग होम में डाल दोगे ?"

"हो सकता है," उसने कहा। "लेकिन मैं हर दिन उससे मिलने जाऊँगा।

"तुम अभी ऐसा कह रहे हो, लेकिन तुम देखना, जब तुम बड़े हो जाओगे तुम्हारी ज़िन्दगी तुम्हें उस मोड़ पर ले जाएगी जिसके बारे में तुम्हें आज नहीं पता।" उसने अपनी उँगलियों पर गिना– "तुम्हारी बीवी होगी और तुम्हारे अपने बच्चे होंगे। उसी समय वे कहीं और घूमने जाना चाहेंगे। भले ही वे कितने ही उदार हों, एक दिन वे तुम्हारी माँ के पास जाने के लिए शिकायत करेंगे। और एक दिन तुम इन सबसे थक जाओगे, एलियट! तुम एक दिन नहीं जाओगे, फिर और दूसरे दिन भी। तब उसे एक लॉजेंज़ेज के पैकेज़ लाने की ख़ातिर भी घिसटते हुए बस से जाना होगा।"

मछली की दुकान पर बर्फ की सिल्ली लगभग ख़ाली थी। लॉबस्टर का टैंक भी, जिसपर ज़ंग लगे हुए दाग़ पानी से दिख रहे थे। एक निशान बता रहा था कि महीने के अंत में दुकान ठंड के चलते बंद हो जाएगी। काउंटर के पीछे बस एक ही नौजवान बंदा काम कर रहा था। उसने मिसेज़ सेन को नहीं पहचाना और उनको उनके नाम से सुरक्षित थैला दे दिया।

"क्या यह साफ़ किया हुआ और छिला हुआ है ?" मिसेज़ सेन ने पूछा।

लड़के ने अपने कंधे उचकाए, "मेरा मालिक पहले ही चला गया। उसने मुझे बस आपको यह थैला दे देने को कहा था।"

पार्किंग वाली जगह में मिसेज़ सेन ने बस-सारणी देखी। अगली बस के लिए उन्हें पैंतालीस मिनट का इंतज़ार करना पड़ सकता था। और तब उन्होंने सड़क पार किया और उसी दुकान के काउंटर से 'क्लैम केक' लिया, जिससे पिछली बार लिया था। वहाँ बैठने की कोई जगह नहीं थी। पिकनिक टेबल अभी इस्तेमाल में नहीं थे और बेंच उल्टी कर उनके ऊपर रखकर बाँध दिए गए थे।

घर लौटते समय बस पर एक बूढ़ी औरत उन पर नज़र टिकाए हुए थी। उसकी आँखें मिसेज़ सेन से एलियट और उसके बाद उनके पैरों के बीचे रखे ख़ून लगे थैले की बीच घूम रहीं थीं। उसने काला ओवरकोट पहन रखा था और उसने अपनी गोद में अपनी गाँठदार, बदरंग हाथों से दवाई की दुकान वाला एक सफ़ेद थैला पकड़ रखा था। दूसरी सवारियों में केवल कॉलेज के दो छात्र थे, लड़का और लड़की। उन्होंने एक जैसे स्वेटशर्ट पहन रखे थे, उनकी उँगलियाँ एक दूसरे से कसी हुई थी, वे पिछली सीट पर मगन बैठे थे। इस ख़ामोशी में एलियट और मिसेज़ सेन ने बैग में बाक़ी बचे 'क्लैम केक खाया। मिसेज़ सेन नैपकिन लेना भूल गयीं थीं, तले हुए टुकड़े उनके मुँह के किनारों पर चिपके हुए थे। जब वे नर्सिंग होम पहुँचे ओवरकोट वाली महिला वहाँ खड़ी हुई। उसने ड्राइवर से कुछ कहा, फिर बस से उतर गयी। ड्राइवर ने अपना सिर घुमाया और मिसेज़ सेन की तरफ़ देखते हुए कहा, "इस बैग में क्या है ?"

मिसेज़ सेन अनमने भाव से देख रही थी।

"अंग्रेज़ी बोल लेती हो ?" बस फिर से रफ़्तार पकड़ रही थी, इस कारण ड्राइवर मिसेज़ सेन और एलियट को बड़े से रियर-व्यू आईने से देखने लगा।

"हाँ, मैं बोल सकती हूँ।"

"तब बैग में क्या है?"

"मछली", मिसेज़ सेन ने जवाब दिया।

"ऐसा लगता है उसकी बू से दूसरे यात्रियों को परेशानी हो रही है। बच्चे शायद तुम्हें खिड़की खोल देना चाहिए या कुछ और।"

कुछ दिनों के बाद एक दोपहर को फ़ोन की घंटी बजी। थोड़ी-बहुत ज़ायकेदार हैलीबुत अभी-अभी नाव से उतरी है। क्या मिसेज़ को उनमें से कुछ

चाहिए ? उसने मिस्टर सेन को फ़ोन लगाया, लेकिन वे अपनी सीट पर नहीं थे। दूसरी बार उसने कोशिश की, फिर तीसरी बार। आख़िरकार वह रसोई गयी और बैठक में हँसुआ, एक एगप्लांट, और कुछ अख़बार लेकर आई। बिना कुछ कहे एलियट ने सोफ़े पर अपनी जगह ले ली और उसे एगप्लांट के तने को काटते हुए देखने लगा। उसने पहले लंबे पतले टुकड़ों में बाँटा फिर छोटे-छोटे चौकोरों में, फिर और छोटे-छोटे टुकड़ों में, चीनी के क्यूब जितने छोटे आकार में।

"मैं उसे डाल कर मछली और केले का बहुत ही स्वादिष्ट स्ट्यू बनानेवाली हूँ।" उसने घोषणा की ।

"बस मुझे बिना कच्चे केले के टुकड़े के करना पड़ेगा।"

"क्या हम मछली लाने जा रहे हैं ?"

"हम मछली लाने जा रहे हैं।"

"क्या मिस्टर सेन हमारे लिए लाने जा रहे हैं ?"

"अपने जूते पहनो!"

बिना सफ़ाई किए ही दोनों अपार्टमेंट से निकल गए। बाहर इतनी सर्दी थी कि एलियट उसकी ठंड अपनी दाँतों पर महसूस कर सकता था। वे कार में बैठ गए, और मिसेज़ सेन ने कोलतार की गोल सड़क के कई चक्कर लगाए। हर बार पाईन के पेड़ के झुण्ड के पास मुख्य सड़क के ट्रैफ़िक को देखने के लिए ठिठकती थी। एलियट को लगा कि जब तक वे मिस्टर सेन का इंतज़ार कर रहे थे तब तक वह बस अभ्यास कर रही है। लेकिन तब उसने संकेत दिया और मुड़ गई।

बहुत जल्द ही दुर्घटना घट गयी। लगभग एक मील के बाद मिसेज़ सेन ने, जब लेना चाहिए था उससे पहले ही बाएँ ले लिया था। और हालाँकि आती हुई कार ने खुद को रास्ते से बिल्कुल मोड़कर बचा लिया था, लेकिन वह हॉर्न की आवाज़ से इतनी घबरा गयी कि उसने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया और उल्टे कोने पर एक टेलिफ़ोन के खंभे से जा टकराई।

एक पुलिस वाला आया और उसने उसे लाइसेंस दिखाने को कहा, लेकिन उसके पास था नहीं कि वह उसे दिखाए।" मिस्टर सेन युनिवर्सिटी में गणित पढ़ाते हैं।" उसने अपनी सफ़ाई में बस इतना ही कहा।

मामूली-सा नुकसान था। मिसेज़ सेन के होठ कटे, एलियट की पसलियों में हल्का दर्द था और कार के बम्पर को थोड़ा सीधा करना पड़ता। पुलिसवाले ने सोचा मिसेज़ सेन की खोपड़ी भी फूटी है, लेकिन यह केवल सिन्दूर था। मिस्टर सेन जब अपने एक सहयोगी के साथ वहाँ पहुँचे, उन्होंने कुछ फ़ार्म भरने के साथ पुलिस वाले से काफ़ी बातें की। लेकिन जब वे गाड़ी चलाते हुए वापस अपार्टमेंट आए तब उन्होंने मिसेज़ सेन से कुछ नहीं कहा।

जब वे कार से उतरे मिस्टर सेन ने एलियट का सिर थपथपाया। "पुलिसवाला कह रहा था कि तुम बहुत भाग्यशाली हो। बड़े भाग्यवान कि तुम्हें एक खरोंच तक नहीं लगी।"

अपनी चप्पल को उतार उसे बुक केस पर रखने के बाद, मिसेज़ सेन ने हँसुए को वापस रख दिया, जो अभी तक बैठक की फ़र्श पर ही पड़ा था। और एगप्लांट के टुकड़ों और अख़बार को कूड़ेदान में फेंक दिया। उसने एलियट के लिए मूँगफली के मक्खन में एक प्लेट क्रैकर्स बनाए, उसे कॉफी टेबल पर रख दिया और टेलिविज़न चला दिया। "अगर उसे और भूख लगी हो तब उसे फ्रिज़र के डब्बे से एक पॉपसिकल दे दो।" मिस्टर सेन ने कहा, जो फार्मिका टेबल पर बैठकर अपनी चिट्ठियाँ छाँट रहे थे। तब वह अपने बेडरूम में गयी और अंदर से दरवाज़ा बंद कर लिया।

जब एलियट की माँ पौने छह बजे पहुँची, मिस्टर सेन ने दुर्घटना के बारे में उसे बताया और नवंबर के भुगतान की भरपाई से सम्बद्ध एक चेक देने की पेशकश की। जब वह चेक पर लिख रहे थे तब उन्होंने मिसेज़ सेन की तरफ़ से भी माफ़ी माँगी। उन्होंने बताया कि वह आराम कर रही है, हालाँकि एलियट जब बाथरूम गया था, उसने मिसेज़ सेन को रोते हुए सुना था। उसकी माँ व्यवस्था से संतुष्ट थी, और सही मायने में, जब वे घर जा रहे थे तब उसने एलियट के सामने स्वीकार किया कि अब वह राहत महसूस कर रही थी। यह अंतिम दुपहरी

थी, जब एलियट ने मिसेज़ सेन या किसी भी बेबी सिटर के साथ बिताई हो। उसके बाद उसकी माँ ने उसे एक चाबी दे दी थी, जिसे वह एक धागे में अपने गले में पहने हुए था। किसी आपात् स्थिति के मामले में उसे पड़ोसियों को फ़ोन करना था। और स्कूल के बाद अपने बीच हाउस आ जाना था। पहले दिन, जब वह अपना कोट उतार ही रहा था कि फ़ोन की घंटी बजी। यह उसकी माँ थी, जिसने दफ़्तर से उसे फोन किया था। "तुम अब एक बड़े लड़के हो, एलियट", उसने उसे बताया। "तुम ठीक हो ?" एलियट ने रसोई की खिड़की से बाहर, तट को छूकर लौटती हुई लहरों को देखा और कहा कि वह ठीक-ठाक है।

अध्याय : चार

असली दरबान

असली दरबान

सीढ़ियाँ बुहारने वाली बूढ़ी माँ, दो रातों से सोई नहीं थी। अगली सुबह वह अपनी खाट से खटमलों को झाड़ रही थी। एक बार उसने अपने गद्दे को लेटर बाक्स के नीचे झाड़ा, जहाँ वह रहती थी। फिर गली के मुहाने पर झाड़ा, जिससे सब्जियों के छिलके बीन रहे कौए घबराकर अलग-अलग दिशाओं में उड़ गए।

जब वह चौथी मंज़िल के छत पर चढ़ने लगी, तब बूढ़ी माँ ने अपना एक हाथ अपने घुटने पर रखा, जो हर बरसात की शुरूआत में सूज जाता था। इसका मतलब यह होता था कि उसकी बाल्टी, गद्दे, सरकण्डे का ढेर जो उसके लिए झाड़ू का काम करता था, सभी एक साथ उसकी काँख में दबे होते थे। बाद में बूढ़ी माँ को लगता कि वे सीढ़ियाँ और भी ऊँची होती जा रही थीं। उनके ऊपर चढ़ना किसी आम सीढ़ी के ऊपर चढ़ने के बदले किसी बाँस की सीढ़ी पर चढ़ने जैसा होता था। वह चौंसठ साल की थी। उसके सिर पर इतने बाल थे कि उसका जूड़ा अखरोट से ज़्यादा बड़ा नहीं दिखता था। आगे-पीछे, किनारे सभी तरफ़ से वह वैसी ही दुबली-पतली दिखती थी।

लेकिन हाँ, बूढ़ी माँ की जो चीज़ साफ़ तौर पर ज़ाहिर थी, वह थी उसकी आवाज़– दुखों से बोझिल, दही-सी खट्टी, इतनी तेज़ कि नारियल की गरी खुद बाहर निकल आए। इसी आवाज़ के साथ वह दिन में दो बार सीढ़ियों को साफ़ करते समय बँटवारे के बाद कलकत्ते तक आने और उस दौरान अपने साथ हुई तबाही और नुक़सान की कहानी सुनाती रहती थी। उसी समय मची भगदड़ में वह अपने पति और अपनी चार बेटियों से बिछड़ गयी। साथ ही, उसका दो तल्ला मकान, रोजबुड की आलमारी और ढेर सारी संदूक़चियाँ भी वहीं छूट गईं, जिसकी चाबियों का झब्बा आज भी अपनी साड़ी के आँचल में, अपने जीवन की जमा पूँजी के साथ बाँधे हुई थी।

अपनी विपदाओं के अलावा बूढ़ी माँ और जिन चीज़ों के बारे में बताती थी, वे थे उसके अच्छे दिन और जब तक वह दो तल्ले तक पहुँचती तब तक वह अपनी तीसरी बेटी की शादी की रात के व्यंजनों का बखान करते हुए पूरी बिल्डिंग का ध्यान अपनी ओर खींच चुकी होती। "हमने उसकी शादी एक स्कूल के प्रिंसीपल से की थी। चावल को गुलाब जल में पकाया गया था। शहर के मेयर को बुलाया गया था। काँसे की कटोरी में लोगों ने अपने हाथ धोए थे।"

यहाँ वह ठहरती, इतमीनान से साँस लेती, अपनी बाँह के नीचे दबे सामानों को ठीक करती। इस बीच उसे सीढ़ियों के जँगले से तिलचट्टों को भी भगाने का मौक़ा मिल जाता। तब आगे कहती- "सरसों में लिपटे झींगे को केले के पत्ते में लपेटकर पकाया गया था। ऐसा कोई सुस्वादु व्यंजन नहीं था जो न पकाया गया हो। यह हमारे लिए फ़िजूलख़र्ची नहीं थी। हम हफ़्ते में दो बार बकरे का गोश्त खाया करते थे। हमारी मिल्कियत में एक तालाब भी था, मछलियों से भरा।"

अब तक छत से सीढ़ियों पर रोशनी आने लगी थी। हालाँकि अभी सुबह के आठ ही बजे थे, पर धूप इतनी तेज़ थी कि बूढ़ी माँ के पैर के नीचे की सीढ़ी तप रही थी। यह काफ़ी पुरानी इमारत थी, जिसमें नहाने का पानी अभी भी ड्रमों में इकट्ठा किया जाता था, बग़ैर शीशे की खिड़कियाँ– शौचालय ईंट के बने हुए।

एक आदमी हमारे यहाँ खजूर और अमरूद तोड़ने आता था, दूसरा जवाकुसुम तोड़ने। जीना तो उसे कहते हैं जिसे मैंने वहाँ जिया। यहाँ तो मैं एक कटोरे में खाना खाती हूँ। यहाँ तक आते-आते बूढ़ी माँ की कनपटी गर्म होने लगती थी, दर्द की लहर उसके सूजे हुए घुटनों में फैल जाती थी। "क्या मैंने बताया था कि जब मैंने बॉर्डर पार किया था तब मेरी कलाइयों में महज दो कंगन थे ? लेकिन कभी ऐसे भी दिन थे जब मैं केवल संगमरमर पर ही चला करती थी। मेरा विश्वास करो या न करो, लेकिन उस सुख की तुम कल्पना भी नहीं कर सकते।"

बूढ़ी माँ के इस लंबे एकालाप में कितनी सच्चाई है, इसके बारे में कोई भी आश्वस्त नहीं था। हर दूसरे दिन वह अपनी उस संपत्ति को पहले से दुगुनी

बताती थी और उसी तरह अपनी अल्मारियों और संदूकची के सामानों को भी। इसमें किसी को कोई शक नहीं था कि वह शरणार्थी थी, यह उसके बांग्ला बोलने के लहज़े से ही लगता था। फिर भी ख़ासकर इस बिल्डिंग के रहने वाले लोग इस बूढ़ी माँ की बातों से ताल-मेल नहीं बिठा पाते। बूढ़ी माँ एक तरफ़ अपने ऐश्वर्य का बखान करती तो दूसरी तरफ़ वह बताती कि कैसे उसने पूर्वी बंगाल के बॉर्डर को, सन के बोरे के पीछे छुपकर, ट्रक पर सवार होकर, दूसरे हज़ारों लोगों के साथ पार किया। फिर किसी और दिन बूढ़ी माँ बताती कि वो कलकत्ते बैलगाड़ी पर आई।

बच्चे जब गली में चोर-सिपाही खेलने जा रहे होते तो कभी-कभी उससे पूछते–"ट्रक से या बैलगाड़ी से?" तब बूढ़ी माँ साड़ी का आँचल झटककर और चाबियों का झब्बा झनकाकर जवाब देती– "सफाई किस बात की ? पान के पत्ते से चूना खुरचने से क्या होगा? मेरा विश्वास करो या न करो। मेरा जीवन ऐसे दुखों से भरा है जिसकी तुम कल्पना भी नहीं कर सकते।"

इसलिए वह अपनी ही बताई हुई बातों को गड्डमड्ड कर देती। उसने अपने आपको ही विरोधाभासी बना लिया था।

वह हर चीज़ बढ़ा-चढ़ा कर बताती रहती थी। लेकिन उसकी बातें इतनी असरदार होती थीं, उसकी अदायगी इतनी जीवंत होती थीं कि उसकी बातों को एक सिरे से नकार देना भी मुश्किल था। तीसरी मंज़िल के मि. दलाल दफ़्तर जाते समय जब बूढ़ी माँ को देखते हैं तो सोचने लगते हैं– एक समय की मालकिन आज सीढ़ी बुहार रही है! वे कॉलिज स्ट्रीट के प्लंबिंग डिस्ट्रिक्ट में रबर ट्यूब, पाइप, वाल्व फिटिंग आदि के थोक वितरकों का हिसाब-किताब देखते हैं।

ज़्यादातर गृहिणियों का अनुमान था कि वह बेचारी अपने परिवार से बिछुड़ने के ग़म को भुलाने के लिए काल्पनिक कहानियाँ बनाया करती थी।

भले ही बूढ़ी माँ झूठ का पुलिंदा थी, लेकिन वह बदलते वक़्त की शिकार थी। इस बात को बूढ़े मि. चटर्जी दुहराया करते थे। आज़ादी के बाद न तो उन्होंने

कभी अपनी बालकनी छोड़ी और न ही कभी अख़बार खोला। लेकिन इसके बावजूद, या कहें कि इसी वजह से उनकी राय को लोग काफ़ी सम्मान देते थे।

यह बात लोगों में आपसी समझ के तहत मशहूर हो गयी कि सुदूर पूर्व में किसी जमींदार ने घरेलू सहायता के लिए बूढ़ी माँ को रखा था, इसलिए वह अपने अतीत के बारे में इतना बढ़ा-चढ़ा कर बता पाती थी। लेकिन उसके भर्राये हुए गले से इस कथावाचन से किसी को कोई नुक़सान नहीं था। सभी इस बात पर राजी थे कि वह लोगों का मनोरंजन करने में माहिर थी। लेटर बॉक्स के नीचे रहने के एवज़ में बूढ़ी माँ वहाँ की मोड़दार सीढ़ियों को चकाचक साफ़ रखती थी। सबसे बड़ी बात यह थी कि इस इमारत के सभी निवासियों को बूढ़ी माँ का उस सरकने वाले दरवाज़े के पीछे हर रात सोना अच्छा लगता था, क्योंकि वह उनके और बाहरी दुनिया के बीच एक रक्षक की तरह खड़ी थी।

वैसे ख़ास तौर पर इस इमारत में रहनेवालों में किसी के पास इतना या ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी चोरी का ख़तरा हो। दूसरी मंज़िल पर रहनेवाली विधवा, मिसेज मिश्रा, एक अकेली ऐसी थीं जिनके पास टेलिफ़ोन था। यहाँ के लोग इस बात से कृतज्ञ थे कि बूढ़ी माँ गली में हमेशा चहल-क़दमी करती। एक दरवाज़े से दूसरे दरवाज़े कंघी और शॉल बेचने वाले घुमंतू फेरीवालों की ख़बर लेती रहती थी। पुकारने पर तुरंत रिक्शे वाले को बुला देती थी और अपनी झाडू के फटकार से वैसे उचक्कों को खदेड़ देती थी जो वहाँ थूकने, पेशाव करने या दूसरी परेशानियाँ पैदा करने के लिए मँडरा रहे होते थे।

कुल मिलाकर, कुछ सालों में, बूढ़ी माँ का काम एक असली दरबान जैसा हो चुका था। हालाँकि सामान्य परिस्थितियों में यह काम किसी औरत का नहीं था। लेकिन उसने इस काम को बखूबी निभाया, और इस खूबी से कि अगर वह लोअर सर्कुलर रोड या जोधपुर पार्क या किसी और आधुनिक रिहाइशी इलाके के घर के लिए यह काम करती तब भी शायद इसी मुस्तैदी के साथ करती।

छत के उपर बूढ़ी माँ ने अलगनी पर अपना गद्दा टाँग रखा था। अलगनी की तार छत के मुँडेर के एक कोने से दूसरे कोने तक तिरछा टँगी थी, जिसके साथ टेलीविजन का एंटीना, इश्तिहार के बोर्ड और दूर हावड़ा ब्रिज़ का मेहराब दिखता था। बूढ़ी माँ ने आसमान को निहारा, फिर उसने टैंक के नीचे लगे नल को खोला। उसने अपना चेहरा धोया, अपने पैर धोये और दोनों उँगलियों से अपने दाँत साफ़ किए। अब उसने अपनी झाड़ू से गद्दे को पीटना शुरू किया। जब-तब वह रुक जाती और कनखियों से फ़र्श पर देखती, इस उम्मीद में कि वह उसे पहचान जाए जिससे उसकी रातों की नींद ख़राब हो रही है। वह अपने इस काम में इतनी मगन हो गयी थी कि उसे कुछ पहले ही पता चल पाया कि तीसरे तल्ले की मिसेज दलाल वहाँ आयी हुई थीं– एक ट्रे में नींबू के छिलकों को नमक लगाकर धूप में सुखाने।

"इस गद्दे में जो कुछ भी है, वो मुझे रातभर जगाए रखता है," बूढ़ी माँ ने कहा।

"मुझे बताओ, तुमने उन्हें कहां देखा?"

मिसेज़ दलाल बूढ़ी माँ के प्रति थोड़ी उदार थीं। कई बार वो इस बूढ़ी महिला को छोटी-मोटी चीज़े देकर उसकी सहायता किया करती। जैसे उसके खाने को सुस्वादु बनाने के लिए अदरख का मसाला देकर।

"मुझे तो कुछ नहीं दिख रहा", मिसेज दलाल ने थोड़ी देर देखने के बाद कहा। उनकी पलकें पारदर्शी थीं और पैर की उँगलियाँ बेहद नाज़ुक, जिनमें उन्होंने छल्ले डाल रखे थे।

"तब ज़रूर उनके पंख होंगे", बूढ़ी माँ ने अपना तर्क दिया। उसने अपनी झाड़ू नीचे रख दी और देखा, एक बादल दूसरे बादल के पीछे से गुज़र रहा है। "मेरे कुचलन से पहले ही वे उड़ गए होंगे। लेकिन मेरी पीठ तो देखो! इस पर जरूर काटने के निशान होंगे।"

मिसेज दलाल ने बूढ़ी माँ की साड़ी का आँचल उठाया– एक सफ़ेद सी साड़ी, जिसका किनारा मैल से चीकट था।

उसने ब्लाउज के उपर और नीचे ख़ाल देखी। उसकी ब्लाउज भी पुराने ज़माने के फ़ैशन की थी। तब उसने कहा, "बूढ़ी माँ, तुमने दिन में सपना देखना शुरू कर दिया है।"

"अरे मैं तुम्हें बता रही हूँ, ये कीड़े मुझे ज़िंदा खाए जा रहे हैं।"

"ऐसा घमौरियों के कारण हो सकता है।" मिसेस दलाल ने सुझाया।

इसपर बूढ़ी माँ ने अपने आँचल को झाड़ा, जिससे उसमें बँधी चाबियों का झब्बा झनझनाने लगा। उसने कहा, "मुझे पता है घमौरियाँ क्या होती हैं। यह घमौरी नहीं है। मैं तीन दिनों से या कहो चार दिनों से, सो नहीं पाई। किसको पड़ी है? मेरी आदत अपने बिस्तर को साफ़-सुथरा रखने की रही है। हमारे कपड़े रेशम के होते थे। मेरा विश्वास करो, न करो! हमारी मच्छरदानियां भी इतनी नरम होती थीं मानो रेशम की हों। ऐसा सुख, जिसकी तुम कल्पना भी नहीं कर सकती।"

"मैं उनकी कल्पना नहीं कर सकती", मिसेज दलाल ने उसी स्वर में दुहराया। उसने अपनी पारदर्शी पलकें झुकाकर उदास स्वर में कहा– "मैं उनकी कल्पना नहीं कर सकती बूढ़ी माँ! मैं दो कमरे के टूटे फ़्लैट में रहती हूँ, मेरा पति बाथरूम के कल-पुर्जे बेचता है।"

मिसेज़ दलाल पीछे मुड़ी और उसके गद्दे की तरफ़ देखा। उसकी उधड़ी हुई सिलाई में उँगली डालते हुए पूछा–

"बूढ़ी माँ, तुम इस बिस्तर पर कितने समय से सो रही हो?"

बूढ़ी माँ ने जवाब देने के लिए अपने होठों पर उँगली रखी लेकिन उसे कुछ याद नहीं आया।

"फिर आज से पहले इस बात की चर्चा क्यों नहीं की? क्या तुम्हें लगा कि हम तुम्हें एक साफ़ गद्दा भी नहीं दे सकते? एक मोमजामा, इस काम के लिए?" वह आहत दिख रहीं थीं।

"इसकी कोई ज़रूरत नहीं", बूढ़ी माँ ने कहा, "अब यह साफ़ है। मैंने इसे अपनी झाड़ू से झाड़ दिया है।"

"मुझे कुछ नहीं सुनना", मिसेज दलाल ने कहा।" तुम्हें एक नए बिस्तर की ज़रूरत है। गद्दा, तकिया और सर्दी आने पर एक कंबल।" जैसे-जैसे वो बोल रही थी मिसेज दलाल उन ज़रूरी चीजों को अपने अंगूठे से उँगलियों के पोरों पर गिन रही थीं।

"पर्व-त्योहार के मौक़े पर ग़रीब लोग हमारे घर पर खाने की उम्मीद में आते थे", बूढ़ी माँ ने बताया। वह छत की दूसरी तरफ़ कोयले के ढेर से अपनी बाल्टी भर रही थी।

"मि. दलाल के ऑफिस से लौटने पर मैं उनसे बात करूँगी।" मिसेज़ दलाल जब सीढ़ियों की ओर जा रही थीं तब फिर कहा, "दोपहर में आना। मैं तुम्हारे लिए कुछ अचार और तुम्हारी पीठ के लिए पाउडर दूँगी।"

"ये घमौरियाँ नहीं हैं", बूढ़ी माँ ने कहा।

यह सही था कि बरसात के मौसम में घमौरियों का होना साधारण-सी बात थी। लेकिन बूढ़ी माँ का सोचना था, कि आख़िर किस बात के चलते उसके बिस्तर में इतनी ख़ामी आ गई कि जिससे उसकी नींद उड़ गयी और जिससे उसके झीने पड़ते माथे और खाल पर मिर्च जैसी जलन हो रही थी। वह कोई साधारण चीज कैसे हो सकती थी भला!

वह इन्हीं बातों के बारे में सोच रही थी, जब वह सीढ़ियों को हमेशा की तरह ऊपर से नीचे बुहार रही थी– जब बारिश शुरू होती थी। यह छत को वैसे ही थपकाती हुई आयी, जैसे कोई बच्चा अपने से बड़े नाप के चप्पल को पहनकर चले। उससे मिसेज़ दलाल के नींबू का छिलका बह कर गटर में चला गया। इसके पहले कि पैदलसवार लोग अपनी छतरी खोल पाते बारिश का पानी उनके कॉलर, पॉकेट और जूतों में घुस गया। ख़ास कर उस फ़्लैटनुमा इमारत और आस-पास की

इमारतों में, चरमराती शटरों को बंद कर दिया गया और उसे खिड़कियों की छड़ों से पेटीकोट के नाड़ी से बाँध दिया गया।

और इस समय तक, बूढ़ी माँ सीढ़ियाँ बुहारते दूसरे तल्ले के चबूतरे तक आ चुकी थीं। उसने उन खड़ी ढाल वाली सीढ़ियों की ओर देखा, और जिस तरह उसके चारों ओर पानी बरसने की आवाज़ तेज़ होती जा रही थी, उसे पता चल गया कि उसके गद्दे की मिट्टी पलीद हो चुकी थी। तभी उसे मिसेज़ दलाल के साथ हुई बातचीत याद आयी और इसलिए वह उसी रफ़्तार से बाक़ी सीढ़ियों से धूल-धक्कड़, सिगरेट के टोटे, चॉक्लेट के छिलके बुहारते हुए नीचे लेटर बॉक्स तक पहुँच गयी। हवा से बचने के लिए, उसने कुछ अख़बार के लिए अपनी टोकरी को खंगाला और इसके मिलने पर सरकने वाले दरवाज़े के हीरे के आकार वाले छेद में ठूँस दिया। तब उसने अपने कोयले के चूल्हे पर अपना खाना गरम करने रख दिया। फिर वह ताड़ के सलवटी पंखे को हाथ में लिये लौ की ओर तकती रही।

उस दोपहर को, अपनी आदत के अनुसार बूढ़ी माँ ने फिर से अपना जूड़ा बनाया, अपनी साड़ी के आँचल की गाँठ खोली, और अपने जीवन की जमा-पूँजी गिनी। वह अभी कोई बीस मिनट झपकी लेने के बाद जगी थी, जिसे उसने अपने अख़बार से बनाए कामचलाऊ बिस्तर पर लिया था। बारिश रुक गयी थी और अब आम के पत्तों की भीनी खट्टी खुशबू पूरी गली में फैल गयी थी।

कुछ ख़ास दोपहरों में बूढ़ी माँ अपने साथ रहने वालों के यहाँ जाया करती थी। उसे अलग-अलग तरह के घरों में आने-जाने में मज़ा आता था। घर वालों ने अपनी तरफ़ से बूढ़ी माँ को आश्वस्त कर दिया था कि उसका उनके यहां हमेशा स्वागत है। वह रात के अलावे अपने घर के दरवाज़े पर कुण्डी भी नहीं लगाती। वह अपना काम देखती, बच्चों को डाँटती या अपने हिसाब जोड़ती या शाम के लिए चावल से कंकड़ बीनती। समय-समय पर उसे चाय दी जाती थी, उसकी ओर बिस्कुट का टिन सरका दिया जाता था और वह बच्चों को कैरम खेलने में सहयोग देती थी। फ़र्नीचर पर बैठने की वह आदी नहीं थी, इसलिए वह गलियारे में या

दरवाज़े पर उकडूँ होकर घुटने मोड़कर बैठती और लोगों की गतिविधियों और हावभाव को ऐसे देखती जैसे कोई आदमी विदेश में ट्रैफ़िक को देख रहा हो।

इस ख़ास दोपहर बूढ़ी माँ ने मिसेज़ दलाल के बुलावे पर वहाँ जाने का विचार किया। उसकी पीठ में अभी भी चुभन हो रही थी, अख़बार से बने बिस्तर पर एक झपकी लेने के बावजूद। इसलिए अब उसे घमौरीनाशक पाउडर की ज़रूरत महसूस होने लगी थी। उसने अपना झाड़ू उठाया– जिसके बिना वह अपने आपको अधूरा महसूस करती थी। और जब वह सीढ़ियों पर चढ़ने को ही हुई, एक रिक्शा सरकने वाले दरवाज़े पर रुका।

यह मि. दलाल थे। रसीदों को व्यवस्थित रखने में ही उन्होंने अपने सालों लगा दिए थे जिससे उनकी आँखों के नीचे बैंगनी घेरा बन गया था। लेकिन आज उनकी आंखों में चमक थी। जीभ का सिरा उनके दाँतों के बीच खेल रहा था, और अपनी जाँघों के बीच उन्होंने सेरामिक के दो छोटे बेसिन फँसा रखे थे।

"बूढ़ी माँ, आपके लिए मेरे पास एक काम है। इन बेसिनों का ऊपर तक ले जाने में मेरी सहायता कीजिए। उन्होंने एक तहाए रूमाल को अपने गले और माथे पर फिराया और रिक्शा-चालक को पैसे दिए। तब उन्होंने और बूढ़ी माँ ने बेसिन को तीसरे तल्ले तक पहुँचाया। यह तब तक नहीं हुआ था जब तक कि वे फ़्लैट के अंदर नहीं पहुँचे थे। तब उन्होंने मिसेज़ दलाल, बूढ़ी माँ और कुछ दूसरे बाशिंदों के सामने, जो उत्सुकतावश उनके पीछे-पीछे आ गए थे, उनको बताया–

रबर ट्यूब, पाइप और वाल्व फिटिंग के वितरक के लिए रसीदों को व्यवस्थित रखने के घंटे ख़त्म हुए। वितरक को खुद ही ताज़ी हवा चाहिए थी, और उसका मुनाफ़ा भी दुगना हो गया था, वह अपनी दूसरी शाखा बर्द्धमान में खोल रहा था।

और तब, उसके वर्षों के अथक काम-काज को देखते हुए, वितरक ने मि. दलाल को पदोन्नत करते हुए कॉलेज स्ट्रीट वाली शाखा को संभालने का ज़िम्मा दे

दिया। इसी ख़ुशी में प्लंविंग डिस्ट्रिक्ट से घर आने के क्रम में, मिस्टर दलाल दो बेसिन लेते आए।

दो कमरे वाले फ़्लैट में हम इन दो बेसिनों का क्या करेंगे? मिसेज दलाल ने पूछा। वह पहले ही अपने नींबू के छिलके को लेकर झल्लाई हुई थीं। "ऐसा सुना है किसी ने? मैं अभी भी केरोसिन पर पकाती हूँ। तुमने फ़ोन के लिए भी अप्लाई करने से मना कर दिया। मैंने अभी तक उस फ्रिज़ की शकल नहीं देखी जिसका वायदा तुमने किया था, जब हमारी शादी हुई थी। तुम इन दो बेसिनों से उन सबकी भारपाई करना चाहते हो?"

उसके बाद जो बहस हुई वह इतनी तेज़ आवाज़ में थी कि उसे नीचे लेटर बॉक्स तक सुना जा सकता था। यह इतनी तेज़ और इतनी लंबी थी कि दुबारा अंधेरा होने के बाद बारिश शुरू हो गयी। यह इतनी तेज़ थी कि बूढ़ी माँ भी अपनी बात भूल गयी और दिन में दूसरी बार सीढ़ियों को ऊपर से नीचे तक बुहारने लगी। इस कारण उसने न अपने दुःखों की बातें की और नहीं अपने अच्छे दिनों की बातें सुनाई। उसने अख़बारी बिस्तरे पर ही अपनी रात बितायी।

मि. और मिसेज दलाल के बीच की बहस अभी भी कम या ज़्यादा अगली सुबह तड़के भी असरदार थे कि नंगे पैर वाले मज़दूरों का एक दल बेसिन लगाने आ गया। पूरी रात करवटें बदलने के बाद मि. दलाल ने एक बेसिन को अपने फ़्लैट की बैठकी में और दूसरे को बिल्डिंग के पहले तल्ले सीढ़ी के नीचे लगाने का निश्चय किया। "इससे हर कोई इसका इस्तेमाल कर सकेगा।" उन्होंने जा-जाकर लोगों को समझाया। वहाँ के बाशिंदे खुश हो गए, चूँकि वर्षों से वे जमा किए हुए पानी को मग में लेकर अपनी दाँतों को ब्रश करते आ रहे थे।

उसी दौरान, मि. दलाल सोच रहे थे, बिल्डिंग में सीढ़ियों के नीचे बेसिन का होना आगंतुक को प्रभावित करेगा। अब वे कम्पनी के मैनेजर हो गए थे, किसे मालूम है कि, कब कौन आ जाए?

कामगारों ने कई घंटों तक मेहनत की। उन्होंने कई बार सीढ़ियों से ऊपर नीचे भाग-दौड़ की। उन्होंने उकड़ूँ बैठकर सीढ़ियों के नीचे अपने दोपहर का खाना खाया। उन्होंने हथौड़ियाँ चलाईं। चिल्लाए, लड़े-झगड़े और गालियाँ दीं। उन्होंने अपने पसीने अपने सिर पर बाँधे अंगोछों के किनारे से पोंछे। कुल मिलाकर, उस दिन बूढ़ी माँ के लिए सीढ़ियों को बुहारने का काम असंभव हो गया।

समय बिताने के लिए, बूढ़ी माँ ने छत का आश्रय लिया। वह छज्जे के किनारे की दीवार के सहारे बार-बार अपनी जगह बदल रही थी लेकिन अख़बार पर सोने के कारण उसके कूल्हे में दर्द हो रहा था। आसमान में चारों ओर देखने के बाद गद्दे में जो कुछ बचा था उसे फाड़-फाड़कर उसने अनेक टुकड़े बनाए और यह तय किया कि बाद में वह दूसरी सीढ़ियों के जंगले साफ़ करेगी।

शाम होते ही बाशिंदे दिन के काम की तारीफ़ करने के लिए जमा हुए। यहाँ तक कि बूढ़ी माँ को भी बहते हुए साफ पानी में हाथ धोने के लिए कहा गया। वह गर्व से कहने लगी, "हमारे यहाँ नहाने का पानी इत्र और फूल की पंखुड़ियों से सुगंधित किए जाते थे। मानो या न मानो, पर इस सुख की तुम कल्पना भी नहीं कर सकते।"

मि. दलाल बेसिन की कई एक विशेषताओं को बताने और दिखाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने हर टोंटी को पूरी तरह खोल दिया और फिर अच्छी तरह बंद कर दिया। तब उन्होंने दोनों टोंटियों को एक साथ खोल दिया, पानी के दबाव के अंतर को दिखाने के लिए। टोंटियों के बीच में लगे लीव़र को उठाने से बेसिन का पानी जमा हो जाता था, अगर इसकी ज़रूरत हो। "अब इसके बेहतर भला क्या होगा" मि. दलाल ने यह कहते हुए बात ख़त्म की।

"बदलते हुए समय की एक निश्चित पहचान", मि. चैटर्जी जो इसके लिए जाने जाते थे, ने अपनी बाल्कनी से इस बात को स्वीकार किया।

हालाँकि गृहणियों के बीच, जल्द ही असंतोष पनपने लगा। सुबह में ब्रश करने के लिए कतार में लग जाना जिससे हर कोई अपनी बारी का इंतज़ार करते

-करते हताश हो जाता। हर इस्तेमाल के बाद टोंटी को पोंछना पड़ता था और बेसिन के तंग किनारे पर वे अपना साबुन और टूथपेस्ट नहीं छोड़ सकते थे। दलाल के पास अपना सिंक था; बाक़ियों को हिस्सा बँटाना क्यों पड़ रहा था।

"क्या यह हमारे बूते से बाहर है कि हम अपना सिंक ख़रीद सके।" आख़िरकार उनमें से एक, एक सुबह फूट पड़ी।

"क्या केवल दलाल ही है जो इस बिल्डिंग के हालात को सुधार सकें ?" दूसरे ने कहा।

अफ़वाह आग की तरह फैलने लगी : वह यह कि उनके बीच बहस के बाद मि. दलाल ने दो किलो सरसों तेल ख़रीद कर, एक कश्मीरी शॉल, एक दर्ज़न चंदन के साबुन की बट्टी लाकर अपनी पत्नी को शांत किया– कि मि. दलाल ने टेलीफ़ोन लाइन के लिए आवेदन दिया है; कि मिसेज़ दलाल और कुछ नहीं करतीं, बस पूरे दिन बेसिन में अपना हाथ धोया करती हैं। जैसे इतना ही काफ़ी नहीं था। अगली सुबह, हाउड़ा स्टेशन जाने के लिए एक टैक्सी के पहियों की आवाज़ गली में गूंज उठी; दलाल परिवार दस दिन के लिए शिमला जा रहा था।

"बूढ़ी माँ, मैं भूली नहीं हूं। हम आपके लिए पहाड़ों में बने भेड़ के ऊन का कंबल लेकर आएँगे," मिसेज दलाल ने टैक्सी की खुली खिड़की से कहा। वह अपनी गोद में एक चमड़े का पर्स रखे हुई थी जो उसकी साड़ी के फ़ीरोजी किनारी से मेल खा रहा था।

"हम दो लाएँगे!" मि. दलाल चिल्लाए, जो अपनी पत्नी के बग़ल में बैठे अपनी पॉकेट को टटोल रहे थे, यह देखने के लिए कि उनका बटुआ सही जगह है या नहीं।

उस खास फ़्लैट वाली इमारत में जितने लोग रहते थे, केवल बूढ़ी माँ उनमें से एक थी, जो उस सरकने वाले गेट पर खड़ी थी और उनकी यात्रा के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दे रही थी।

जैसे ही दलाल दम्पति गए, दूसरी गृहिणियाँ अपनी तरफ से मरम्मत की योजना बनाने लगीं। एक ने अपनी शादी के बाजूबंद के एक हिस्से को बदलकर सीढ़ियों के दीवार की पुताई के लिए पोतने वाले को लगाने की सोची। दूसरे ने अपनी सिलाई मशीन गिरवी रखी और तोड़ने वाले को बुलाया। तीसरी सुनार के पास गयी और उसने खीर की कटोरी बेच दी, वह शटर को पीले रंग से पुतवाना चाहती थी।

कामगार् इस ख़ास फ़्लैट वाली इमारत में दिन-रात काम में लग गए। इस आवाजाही से बचने के लिए बूढ़ी माँ छत पर सोने लगी। बहुत सारे लोग सरकने वाले दरवाज़े से आ जा रहे थे। और दूसरे लोग गली को हमेशा जाम रख रहे थे, इतना कि उन पर नज़र रखना मुमकिन नहीं था।

कुछ दिनों के बाद बूढ़ी माँ ने अपनी टोकरी और चूल्हा भी छत पर पहुँचा दिया। नीचे की सीढ़ी वाले बेसिन के इस्तेमाल करने की कोई ज़रूरत नहीं थी। वह टंकी के टैप से आसानी से अपना काम चला सकती थी, जैसा कि वह हमेशा किया करती थी। अभी भी वह अपने गद्दे के टुकड़े से सीढ़ियों के जँगलों को साफ़ करती थी। अभी वह उन्हीं टुकड़ों से सीढ़ियों के जँगलों को साफ़ करने की ही सोच रही थी। वह लगातार अख़बार पर ही सो रही थी।

फिर से बारिश आ गयी। टपकते हुए चंदोबे तले, सिर के ऊपर एक अख़बार रख कर बूढ़ी माँ उकड़ूँ बैठी थी और देख रही थी कि बरसाती चीटियाँ अलगनी पर अपने अंडों को मुँह में दबाकर उन्हें ढो रही थीं। नम हवाएँ उसकी पीठ को राहत दे रही थीं। उसके अख़बार कम पड़ते जा रहे थे।

उसकी सुबह लंबी होती थी, दोपहर उससे भी लंबी। उसे याद नहीं कि उसने अपनी अंतिम चाय कब पी थी। न वह अपने दुःख के बारे में और न ही अतीत के बारे में सोच रही थी, उसे बस यही लग रहा था कि दलाल दम्पति कब उसके लिए नया बिस्तर लेकर लौटेंगे।

वह छत पर रहते-रहते बेचैन हो गयी, इसलिए थोड़ी बहुत तब्दीली के लिए बूढ़ी माँ दोपहरों में पड़ोस के चक्कर लगाने लगी। हाथ में सरकण्डे की झाड़ू लिए, न्यूज़प्रिंट के स्याही के दाग़ लगी साड़ी में, वह बाज़ारों में घूमने लगी। उसने छोटी-छोटी खुशियों के लिए अपनी बचत पूँजी खर्च करनी शुरू कर दी, आज चूड़े का एक पैकेट, अगले दिन कुछ काजू, अगले दिन गन्ने के रस का एक प्याला। एक दिन वह घूमते-घूमते कॉलेज स्ट्रीट के बुकस्टाल तक पहुँच गयी। अगले दिन वह और आगे निकल गयी, बहू बाज़ार के फल बाजार तक। यहीं पर, जब वह दुकानों के पथ पर कटहल और तेंदू को निहार रही थी, तभी उसे लगा कि उसके पल्लू के किनारे से झटके से कोई चीज़ खींची गयी हो और उसने देखा, उसकी बाक़ी बची जमा पूँजी और उसकी बची हुई चाबियाँ जा चुकीं थीं।

उस दोपहर जब वह सरकने वाले दरवाज़े तक पहुँची, वहाँ के बाशिंदे बूढ़ी माँ का इंतज़ार कर रहे थे। दुर्गतभरी रुलाई सीढ़ियों पर फैल गयी थी, सभी के मुँह पर एक ही बात की चर्चा थी– सीढ़ी के पास वाली बेसिन चुरा ली गयी थी। हाल ही में पुते दीवार पर एक बड़ा-सा छेद था, रबर की लंबी-ढीली-ढाली पाईप उससे लटकी हुई थी। प्लास्टर के टुकड़े जमीन पर बिखरे पड़े थे। बूढ़ी माँ ने कुछ नहीं कहा, बस अपने सरकण्डे की झाड़ू को कस कर पकड़े रखा।

खासी तेजी दिखाते हुए वहाँ के बाशिंदों ने बूढ़ी माँ को लगभग धकियाते हुए सीढ़ियों से छत पर ले गए, जहां उन्होंने उसे अलगनी के एक तरफ खड़ा कर दिया। और एक-एक करके उस पर चिल्लाने लगे।

"यह सब इसी का किया-धरा है," उनमें से एक चिल्लाया, बूढ़ी माँ की तरफ़ इशारा करते हुए। "इसी ने चोरों को ख़बर दी। जब इसे गेट पर निगरानी के लिए रहना था, तब यह कहाँ थी?"

"कुछ दिनों से यह सड़कों पर घूमती और अजनबियों से बातचीत करते नज़र आ रही है", दूसरे ने जानकारी दी।

"हम इसे अपना कोयला देते है, सोने के लिए जगह देते है। यह हम लोगों के साथ इस तरह से दग़ा कैसे कर सकती है ?" तीसरे ने जानना चाहा।

हालाँकि उनमें से कोई भी बूढ़ी माँ से सीधे बात नहीं कर रहा था, उसने जवाब दिया, "मेरा विश्वास करो, मेरा विश्वास करो। मैंने चोरों को खबर नही दी।"

"हम सालों से तुम्हारे झूठ को सहते आए हैं", उन्होंने जवाब दिया।

"अब तुम हमसे उम्मीद करती हो कि हम तुम्हारी बात मान लें ?"

उनका आरोप-प्रत्यारोप चलता रहा। वे दलाल दम्पति को इसके बारे में कैसे बताएँगे? अंत में उन्होंने मि. चटर्जी से सलाह मागी। वे बालकनी में बैठे थे, ट्रैफ़िक जाम देखते हुए।

दूसरे माले के एक बाशिंदे ने कहा, "बूढ़ी माँ ने बिल्डिग की सुरक्षा को ख़तरे में डाल दिया है। हमारे पास कीमती सामान हैं। वो विधवा मिसेज मिश्रा अकेले अपने फ़ोन के साथ रहती हैं। हम क्या करेंगे ?"

मि. चटर्जी ने उनकी बातों पर विचार किया। जब उन्हें लगा कि सब हो गया, उन्होंने अपने कंधे से लिपटी शॉल को ठीक किया। अपनी नजर उस बाँस के बाड़ पर टिकाई जिससे उनकी बालकनी घिरी हुई थी। उनके पीछे का शटर, जहाँ तक उनकी याद जाती थी, बदरंग ही थी, अब पीले रंग से रंगी थी। आखिरकार उन्होंने कहा, "बूढ़ी माँ तो झूठ का पुलिंदा है लेकिन इसमें कोई नयी बात नहीं है। नयी है इमारत की ताज़ी सूरत। असल में इस तरह की इमारत के लिए एक दरबान की ज़रूरत है।

इसलिए वहाँ के बाशिंदों ने उसकी बाल्टी, उसके चीथड़े, उसकी टोकरी और उसके सरकण्डे की झाड़ू, सीढ़ियों के नीचे, लेटरबॉक्स और सरकनेवाले दरवाज़े से होते हुए गली में उछाल फेंका। उसके बाद उन्होंने बूढ़ी माँ को धक्का देकर बाहर किया। अब सब असली दरबान की खोज में जुट जाने को बेचैन थे।

अपने सामान के ढेर से बूढ़ी माँ ने केवल अपनी झाड़ू रखीं, "मेरा विश्वास करो, मेरा विश्वास करो", उसने एक बार कहा और धीरे-धीरे उसकी आकृति ओझल होने लगी। उसने अपने पल्लू को झटका लेकिन कोई खनखनाहट नहीं हुई।

अध्याय: पाँच

सेक्सी

सेक्सी

किसी बीवी के लिए यह एक बुरे डरावने सपने की तरह था। लक्ष्मी ने मिरांडा को बताया, शादी के नौ साल बाद उसकी चचेरी बहन का पति किसी दूसरी औरत के चक्कर में पड़ गया है। दिल्ली से मांट्रियल की उड़ान में वह उसके बग़ल में बैठा था। अपनी बीवी और बेटे के पास घर जाने के बदले वह उस औरत के साथ हीथ्रो उतर गया। उसने अपनी बीवी को फोन करके बताया कि उसकी किसी से बात-चीत हुई, जिसने उसकी ज़िन्दगी बदल दी है। और उसने बताया कि चीज़ों को समझने के लिए उसे थोड़ा वक़्त चाहिए। लक्ष्मी की चचेरी बहन ने बिस्तर पकड़ ली।

"ऐसा नहीं है कि मैं उसे दोष दे रही," लक्ष्मी ने कहा। वह एक मसालेदार चूरन लेने गई थी जिसे वह पूरे दिन फाँकती रहती थी। मिरांडा को वह चूरन देखने में संतरे के सूखे छिलके जैसी लगती थी। "ज़रा सोचो। एक अंग्रेज़ लड़की, उससे आधी उम्र की।" लक्ष्मी मिरांडा से कुछ साल ही बड़ी थी, लेकिन वह पहले से शादी-शुदा थी। मिरांड के बग़ल के अपने क्यूबिकल' के अंदर उसने अपनी और अपने पति की तस्वीर लगा रखी थी, ताजमहल के सामने सफ़ेद पथरीले बेंच पर बैठे हुए। लक्ष्मी अपनी चचेरी बहन को शांत करने की कोशिश में कम-से-कम आधे घंटे से फ़ोन पर थी। वहाँ किसी ने ध्यान नहीं दिया। वे एक पब्लिक रेडियो स्टेशन के लिए काम करते थे, राजस्व विभाग में, और उन लोगों से घिरी रहती थीं जो अपना पूरा दिन फ़ोन के जरिये लोगों की समस्याओं पर सलाह दिया करते थे।

"मुझे सबसे ज़्यादा चिंता उस बच्चे के लिए है," लक्ष्मी ने आगे जोड़ा। "वह पूरे दिन घर पर रहता है। मेरी चचेरी बहन कहती है कि वह उसे स्कूल तक भी नहीं ले जा पाती।"

"कितनी अजीब बात है," मिरांडा ने कहा। आमतौर पर लक्ष्मी की फ़ोन पर बातचीत मुख्य रूप से अपने पति इस बात को लेकर होती थी, कि रात के खाने में क्या बनाना है- इससे मिरांडा का ध्यान बँट जात है, जब वह चिट्ठियाँ टाइप कर रही होती या रेडियो स्टेशन के सदस्यों को टोटे बैग या छाते के बदले अपना सालाना जमा

बढ़ाने के लिए कह रही होती। दोनों की डेस्क के बीच पड़ी 'लैमिनेटेड' दीवार के ज़रिये वह लक्ष्मी को साफ़-साफ़ सुन सकती थी। उसके वाक्य हर थोड़ी देर में भारतीय शब्दों से छौंके हुए होते थे। लेकिन उस दोपहर मिरांडा सुन नहीं पा रही थी। वह ख़ुद फ़ोन पर बात कर रही थी, देव के साथ, कि शाम को कहाँ मिला जाए।

"फिर भी, घर पर कुछ दिन रहने से उसे कुछ ख़ास फ़र्क़ नहीं पड़ेगा।" लक्ष्मी और थोड़ा-सा मसालेदार चूरन फाँका और बाक़ी दराज में डाल दिया। "उसमें कुछ है, जो एक जीनियस में होता है। उसकी माँ पंजाबन है और पिता बंगाली। और चूँकि स्कूल में वह फ्रेंच और अंग्रेज़ी सीख चुका है इसलिए अभी भी चार भाषाएँ बोल सकता है। मुझे लगता है उसने दो दर्जा फाँदा है।"

देव भी बंगाली था। मिरांडा को पहले ऐसा लगा था कि यह एक धर्म है। लेकिन तब देव ने 'द इकोनॉमिस्ट' में छपे एक नक्शे में उसे दिखाया, कि यह भारत में एक जगह है, जिसे बंगाल कहते हैं। वह उस मैगजीन को ख़ास तौर पर अपने अपार्टमेंट में ले आया था, चूँकि उसके पास कोई एटलस और न ही कोई ऐसी किताब थी, जिसमें कोई मानचित्र हो। उसने वह शहर दिखाया, जहाँ उसका जन्म हुआ था और दूसरा शहर भी, जहाँ उसके पिता का जन्म हुआ था। उनमें से एक शहर को, दर्शक को आकर्षित करने के ख़्याल से, बॉक्स से घेरा गया था। जब मिरांडा ने पूछा कि ये बॉक्स किसलिए है, तो देव ने मैगजीन को मोड़ते हुए कहा, "तुम्हें इस बारे में सोचने की कभी ज़रूरत नहीं पड़ेगी", और उसके सिर को हल्के से थपथपा दिया।

अपना अपार्टमेंट छोड़ने से पहले, उसने सिगरेट की तीन टोंटियों के साथ, जिसे वो हमेशा अपने रुकने के दौरान पीता था, मैगजीन को कूड़े के डब्बे में उछाल दिया। लेकिन जब मिरांडा ने उसकी कार को उपनगर के अपने घर की ओर, जहाँ वह अपनी पत्नी के साथ रहता था, कॉमनवेल्थ एवेन्यू से ओझल होते हुए देखा तब मिरांडा ने उसे फिर से निकाला, कवर पर लगी राख झाड़ी ओर उसे उल्टी दिशा में मोड़ा जिससे वह सीधी हो जाए। वह बिस्तर पर आकर, जो अभी भी उनके प्यार करने से बेतरतीब पड़ी थी, बंगाल की सीमाओं को देखने लगी। नीचे एक खाड़ी थी और ऊपर पर्वत। मानचित्र एक आलेख से जुड़ा था, जिसका शीर्षक किसी ग्रामीण बैंक के बारे में था।

उसने पन्ना पलटा, इस उम्मीद में कि शायद उस शहर की तस्वीर हो, जहाँ देव का जन्म हुआ था। लेकिन वहाँ सिर्फ़ रेखाचित्र और आरेख थे। फिर भी, वह उन्हें निहार रही थी, देव के ख़्याल में डूबी हुई, कि कैसे सिर्फ पंद्रह मिनट पहले उसने उसके पैरों को अपने कंधे के ऊपर टिकाकर और उसके घुटने को उसी छाती तक दबाकर उसे बताया कि अभी भी उसे उसके साथ बहुत कुछ करना बाक़ी है।

वह उससे एक हफ़्ते पहले फिलेन्स में मिली थी। वह दोपहर के खाने के अवकाश में बेसमेंट में छूट वाले पेंटीहोज़ ख़रीद रही थी। उसके बाद वह एस्केलेटर से दुकान के मुख्य हिस्से के प्रसाधन विभाग में आयी, जहाँ साबुन और क्रीम आभूषणों की प्रदर्शनी जैसे सजे थे, आई शैडोज़ और पाउडर सुरक्षित शीशे के पीछे करीने से सजाई गई थी, चमकती हुई तितलियों की तरह हालाँकि मिरांडा ने लिपस्टिक के अलावा और कभी कुछ नहीं ख़रीदा था लेकिन उसे उस सँकरे और छोटे से गलियारे से गुज़रना अच्छा लगता था। वह हिस्सा बोस्टन के बाक़ी हिस्सों के मुक़ाबले कम-से-कम एक तरह से परिचित जान पड़ता था। उसे रास्ते के हर मोड़ पर तैनात महिलाओं से तोल-मोल करना पसंद था। वे कार्ड्स पर परफ़्यूम लगाकर हवा में लहरातीं कभी-कभी वह कई दिनों के बाद अपने कोट की जेब में कोई मुड़ा हुआ कार्ड पाती, जिसकी भीनी खुशबू अभी भी उसमें हल्की-हल्की बसी होती थी, जाड़े के दिनों में जब वह ट्यूब(T) का इंतज़ार कर रही होती यह उसे गरमाहट का एहसास कराती।

उस दिन जब वह कुछ और खुशबू वाले कार्डस की खुशबू लेने के लिए रुकी, मिरांडा ने एक काउंटर पर खड़े एक आदमी पर ग़ौर किया। अपने सुघड़ सौम्य हाथ में उसने एक काग़जी पर्ची थाम रखी थीं एक महिला-विक्रेता उस पर्ची पर एक निगाह डालकर दराजों को खोलने लगी। उसने काले खोल में एक चौकोर साबुन, एक हाईड्रेटिंग मास्क, एक सेल को जिन्दा रखने वाली द्रव की शीशी, और चेहरे के लिए दो क्रीमें निकाले। वह आदमी परिष्कृत था, जिसकी उँगलियों की पोरों पर के बाल काले थे। उसने फ़्लेमिंगो गुलाबी कमीज़, नेवी ब्लू सूट, चमकते हुए बटन वाला ऊँट की ख़ालवाला ओवरकोट पहन रख था। पैसे चुकाने के लिए उसने सुअर की खाल

वाले रंग का दस्ताना निकाला। उसके बरगुंडी बटुए से करारे नोट झाँक रहे थे। उसकी उँगली में शादी वाली अँगूठी नहीं थी।

महिला विक्रेता ने मिरांडा से पूछा, "मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकती हूँ डार्लिंग?" वह कछुए के खोल से बने चश्में के ऊपरी हिस्से से मिरांडा के रंग-रूप पर ग़ौर कर रही थी।

मिरांडा को नहीं पता था कि उसे क्या चाहिए था। उसे इतना ही पता था कि वह उस आदमी को जाने देना नही चाहती थी। महिला विक्रेता के साथ-साथ वह भी वहीं पर उसके कुछ कहने का इंतज़ार कर रहा था। उसने कुछ शीशियों पर नज़र डाली कुछ छोटी, कुछ लंबी एक अंडाकार ट्रे में सजी-सजायी मानो एक परिवार फ़ोटो खिंचवाने के लिए तैयार हो।

"एक क्रीम", मिरांडा ने अंत में कहा।

"कितनी उम्र है तुम्हारी?"

"बाईस।"

महिला विक्रेता ने सिर हिलाया और एक ठंडी बोतल को खोला "जिसकी तुम्हें आदत है उससे यह थोड़ी वजनी है, लेकिन मैं उसे शुरू कर रही हूँ। पच्चीस की उम्र से तुम्हारी उम्र की स्त्रियों की झुर्रियाँ बननी शुरू हो जाती हैं। इसके बाद वे बस दिखना शुरू हो जाती हैं।"

जब वह महिला विक्रेता मिरांडा के चेहरे पर क्रीम लगा रही थी तब वह आदमी खड़ा रहा और देखता रहा। जब मिरांडा को क्रीम लगाने का सही तरीका बताया जा रहा था। तब वह लिपस्टिक की चरखी घुमा रहा था। उसे गले के निचले हिस्से से शुरू करके तेज़ी से ऊपर की ओर लगाना था। उसने एक पंप दबाया, जिससे सेल्यूलाइट जेल निकला। जिसे उसने अपने खुले हाथ के पीछे मला। उसने एक ज़ार खोली, उस पर झुका कुछ ऐसे कि क्रीम की एक बूँद उसके नाक से चिपक गयी। मिरांडा मुस्कुराई, लेकिन उसका मुँह उस बड़े ब्रश से ढँका हुआ था जिसे महिला विक्रेता उसके चेहरे पर फिरा रही थी। "यह ब्लशर नंबर दो है, "महिला ने कहा। "तुम्हें कुछ रंग दिखाती हूँ।"

मिरांडा ने काउंटर पर क़तार में लगे झुके हुए आईनों में से एक में अपना चेहरा निहारते हुए हामी भरी। उसकी आँखें चाँदी के रंग की थी और त्वचा पीलापन लिए काग़ज जैसी, जिसके बरक्स उसके बाल, एस्प्रेसो के दानों जैसे घने और चमकीले। इसी वजह से लोग उसे बहुत सुदर नहीं, आकर्षक तो कहते ही थे। उसका सिर सँकरा, अंडाकार था जो एक ख़ास बिंदु से उठता था। उसका चेहरा भी तीखा था। उसके नथुने इतने पतले थे कि लगता था मानो कपड़े वाले चिमटे से दबा दी गयी हो। अब उसका चेहरा दमकने लगा-गाल गुलाबी हो आए, भौंहों के नीचे का रंग धूमिल हो गया। उसके होठ झिलमिलाने लगे। वह आदमी भी आईना निहारते हुए, जल्दी-जल्दी अपनी नाक से क्रीम पोंछ रहा था। मिरांडा को लग रहा था कि कहाँ से आया होगा। उसने सोचा, हो सकता है स्पैनिश या लेबनानी हो। जब उसने दूसरी ज़ार खोली और बिना किसी खास व्यक्ति को संबोधित किए कहा, "इसकी सुगंध अनान्नास जैसी है।" इससे उसे उसके उच्चारण का अनुमान भर लगा।

मिरांडा का क्रेडिट कार्ड लेते हुए महिला विक्रेता ने पूछा, "आज के लिए कुछ और भी चाहिए, आपको?"

"नहीं, शुक्रिया।"

महिला ने क्रीम को लाल काग़ज में सलीके से तहा दिया। "आपको इस क्रीम से पूरा संतोष मिलेगा।" मिरांडा के हाथ हिल रहे थे जब वह रसीद पर हस्ताक्षर कर रही थी। वह आदमी वहाँ से नहीं हिला।

मिरांडा को छोटा-सा शॉपिंग बैग देते हुए महिला विक्रेता ने फिर बताया, "हमारे यहाँ अभी-अभी आए आई-जेल के कुछ नमूने मैंने डाल दिया है।" काउंटर पर उसके क्रेडिट कार्ड को उस तक खिसकाने से पहले उसने उसपर एक नज़र डाली और कहा "बाई-बाई मिरांडा।"

मिरांडा चलने लगी। पहले उसने अपनीं रफ़्तार बढ़ाई। फिर उसने डाउनटाउन क्रासिंग की तरफ़ जाने वाले दरवाज़े को देखा, और वह कुछ धीरे चलने लगी।

"तुम्हारे नाम का एक हिस्सा भारतीय है," उस आदमी ने अपनी चाल तेज़ करते हुए क़दम मिलाते हुए कहा।

वह एक लकड़ी के शंकु और मख़मली घेरे में पड़े स्वेटर वाले गोलाकार टेबुल के पास, रूकी और उसके साथ में वह भी।

"मिरांडा?"

"मीरा। मेरी एक चाची का नाम मीरा है।"

उसका नाम देव था। वह एक निवेश बैंक में काम करता था। अपने सिर को दक्षिणी स्टेशन की तरफ़ करते हुए उसने बताया कि उसका बैंक पीछे की तरफ़ है। वह पहला आदमी था, जिसकी मूँछें थीं। मिरांडा ने सोचा, उसे एक आकर्षक साथी मिल गया है।

वे उन गुमटियों को, जहाँ लोग सस्ती बेल्ट और हैंडबैग बेचते थे, को पार करते पार्क स्ट्रीट स्टेशन की तरफ़ बढ़ गए। जनवरी की हौलनाक हवा उसके बालों के कुछ हिस्से को छितरा रही थी। जब वह टोकन के लिए अपने कोट के पॉकेट को टटोल रही थी तब उसकी नज़र उसकी शॉपिंग बैग पर पड़ी।

"और वो सब उनके लिए?"

"किनके लिए?"

"तुम्हारी चाची मीरा के लिए ?"

"मेरी पत्नी के लिए है।" उसने मिरांडा की नज़रों को थामे हुए, इन शब्दों को हौले से कहा। "कुछ हफ़्तों के लिए वह भारत जा रही है।" उसने अपनी आँखों को नचाते हुए कहा, "उसे इन चीजों की लत है।"

वैसे वहाँ पर बिना बीवी के, यह इतना भी ग़लत नहीं लग रहा था। शुरू में मिरांडा और देव ने लगभग हर रात साथ-साथ बिताई। उसने उसे समझाया कि वह उसके घर पर पूरी रात नहीं रुक सकता क्योंकि उसकी पत्नी उसे हर सुबह छह बजे भारत से फ़ोन करती है, जहाँ तब दोपहर के चार बज रहे होते थे। और इसलिए वह उसके अपार्टमेंट से दो, तीन बजे या अक्सर सुबह के चार बजे, अपनी गाड़ी से वापस उपनगर वाले अपने घर लौट जाता। दिन में लगभग हर घंटे, शायद काम करते हुए या अपने सेल-फ़ोन से फ़ोन करता। एक बार जब उसे मिरांडा की दिनचर्या का पता चल गया, वह हर शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर उसके लिए संदेश छोड़ देता, जब

वह अपने अपार्टमेंट लौटते वक़्त ट्यूब में होती। उसने बताया, ऐसा इसलिए कि जैसे ही वह दरवाज़े के अंदर घुसे वैसे ही उसकी आवाज़ सुन सके। वह टेप पर कहता "मैं तुम्हारे बारे में ही सोच रहा हूँ।" "तुमसे मिलने के लिए मैं और नहीं रुक सकता।" वह उसे बताता कि उसे उसके अपार्टमेंट में समय गुज़ारना पसंद है, जिसकी रसोई की पट्टी डबल रोटी के डब्बे से ज़्यादा चौड़ी नहीं थी, खरोंच भरी हुई ढलवाँ फ़र्श और गलियारे की घंटी, जिसे जब वह भी बजाता था तब उससे हमेशा थोड़ी खीज पैदा कर देनेवाली आवाज़ आती थी। वह बताता कि उसकी इस बात के लिए तारीफ़ करता था कि मिशिगन में रहने के बदले, जहाँ वह बड़ी हुई और कॉलेज गयी, बोस्टन चली आयी थी, जहाँ वह किसी को नहीं जानती थी। लेकिन जब मिरांडा ने उसे बताया कि इसमें तारीफ़ करनेवाली कोई बात नहीं, कि वह केवल इसी नाते बोस्टन चली आयी तब उसने अपना सिर हिलाया। "मुझे पता है अकेला रहना क्या होता है," उसने सहसा गंभीर होकर कहा। उस समय मिरांडा ने महसूस किया कि वह उसे समझता है - समझता है कि ट्यूब पर कुछ रातों को, अकेले सिनेमा देखने के बाद, किताब की दुकान पर मैगजीन पढ़ने या लक्ष्मी के साथ कुछ पीने के दौरान, जिसे हमेशा अगले एक या दो घंटे में एलवाइफ़ स्टेशन पर अपने पति से मिलना होता था, के बाद उसे कैसा लगता था। किसी हल्की-फुल्की घड़ी में देव कहता कि वह उसके पैरों को पसंद करता है जो उसकी धड़ से लंबे लगते हैं। शायद उस पर उसने पहली बार ध्यान तब दिया जब वह कमरे में बिना कपड़ों के चल रही थी। उसने बिस्तर पर से ही उसकी तारीफ़ करते हुए बताया "तुम वह पहली हो।"

"जिन्हें मैं जानता हूँ, कि उनमें तुम पहली औरत हो जिसके पैर इतने लंबे हैं।"

देव पहला आदमी था, जिसने उसे यह बताया था। देव उन कॉलेज के लड़कों से, जो हाईस्कूल के लड़कों से लंबे और क़द्दावर थे जिसके साथ उसने पहले डेटिंग की थी, अलग था। देव पहला था जिसने आगे बढ़कर पहले किसी चीज़ का दाम चुकाया, वह उसके लिए दरवाज़े खुला रखता था और रेस्तरां में टेबल के पा पहुँच कर उसके हाथों को चूमा था। वह पहला था, जिसने उसके लिए फूलों का गुलदस्ता लाया था, वह इतना बड़ा कि उसे अलग-अलग कर सबके सब छहों गिलासों में सजाने पड़े

थे। और वह पहला था, जिसने उसे प्यार करते हुए लगातार उसका नाम बुदबुदाया था। उससे मुलाक़ात के दिनों में, जब मिरांडा काम पर होती, यह सोचा करती काश उसके और देव की एक तस्वीर होती, जिसे वह अपने क्यूबिकल केअंदर लगा देती, लक्ष्मी और उसके पति की तरह ताजमहल के सामने। उसने लक्ष्मी को देव के बारे में नहीं बताया। उसने किसी को नहीं बताया। उसके जी में आया कि वह लक्ष्मी को बता दे केवल इसलिए कि लक्ष्मी भी एक भारतीय थी। लेकिन लक्ष्मी इन दिनों हमेशा फ़ोन पर अपनी चचेरी बहन के साथ व्यस्त रहती थी, जो अभी तक बिस्तर पकड़े हुए थी। और जिसका पति अभी भी लंदन में ही था, और जिसका बेटा अभी भी स्कूल नहीं जा रहा था। "तुम्हें ज़रूर कुछ खाना चाहिए।" लक्ष्मी उससे अनुरोध करती। "तुम अपने स्वास्थ्य को इस तरह चौपट मत करो।" जब वह अपनी चचेरी बहन से बात नहीं करती तब वह अपने पति से बात करती, छोटी-छोटी बाते जिसका अंत वह उस बात के बहस में करती कि रात के खाने में मुर्ग़ा हो या कि भेड़ का मांस। मिरांडा ने उसे एक बार माफ़ी माँगते हुए सुना। "माफ़ कर दो"।

"इन सारी चीज़ों से मैं थोड़ी उधेड़-बुन में पड़ गयी हूँ।"

मिरांडा और देव बहस नहीं करते। वे फ़िल्म देखने निकेलोडियोन गए और पूरे समय एक दूसरे को चूमते रहे। उन्होंने डेविस स्क्वायर में मक्के की रोटी के साथ सुअर का मांस खाया। एक कागज़ी नैपकिन देव के कमीज़ की कॉलर पर क्रॅवैट की तरह चिपक गया। स्पेनिश रेस्तरां के बार में 'सांग्रिया' की चुस्की ली, जहाँ एक दाँत निपोरता सुअर का सिर उनकी बातों पर पहरा डाले हुए था। वे एम.एफ.ए. गए और वहाँ से मिरांडा के बेडरुम के लिए कुमुदनी का एक पोस्टर खरीदा। एक शनिवार को सिम्फ़नी हॉल में एक कॉन्'सर्ट के बाद, उसने उसे शहर की सबसे पसंदीदा जगह दिखाई क्रिश्चियन साईंस सेंटर का 'मैप्पेरियम'। वहाँ वे एक कक्ष में खड़े हुए जो चमकीले स्टेन्ड ग्लास पैनलों से निर्मित था। अंदर से इसका आकार एक ग्लोब जैसा था, लेकिन अंदर से बाहर की तरह दिखता था। कक्ष के बीचों बीच एक पारदर्शी पुल था, जहाँ से वे महसूस कर सकते थे कि वे दुनिया के केन्द्र में खड़े हैं। देव ने भारत भी दिखाया, जो लाल था और 'द इकोनॉमिस्ट' वाले मानचित्र से ज़्यादा ब्योरा लिए

हुए था। उसने समझाया कि स्याम और इटैलियन सोमालीलैंड जैसे अनेक देश अब पहले जैसे नहीं रहे, अब उनके नाम बदल गए हैं। महासागर, मोर के सीने जैसा नीला था और पानी की गहराई के हिसाब से उसकी दो आभाएँ झलक रही थीं। उसने उसे मरीयाना द्वीपों के ऊपर पृथ्वी पर के सबसे गहरी जगह को दिखाया। पुल पर से झाँकते हुए उन्होंने अंटार्कटिक द्वीपसमूह को अपने पैरों के नीचे पाया। अपनी गर्दनें उचकायीं और सिर के ऊपर विशाल धातुई तारा देखा। जब देव बोल रहा था, उसकी आवाज़ ग्लास से टकरा कर तेज़ी से लौट रही थी कभी जोर से, कभी धीमे और कभी-कभी ऐसा लगता कि वो मिरांडा के सीने में धँस गई हो, कभी-कभी दोनों कानों को एक साथ भ्रमित करती हुई। जब पर्यटकों का एक दल पुल के ऊपर से गुज़र रहा था तब उन्हें लगा कि वे गला साफ़ कर रहे हैं, जैसे वे ऐसा माइकोफ़ोन से बोल रहे हों। देव ने समझाया ऐसा ध्वनिकी की वजह से है।

मिरांडा को लंदन मिला, जहाँ लक्ष्मी की चचेरी बहन का पति उस औरत के साथ था, जिससे जहाज़ पर उसकी मुलाक़ात हुई थी। उसने सोचा भारत के किस शहर में देव की घरवाली होगी। मिरांडा सबसे दूर बहामास तक हो आई है, जब वह बच्ची थी। उसने ढूँढ़ा लेकिन ग्लास पैनल पर उसे नहीं दिखा। जब पर्यटक चले गए तब वह और देव फिर से अकेले थे। उसने उसे पुल के एक छोर पर खड़े होने को कहा। देव ने कहा, हालाँकि वे एक दूसरे से तीस फ़ीट की दूरी पर हैं, लेकिन वे एक दूसरे की फुसफुसाहट तक सुन सकते हैं।

"मुझे विश्वास नहीं होता", मिरांडा ने कहा। जब से वे अंदर आए उसके बाद यह पहली बार था जब उसने कुछ कहा था। उसे लगा, जैसे उसके कानों में स्पीकर ठूँसे हों।

"आगे बोलो", उसने अनुरोध किया, पुल पर अपनी तरफ़ के छोर तक जाते हुए। उसकी बोली धीमी पड़ती हुई फुसफुसाहट में बदल गयी। "कुछ बोलो" उसने अपने होठों को शब्द बुनते हुए पाया, उसने उन्हें इतना साफ़-साफ सुना कि मानो उस आवाज़ को उसने अपनी त्वचा के नीचे, अपने गर्म कोट के नीचे महसूस किया हो।

इतना साफ़ और उष्णता से भरपूर कि वह अपने आप में गरमाहट महसूस कर रही थी।

अनिश्चय की स्थिति में कि क्या बोले। वह फुसफुसायी, "हाय।"

वापसी फुसफुसाहट सुन पड़ी - "तुम सेक्सी हो।"

अगले सप्ताह काम के दोरान लक्ष्मी ने मिरांडा को बताया कि यह पहली बार नहीं था कि उसकी बहन के पति का 'अफ़ेयर' हुआ हो। एक शाम जब दोनों दफ़्तर छोड़ने के लिए तैयार हो रहे थे तब लक्ष्मी ने कहा, "उसे लगता है कि उसके पति में खुद सद्‌बुद्धि जगेगी।"

"उसने बताया, ऐसा लड़के के लिए है। वह उसे उस लड़के के लिए माफ़ करने को तैयार है।" लक्ष्मी अपना कंप्यूटर बंद कर रही थी और मिरांडा उसका इंतज़ार कर रही थी। "वह रेंगता हुआ वापस आएगा, और वह उसको गले लगा लेगी", लक्ष्मी ने अपना सिर झटकते हुए कहा।

"मैं ऐसा नहीं कर सकती। अगर मेरा पति किसी दूसरी औरत में इतनी ज़्यादा दिलचस्पी लेगा तो मैं भी अपने ताले बदल लूँगी।" उसने अपने क्यूबिकल में लगी तस्वीर को ग़ौर से देखा एक बेंच पर लक्ष्मी का पति अपनी बाँहें उसके कंधे के ऊपर लपेटे हुए था, उसके घुटने उसकी ओर झुके हुए थे। उसने पलट कर मिरांडा से पूछा, "तुम नहीं करोगी ऐसा?"

उसने हामी भरी। अगले दिन देव की बीवी भारत से वापस आ रही थी। उस दोपहर उसने मिरांडा को फ़ोन किया जब वह काम पर थी। यह बताने के लिए कि उसे उसको लेने हवाईअड्डे जाना पड़ रहा है। उसने वादा किया कि जितना जल्दी संभव होगा वह फोन करेगा।

उसने लक्ष्मी से पूछा, "ताजमहल कैसा है?"

"पृथ्वी पर की सबसे रोमांटिक जगह।" लक्ष्मी का चेहरा कुछ याद कर खिल उठा। "प्यार की हमेशा क़ायम रहनेवाली निशानी।"

जब देव एयरपोर्ट पर था, मिरांडा फ़िलेन्स के बेसमेंट में अपने लिए कुछ ख़रीदने गयी, ऐसी चीज़ें, जो एक प्रेयसी के पास होनी चाहिए, उसने सोचा। उसने

एक काले रंग की ऊँची एड़ी वाली जूती देखी जिसके बकल बच्चे की दाँत से भी छोटे थे। उसे छोटे-छोटे टेढ़े कटे हुए किनारे वाला 'साटिन स्लिप' मिला एक घुटने तक लंबा रेशमी ढीला ढाला चोला। पैंटीहोज़ के बदले, जिसे वह काम में लाती थी, उसने एक ही सिलाई वाली पारदर्शी लंबी स्टॉकिंग्स खरीदी। उसने उन ढेरों से खोजा, एक-एक करके कई हैंगर्स को सरकाते हुए कितने ही आले देखे, जब तक कि उसे एक नरम रूपहले कपड़े से बना एक 'कॉकटेल ड्रेस' नहीं मिल गया, जो उसके आँखों के रंग से मेल खाता था, जिसे बाँधने के लिए एक छोटा-सा चेन था। जब वह खरीददारी कर रही थी तब वह देव के बारे में सोच रही थी और उस बात के बारे में, जिसे देव ने उससे 'मैप्पेरियम' में कहा था। यह पहली बार था जब किसी आदमी ने उसे 'सेक्सी' कहा था। जब भी वह अपनी आँखें बंद करती है, तो उस क्षण उसी फुसफुसाहट को अपने जिस्म के अन्दर अपनी त्वचा के नीचे महसूस कर सकती है। फ़िटिंग रूम, जो कि शीशे लगी दीवारों के साथ बस एक बड़ा-सा कमरा था, वहाँ उसे दमकते चेहरे और कसे तथा जमे हुए बालों वाली एक प्रौढ़ महिला के पास जगह मिली।

बॉडी स्टाकिंग के काले नेट को उँगलियों से खींचते हुए, वह नंगे पैर अपने आंतरिक वस्त्रों में खड़ी थी।

"हमेशा इसकी जाँच कर लेनी चाहिए कि कहीं गाँठ न हो", उस औरत ने सुझाव दिया।

मिरांडा ने कटावदार किनारी वाला 'साटिन स्लिप' निकाला। उसे अपने सीने पर लगाया।

महिला ने सहमति में अपना सिर हिलाया। "बहुत बढ़िया।"

"और यह?" उसने इस रूपहले कॉकटेल ड्रेस को पकड़ कर कहा।

"बहुत ख़ूब", उस महिला ने कहा। "वह इसे तुम्हारी देह से फटाफट उतार फेंकना चाहेगा।"

मिरांडा ने साउथ एंड के एक रेस्तरां में दोनों के साथ वाली तस्वीर ली, जहाँ वे अक्सर जाते रहते थे। वहाँ देव ने 'फोई ग्रास' और शैंपेन और रस्पेबेरी से बना सूप मँगवाया था। मिरांडा अपनी तस्वीर कॉकटेल ड्रेस में खिंचवाई और देव ने अपने एक

सूट में था, मेज़ की दूसरी तरफ़ से उसके हाथ को चूमते हुए। पिछली बार जब वे मिले थे तब वह जिम के कपड़ों में था, उसके बाद अगली बार वह कई दिनों बाद रविवार की दोपहर को उससे मिलने आया था। जब से उसकी बीवी वापस आयी थी, वह यही बहाना बनाता वह रविवार को बोस्टन के लिए चलता और चार्ल्स के आसपास दौड़ लगाता। पहली रविवार को उसने घुटने तक के लंबे चोगे में दरवाज़ा खोला, लेकिन देव ने उनकी तरफ़ देखा ही नहीं। स्वेटपैंट और स्नीकर पहने हुए, वह सीधे उसे बिस्तर तक ले गया और बिना एक शब्द बोले उसमें समा गया। बाद में जब वह उसके सिगरेट की राखदानी लाने कमरे में चलने को हुई तब उसने चोंगा डाल लिया। लेकिन वह उससे मनुहार करने लगा कि वह उसे अपने लंबे पैरों को देखने से वंचित कर रही है और कहा कि उसे उतार दे। इसलिए अगले रविवार को उसने ध्यान नहीं दिया। उसने जीन्स पहने। उसने अपने मोज़े और रोज़मर्रा इस्तेमाल होने वाले अंत वस्त्रों के पीछे उन छोटे कपड़ों को दराज में पीछे करके रख दिया रूपहला 'कॉकटेल ड्रेस' अपनी आलमारी में टाँग दिया, जिसका टैग धागे से टँगा झूल रहा था। अक्सर सुबह-सुबह, ड्रेस नीचे गिर कर ढेर हो जाता क्योंकि चेनदार पट्टा धातु के हैंगर से हमेशा फिसल -फिसल जाता।

फिर भी मिरांडा रविवार का इंतज़ार करती। सुबह में वह दुकान गयी और बग्यूटे और उन चीजों के छोटे-छोटे कंटेनर्स लिए, जिन्हें देव पसंद करता था, जैसे हेरिंग आचार, आलू सलाद और पेस्टो टार्ट्स और मस्करपोन 'चीज़'

उन्होंने बिस्तर पर ही उँगलियों से हेरिंग चुनते हुए और बग्यूटे को उँगलियों से फाड़ते हुए खाना खाया। देव ने उसे अपने बचपन की कहानी सुनाई। जब वह स्कूल से घर आता तब ट्रे में परोसा हुआ आम-रस पीता और ऊपर से नीचे तक सफ़ेद कपड़ों में झील किनारे क्रिकेट खेलने जाता। उसने उसे बताया कि कैसे, अठारह वर्ष की उम्र में आपात्काल के दौरान उसे न्यूयॉर्क के उत्तर में एक कॉलेज में भेज दिया गया। कि कैसे उसके अंग्रेजी माध्यम में शिक्षित होने के बावजूद, उसे अमेरिकी फिल्मों के उच्चारण को समझने में सालों लग गए थे। जब वह बातें कर रहा था, उसने तीन

सिगरेट पी और उन्हें बिस्तर के बग़ल में रखे प्लेट में मसल दिया। कभी-कभी वह उससे सवाल पूछता, जैसे अब तक उसके कितने चाहने वाले हुए (तीन) और पहली बार जब उसने किया तब वह कितनी बड़ी थी (उन्नीस)। दिन के खाने के बाद खाने के टुकड़े से पटे बिस्तर पर उन्होंने प्यार किया। और उसके बाद देव ने बारह मिनट तक झपकी ली। मिरांडा ऐसे किसी वयस्क को नहीं जानती थी जो दिन में झपकी लेता हो। लेकिन देव ने बताया कि उसकी यह आदत उसे भारत में पलने-बढ़ने के दौरान लगी है, जहाँ इतनी गर्मी होती है कि लोग अपने घरों से तब तक नहीं निकलते जब तक कि दिन ढल न जाए। "साथ ही यह हमें साथ सोने का मौक़ा देता है", उसने शरारत से फुसफुसाते हुए, अपनी बाँह से उसकी देह को बड़े बाजूबंद की तरह लपेटते हुए कहा।

लेकिन, मिरांडा कभी नहीं सोती। वह बिस्तर के किनारे रखी घड़ी देखती रहती या देव की उँगलियाँ, जिनके बीच वाले हिस्सों पर आधा दर्ज़न बाल थे, उन में अपनी गुँथी हुई उँगलियों को अपने चेहरे से लगाकर दबाती। छह मिनट के बाद उसाँस भरते और अँगड़ाई लेती वह उसे देखने के लिए पलटी, यह देखने कि वह सच में सो रहा है। वह सचमच सो रहा था। जब वह साँस ले रहा था तब उसकी पसलियाँ त्वचा के नीचे दिख रहीं थीं। और अब भी उसकी तोंद का बनना बाक़ी था। उसे अपने कंधे पर के बालों से शिकायत थी, लेकिन मिरांडा उसे परिपूर्ण मानती थी, और उसे अपनी कल्पना में किसी भी बदलाव से इन्कार था।

बारह मिनट पूरे होने पर देव अपनी आँखें कर इस तरह खोलता जैसे वह हमेशा जगा हुआ ही था, उसे देखकर मुस्कुराते हुए, पूरी तरह से संतुष्ट। उसे भी इसी एहसास की चाहत थी। उसके पैरों की पिंडली के पीछे हाथ फिराते हुए वह उसाँसे भर कर कहता, "हफ़्ते के सबसे बढ़िया बाहर मिनट।" इसके बाद फटाफट बिस्तर से उठकर अपनी स्वेटपैंट पहनता और अपने स्नीकर्स को बंद करता। वह बाथरूम जाता और अपने तर्जनी से दाँतों को रगड़ता। उसने उसे बताया सिगरेट की बू दूर करने के लिए ऐसा करता है और ऐसा करना सभी भारतीय जानते हैं। जब वह उसे विदा करने के लिए चूमती तब कभी-कभी उसके बालों में वह अपनी खूशबू पाती। लेकिन वह

उसके उस बहाने को जानती थी, कि घर जाने पर सबसे पहले वह नहाने चला जाता था, क्योंकि वह दोपहर वाली जॉगिंग कर लौट रहा होता था।

लक्ष्मी और देव के अलावा मिरांडा और जिन भारतीयों को जानती थी वह था दीक्षित परिवार, जो उसके पड़ोस में रहता था, जहाँ वह बड़ी हुई थी। मिरांडा सहित, दीक्षित के बच्चों को छोड़कर, पड़ोस के बच्चों के लिए वे कौतूहल की चीज़ थे। मि. दीक्षित रोज़मर्रा के कमीज़ पायजामे में हवादार सपाट छोटी सड़क पर हर शाम जॉगिंग करते। प्रत्येक सप्ताहांत, वह परिवार-माँ-बाप, दो लड़के और एक लड़की अपने कार में ठूँस कर जाते और चले जाते, कहाँ, कोई नहीं जानता। उनके पिता लोग यह शिकायत करते कि मि. दीक्षित अपने लॉन में ठीक से खाद नहीं डालते और समय पर पत्तों की छँटाई भी नहीं करते। वे इस बात से सहमत थे, एकमात्र विनाइल के छोर वाला दीक्षित का घर पड़ोस की सुंदरता को कम कर रहा था। आर्मस्ट्राँग स्वीमिंग पुल के आस-पास, माताएँ कभी भी मिसेज़ दीक्षित को अपने साथ नहीं बुलातीं। स्कूल बस का इंतज़ार करते हुए दीक्षित के बच्चे सड़क के एक किनारे खड़े हाते। दूसरे बच्चे मुँह दबा कर कहते "ये दीक्षित गुह खोदते हैं," और हँसी फूट पड़ती।

एक साल, दीक्षित की लड़की के जन्मदिन की पार्टी में पड़ोस के सभी बच्चों को बुलाया गया था। मिरांडा को याद है उस घर में धूप और प्याज की ज़बरदस्त गंध फैली थी और दरवाज़े के सामने ढेर-सारे जूते रखे थे। जो बात उसे सबसे ज़्यादा याद थी, वह सीढ़ियों के नीचे लकड़ी के खूँटी से लटका, तकिये के गिलाफ़ जितना कपड़े का टुकड़ा था। इस पर एक नंगी औरत की तस्वीर थी, जिसके लाल चेहरे का आकार किसी सूरमा की ढाल जैसी थी। उसकी बड़ी-बड़ी सफ़ेद आँखें कपाल की ओर तिरछी खिंची हुई थी, और पुतलियाँ बस बिन्दु जितनी थीं। एक-जैसे बिन्दुओं के साथ दो घेरे उसके वक्ष दिखा रहे थे। एक हाथ से वह एक कटार भाँज रही थी और एक पैर से किसी जूझ रहे आदमी को ज़मीन पर दबाए हुए था। उसकी देह पर रक्त टपकाते मुण्डों की माला पॉपकॉर्न से बनी माला की तरह लटक रही थी। उसकी बाहर निकली जीभ मिरांडा की तरफ़ थी।

"वह देवी काली हैं।" मिसेज़ दीक्षित ने खूँटी को थोड़ा हिलाते हुए बताया, ताकि तस्वीर सीधी हो जाए, उसके हाथों में आड़ी तिरछी और सितारों की उल्टी-सीधी डिज़ाइन वाली मेंहदी लगी थी।"केक काटने का समय हो गया है, अब आओ।" तब नौ साल की मिरांडा, केक खाने के नाम से डर गयी थी। वह इतना डर गयी थी कि अगले कई महीने दीक्षित के घर वाली गली से भी चलने में डरती थी, यहाँ से उसे दो-दो बार गुज़रना पड़ता। एक बार बस स्टॉप तक जाने के लिए और एक बार लौटने के लिए। वह लॉन के छोर तक पहुँचने तक अपनी साँसों को थोड़ी देर के लिए रोक लेती, ठीक वैसे ही जैसा कि वह बस के श्मशान से गुज़रते समय करती थी।

उसे अब शरम आती थी। अब, जब वह और देव प्यार कर रहे होते तब मिरांडा अपनी आँखों को बंद कर लेती और उसे रेगिस्तान और हाथी और दुधिया चाँदनी में झील पर तैरता संगमरमर का मंडप दिखता। एक शनिवार को, जब और कुछ करने को नहीं था, वह पैदल सेन्ट्रल स्कवायर के एक भारतीय रेस्तरां में गयी। और तंदूरी-मुर्गे की प्लेट का ऑर्डर दिया। जब वह खा रही थी तब मेन्यू के नीचे छपे मुहावरे को याद करने की कोशिश कर रही थी। 'स्वादिष्ट', 'पानी' और 'कृपया जाँच कर लें' जैसे मुहावरे उसे याद हुए कि नहीं और इसलिए वह केनमोर स्क्वायर स्थित एक किताब की दुकान की विदेशी-भाषा वाले हिस्से में गाहे-बेगाहे रूकने लगी। वहाँ 'स्वयं पढ़ो और सीखो' वाली श्रृंखला में उसने बांग्ला वर्णमाला पढ़ी। अपने नाम के भारतीय हिस्से को लिप्यंतरित कर अपने फ़िलोफ़ैक्स में लिखने तक वह बढ़ गई। उसके हाथ अनजान दिशा में चल रहे थे, जिसे रोक कर और घुमाकर और क़लम को उठा कर, जिसे करने की जरूरत शायद उसे नहीं थी। किताब के निर्देश को देखते हुए उसने बाएँ से दाएँ एक रेखा खींची जिससे अक्षर लटके रहते जिनमें से कोई-कोई अक्षर से ज़्यादा संख्या की तरह दिखता और दूसरा अपनी ही तरह का एक त्रिभुज जैसा। उसे अपने नाम के अक्षर लिखने के लिए कई बार प्रयास करने पड़े, जो उस किताब के नमूने अक्षरों से मिल सकें। और इसके बावजूद उसे पूरा यक़ीन नहीं था कि उसने मीरा लिखा या मारा। उसके लिए यह एक अबूझ लिपि थी, लेकिन उसे इस बात से झटका लगा दुनिया के किसी हिस्से में इसका कोई मतलब भी था।

सप्ताह में काम वाले दिनों के दौरान इतना बुरा नहीं लगता था। काम के घंटे उसे व्यस्त रखते थे और लक्ष्मी के साथ उसने पास ही के एक भारतीय रेस्तरां में दोपहर का खाना खाना शुरू कर दिया था। इस दौरान लक्ष्मी अपनी चचेरी बहन के वैवाहिक जीवन के ताज़ा सूरतेहाल के बारे में बताया करती। कभी-कभी मिरांडा उस विषय को बदलने की कोशिश करती। यह उसे उसी तरह एहसास दिलाता जैसा उसने एक बार कॉलेज में महसूस किया था। तब वह और उसका पुरुष मित्र भीड़ भरी पैन केक की दुकान से खाने का पैसा चुकाए बिना बाहर निकल आए थे, बस यह देखने के लिए कि वे ऐसा कर पाते हैं या नहीं। लेकिन लक्ष्मी किसी और के बारे में बात ही नहीं करती थी। "एक दिन उसने घोषणा की अगर मैं उसकी जगह होती तो मैं सीधे लंदन जाती और दोनों को गोली मार देती" - उसने झटके से एक रोटी को आधा तोड़कर उसे चटनी में डुबोया।" समझ में नहीं आता, वह किस तरह इतना इंतज़ार कर सकती है।"

मिरांडा को पता है। इंतज़ार कैसे किया जाता है। शाम में वह अपनी डाइनिंग टेबल पर बैठ कर अपने नाख़ूनों को क्लीयर नेलपॉलिश से रँगा और सलाद के प्याले से सीधे मुँह डालकर सलाद खाए। टेलिविज़न देखा और रविवार का इंतज़ार किया। शनिवार का दिन उसे सबसे बुरा लगता, क्योंकि शनिवार के दिन ऐसा लगता जैसे रविवार कभी आएगा ही नहीं। एक शनिवार की देर रात में जब देव ने फ़ोन किया तब उसे पीछे से लोगों के हँसने और बात करने की आवाज़ सुनाई दी। इतने लोगों की आवाज़ थी कि उसने उससे पूछा कि क्या वह किसी पार्टी या जलसे में है। लेकिन वह अपने उपनगरीय मकान से ही बोल रहा था। उसने इतना कहा, "ठीक से सुनाई नहीं दे रहा।"

"हमारे यहाँ मेहमान आए हुए हैं। मेरी याद आ रही है?"

उसने टेलिविज़न के परदे पर देखा, उस पर एक प्रहसन चल रहा था जिसे फ़ोन आने पर उसने रिमोट कंट्रोल से 'ख़ामोश' कर दिया था। उसके दिमाग़ में उसकी एक तसवीर उभरी, मेहमानों से भरे गलियारे वाले ऊपर के कमरे में एक हाथ

से दरवाज़े की कुंडी पर हाथ रखकर अपने सेलफ़ोन पर फुसफुसाते हुए उसने फिर पूछा, "मिरांडा, मेरी याद आती है?" उसे उसक बताया हाँ, आती है।

अगले दिन जब देव उससे मिलने आया तब मिरांडा ने उससे पूछा कि उसकी बीवी कैसी दिखती है। उसे यह पूछते हुए डर लग रहा था। जब उसने अपनी आख़िरी सिगरेट पी ली और इसे ज़ोर से दबा कर बुझा दिया तब जाकर उसने यह बात पूछी। उसे लगा कि उनके बीच लड़ाई न हो। लेकिन देव इस सवाल पर नहीं चौंका। उसने एक क्रैकर से एक स्मोक्ड व्हाईट फ़िश को अलग करते हुए बताया, उसकी बीवी मुम्बई की एक अभिनेत्री माधुरी दीक्षित से मिलती-जुलती है।

एक क्षण के लिए मिरांडा की धड़कन रुक गयी। लेकिन नहीं, दीक्षित की लड़कियों के नाम किसी और ही नाम से शुरू होते थे, जिसकी शुरूआत शायद 'प' से होती थी। फिर उसे आश्चर्य होता अगर उस अभिनेत्री और दीक्षित की बेटी में कोई समानता होती। पूरे हाईस्कूल के दौरान वह बिल्कुल सीधी-सादी रही, बस अपनी दो चोटियों में।

कुछ दिनों बाद, मिरांडा सेंट्रल स्क्वायर स्थित एक भारतीय दुकान पहुँची जो भाड़े पर वीडिओ भी देता था। इसका दरवाज़ा एक घंटी की अजीब-सी टनटनाहट के साथ खुलता था। यह रात के खाने का समय था और वह अकेली खरीदार थी। दुकान के एक कोने में टँगे एक टेलिविज़न पर एक वीडियो चल रहा था- समुद्र तट पर तंग पेंटी में जवान लड़कियाँ एक क़तार में, किसी धुन पर ज़ोर जोर से अपने कूल्हे मटका रही थीं।

कैश रजिस्टर पर खड़े व्यक्ति ने पूछा, "क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ?" वह कागज़ की प्लेट में गाढ़ी भूरी चटनी में समोसा डुबाकर खा रहा था। उसकी कमर से नीचे शीशे के काउँटर पर कुछेक गोल समोसे की ट्रे, बर्क़ से लिपटी हीरे जैसी कटी नर्म मिठाई, और चाशनी में तैरती चमकदार नांरगी रंग की पेस्ट्री थी। "आपको कोई विडिओ पसंद आया।

मिरांडा ने अपनी फिलोफैक्स खोला जिसमें उसने लिख रखा था 'मॉटरी दीक्षित''। उसने काउंटर के पीछे ख़ानों पर रखी विडिओ कैसेट्स पर नज़र दौड़ाई। उसने उन औरतों को देखा, जिनके कूल्हों पर तंग स्कर्ट्स थे और उनके खुले वक्ष रंगी रूमालों से बँधे थे। उनमें से कुछ पथरीली दीवारों या एक पेड़ के सहारे टिकी थीं। काजल लगी आँखों और लंबे बालों वाली वे लड़कियाँ सुदंर थीं। जिस तरह से वे तट पर नाच रहीं थीं, वह भी सुंदर था। तब उसने जाना कि माधुरी दीक्षित भी काफ़ी सुंदर है।

उस आदमी ने आगे कहा, ''मिस, हमारे पास उपशीर्षक वाले संस्करण भी हैं। उसने तपाक से अपनी उँगलियों के पोरों को कमीज से पोंछा और तीन कैसेट्स निकाले।

'नहीं', मिरांडा ने कहा। ''नहीं चाहिए, शुक्रिया।'' वह पूरे स्टोर में खानों पर क़तार में रखे बिना लेबल के पैकेटों और टिनों को घूम-घूम कर देखती रही। फ्रिज़र वाली अलमारी पिटा ब्रेड और ऐसी सब्जियों के थैलों से भरी थी जिन्हें वह पहचानती तक नहीं थी। बस एक चीज़ वह पहचान पायी, वह था एक खाने पर क़तार में लगे चूरन वाले ढ़ेर सारे पैकेट, जिन्हें लक्ष्मी हमेशा खाती थी। उसने लक्ष्मी के लिए कुछ ख़रीदने की सोची। लेकिन ठिठक गयी, अगर उसने पूछा कि वह भारतीय दुकान में क्या कर रही थी, तब वह कैसे समझाएगी।

''बड़ी मसालेदार है'', उस आदमी ने सिर हिलाते हुए कहा।

फिर मिरांडा के पूरी देह को निहारते हुए उसने कहा, ''आपके लिए कुछ ज़्यादा ही तीखी।''

फ़रवरी तक, लक्ष्मी की बहन का पति अभी तक अपने होश में नहीं लौटा था। वह मांट्रियल आया था, दो हफ़्ते तक अपनी बीवी के साथ तीखी बहस की, दो सूटकेट पैक किए और वापस लंदन लौट गया। उसे तलाक चाहिए था।

मिरांडा अपनी क्यूबिकल में बैठी लक्ष्मी को अपनी बहन को लगातार समझाती सुन रही थी। अगले दिन उसकी बहन ने बताया कि इन सबसे उबरने की कोशिश में वह अपने बेटे के साथ अपने माँ-बाप के घर कैलिफ़ोर्निया जा रही है।

लक्ष्मी ने उसे बोस्टन में एक सप्ताहांत बिताने का मन बनाने के लिए राजी किया। "फ़िलहाल जगह बदलना तुम्हारे लिए अच्छा होगा," लक्ष्मी ने नर्मी से आग्रह किया, "इसके अलावा, तुम्हें देखे मुझे कई साल हो गए।"

मिरांडा अपने फ़ोन पर नज़र गड़ाए बैठी थी, यह सोचकर कि शायद देव का फ़ोन आए। उससे हुई पिछली बात के बाद चार दिन बीत गए थे। उसने लक्ष्मी को डायरेक्टरी असिस्टेंस को फ़ोन करते सुना, वह एक ब्यूटी सैलून का नंबर पूछ रही थी। लक्ष्मी ने अनुरोध किया, "थोड़ी राहत देने वाला।" उसने मसाज़, फ़ेसियल, मैनीक्योर और पेडीक्योर का कार्यक्रम रखा। इसके बाद 'फ़ोर सीजन्स' में लंच के लिए टेबल भी आरक्षित करवाई। अपनी बहन को दोबारा खुश करने के चक्कर में लक्ष्मी उसके बेटे को भूल ही गयी। लैमिनेटेड दीवार को उसने अपनी उँगलियों से ठोका -

"क्या शनिवार को तुम व्यस्त हो ?"

लड़का काफ़ी दुबला पतला था। वह अपनी पीठ पर पीले रंग का 'नैप सैक' लटकाए हुए था। उसने धूसर हेरिंगबोन ट्राइजर, एक लाल रंग के 'वी' आकार वाला स्वेटर और काले रंग का चमड़े का जूता पहन रखा था। उसके बाल उसकी आँखों के ऊपर लटकते हुए कटे थे। उसकी आँखों के नीचे स्याह घेरे उभर आये थे। इससे वह मरियल-सा दिखता था, जैसे वह खूब सिगरेट पीता हो या बहुत कम सोता हो। इसके बावजूद वह सिर्फ़ सात साल का था। उसने स्पाइरल बाइंडिंग वाला एक बड़ा-सा स्केच पैड पकड़ रखा था। उसका नाम रोहिन था।

उसने मिरांडा को ग़ौर से देखते हुए पूछा,

"मुझसे एक राजधानी का नाम पूछो।"

उसने भी उसे ग़ौर से देखा। शनिवार की सुबह के आठ बजकर तीस मिनट हुए थे। उसने कॉफी की एक घूँट ली।

"यह एक खेल है जिसे यह खेलता रहता है," लक्ष्मी की बहन ने समझाया। वह भी अपने बेटे जैसी ही दुबली थी। लंबा चेहरा और आँखों के नीचे वैसा ही स्याह घेरा। जंग के रंग वाला कोट उसके कंधे पर भारी लग रहा था। उसके काले बाल, साथ में

कनपटी पर झूलता धूसर लटें, बैले नर्त्तकियों की तरह पीछे की तरफ बँधी हुई थीं। ''आप इससे देश का नाम पूछिए और यह आपको राजधानी बताएगा।''

''तुम्हें इसे कार में सुनना चाहिए था'', लक्ष्मी ने कहा।

''इसने लगभग पूरे युरोप की राजधानियों का नाम का याद कर लिया है।''

''यह खेल नहीं है,'' रोहिन ने कहा। ''मैं अपने स्कूल के लड़कों के साथ मुक़बला कर रहा हूँ। हम लोगों के बीच सभी राजधानियों को याद करने का मुक़ाबला है। मैं उन्हें हरा दूँगा।''

मिरांडा ने सिर हिलाते हुए हामी भरी। ठीक है, भारत की राजधानी क्या है ?''

''यह ठीक नहीं है।'' अपनी बाँह को किसी खिलौना सिपाही के जैसा झुलाते हुए, यह तेज़ी से चलता आगे बढ़ गया। फिर तेज़ी से चलता हुआ वापस पानी माँ के पास आया और उसके कोट की एक जेब को ज़ोर से खींचने लगा। ''मुझसे कोई मुश्किल वाला पूछो।''

उसने पूछा, ''सेनेगल।''

''डकार!'' रोहिन ने गर्व से कहा और बड़े-बड़े घेरे बनाकर चक्कर लगाने लगा। अंत में वह दौड़ता हुआ रसोई में चला गया। मिरांडा उसे फ्रिज़ को खोलते और बंद करते सुन सकती थी।

''रोहिन, बिना पूछे कोई चीज़ नहीं छूते,'' उसकी माँ ने थके मन से कहा। उसने मिरांडा की ओर देखकर मुस्कराने की कोशिश करते हुए कहा, 'आप चिंता मत कीजिए, वह थोड़ी देर में सो जाएगा। और उसे देखने के लिए शुक्रिया।''

अपनी बहन के साथ नीचे के गलियारे में ओझल होते हुए लक्ष्मी ने कहा, ''तीन बजे लौटकर आते हैं। हम दो जगहों मे बँट गए हैं।

मिरांडा ने दरवाज़े में चेन लगा दिया। वह रोहिन को रसोई में देखने गयी तब तक वह बैठक में डाइनिंग टेबल की डायरेक्टर वाली कुर्सी पर घुटने मोड़ कर बैठ चुका था। उसने अपना नैप-सैक खोला, मिरांडा के मैनिक्योर के सामान की टोकरी को मेज़ के एक किनारे सरकाया और सतह पर अपनी क्रेयॉन्स फैला दी।

मिरांडा उसके कंधे पर ऊपर खड़ी हो गयी। जब वह नीले रंग का क्रेयॉन पकड़े उससे हवाई जहाज़ आँक रहा था, मिरांडा उसे देख रही थी।

"बहुत सुंदर", उसने कहा। जब उसने कुछ जवाब नहीं दिया तब वह अपने लिए और थोड़ी-सी कॉफ़ी लेने रसोई में गयी।

"थोड़ी मेरे लिए भी," रोहिन चिल्लाया।

वह बैठक में लौटी। "थोड़ा क्या?"

"थोड़ी कॉफी। मैंने देखी है। वहाँ बरतन में ढेर सारी पड़ी हुई है।"

मेज़ पार करती हुई वह उसकी उल्टी तरफ़ बैठी। कभी-कभी वह नए क्रेयॉन लेने के लिए लगभग खड़ा हो जाता। उसने शायद ही कभी डायरेक्टर की कुर्सी पर कोई खरोंच लगायी हो।

"तुम अभी कॉफ़ी के लिए बहुत छोटे हो।"

रोहिन स्केच पैड के ऊपर झुक गया। इतना कि उसकी नन्हीं-सी छाती और कंधे तक़रीबन उसे छू रहे थे। उसका सिर एक तरफ झुका हुआ था। "आया मुझे कॉफी देती थी," उसने कहा। "वह इसे दूध और ढेर सारी चीनी के साथ बनाती थी।" वह सीधा हुआ, इससे जहाज़ के बग़ल में एक औरत का चेहरा दिखने लगा जिसके लंबे लहरदार बाल थे और आँखें तारे जैसी थीं। 'उसके बाल ज़्यादा चमकदार थे," उसने सोचा और जोड़ा, "मेरे पापा भी एक हवाई जहाज में एक ख़ूबसूरत औरत से मिले थे। "उसने मिरांडा की तरफ़ देखा। उसका चेहरा मुरझा गया जब उसने उसे चुस्की लेते देखा। "क्या, मुझे थोड़ी-सी भी कॉफी नही मिलेगी, प्लीज़?"

उसने सोचा, अगर अपने शांत और संकुचित व्यवहार के बदले वह उग्रता दिखाता तब क्या होता। उसने कल्पना की कि वह उसे अपने चमड़े के जूते से लतिया रहा है, कॉफ़ी के लिए चिल्ला रहा है, तब तक चिल्लाता और रोता रहा जब कि उसकी माँ और लक्ष्मी उसे लेने न आ जाए। वह रसोई में गयी और उसके लिए वैसी ही कॉफ़ी बनायी जैसी कि उसने माँगी थी। उसने इसके लिए ऐसा मग चुना, जिसके गिर कर फूट जाने से भी इसे कोई ख़ास फ़र्क़ नहीं पड़ना था।

"शुक्रिया!" उसने कहा, जब मिरांडा ने इसे मेज़ पर रखा।

मग को दोनों हाथों से कस कर पकड़ कर उसने छोटी-छोटी चुस्कियाँ भरीं।

मिरांडा उसके साथ बैठी रही जब वह चित्र बना रहा था। लेकिन जब वह अपनी नाखूनों पर क्लीयर नेल पॉलिश लगाने को हुई तब उसने इसका विरोध किया। इसके बदले उसने अपनी नैपसैक से सजिल्द विश्वपंजिका निकाली और उससे सवाल पूछने को कहा। इसमें देश महादेश के अनुसार सजाए हुए थे। एक पृष्ठ पर छह, जिनकी राजधानियाँ बड़े अक्षरों में छपी थी, जिसके बाद जनसंख्या, सरकार और दूसरे आँकड़ों का संक्षिप्त विवरण था। मिरांडा ने अफ्रीका भाग वाला पृष्ठ निकाला और उसमें सूची को देखा।

"माली", उसने उससे पूछा।

"बैमाको, उसने तुरंत जवाब दिया।

"मालावी"।

"लिलोंग्वे।"

उसे मैप्पेरियम में अफ्रीका को देखना याद आ गया। उसे याद आया कि उसका मोटा वाला हिस्सा हरा था।

"और पूछो", रोहिन ने कहा।

"मॉरिटेनिया।"

"नुऑक्शात।"

'मॉरिशस।"

वह रुका, अपनी आँखों को भींचकर खोला और मायूस होते हुए कहा, "मुझे याद नहीं आ रहा।"

"पोर्ट लुईस", उसने उसे बताया।

"पोर्ट लुईस।" वह इसे बार-बार दुहराने लगा, जैसे साँस रोके कोई मंत्र पढ़ रहा हो।

जब वे अफ्रीका के अंतिम देशों तक पहुँच गए तो रोहिन ने कहा कि वह कार्टून देखना चाहता है। उसने मिरांडा को भी साथ में देखने को कहा। जब कार्टून देखना ख़त्म हुआ तब वह उसके पीछे रसोई में गया और उसके साथ खड़ा रहा जब वह कुछ

और कॉफी बना रही थी। कुछ मिनट बाद जब वह बाथरूम गयी तब वह उसके पीछे नहीं गया। लेकिन जब उसने दरवाज़ा खोला तब उसे वहाँ खड़ा देखकर चौंक गयी।

"तुम्हें जाना है?"

उसने अपना सिर हिलाया लेकिन यूँ ही बाथरूम में चला आया। उसने कमोड का ढक्कन गिराया, उस पर चढ़ गया और सिंक के ऊपर लगे शीशे के सँकरे आले पर मिरांडा का टूथब्रश और श्रृंगार का सामान देखने लगा।

उसने नमूने में मिले उस जेल को, जो देव से मिलने के दिन उसे मिला था, उठाते हुए पूछा,

"यह किसलिए है ?"

"सूजन के लिए।"

"काहे के सूजन के लिए ?"

"यहाँ," उसने इशारा करते हुए समझाया।

"जब तुम रो लेते हो ?"

"मुझे ऐसा ही लगता है।"

रोहिन ने ट्यूब खोली और उसे सूंघा। उसने दबाकर उसकी एक बूँद अपनी उँगली पर निकाली, उसे अपने हाथ पर रगड़ा। "यह तो चुभता है।" उसने अपने हाथ का पिछला हिस्से ध्यान से देखा, इस उम्मीद में कि उसका रंग बदले। "मेरी माँ की आँखें भी सूजती हैं। वह बताती है कि ऐसा ठंड के कारण हुआ है लेकिन दरअसल वह रोती हैं, कभी-कभी कई घंटों तक। कभी-कभी पूरी रात। कभी-कभी इतना रोती है कि उसकी आँखें सूजकर पकौड़ियाँ हो जाती हैं।"

मिरांडा को लगा कि शायद उसे कुछ खिलाना चाहिए। रसोई में एक राइस केक का बैग और कुछ सलाद पड़े थे। उसने बाहर चलकर 'डेली' से कुछ ख़रीद लाने की भी बात की। लेकिन रोहिन ने कहा कि उसे भूख नहीं और उसने एक राइस केक लिया। "तुम भी एक खाओ," उसने कहा। वे मेज़ पर बैठे और राइस केक उनके बीच पड़ा था। उसने अपनी स्केच पैड को पलट कर एक कोरा पन्ना निकाला और कहा, "तुम बनाओ!"

मिरांडा ने नीला क्रेयॉन उठाया। "मैं क्या बनाऊँ?"

रोहिन ने पल भर सोचा। "मुझे पता है," उसने कहा।

उसने उसे बैठक की चीज़ों को बनाने को कहा - सोफा, डायरेक्टर्स चेयर्स, टेलीविज़न, टेलिफ़ोन। "ऐसे मैं इन्हें याद रख सकूँगा।'

"क्या याद रख सकोगे?"

"अपने साथ-साथ गुज़ारे दिन को।" उसने दूसरा राइस केक उठाया।

"तुम क्यों इसे याद रखना चाहते हो?"

"क्योंकि हम कभी भी एक-दूसरे से दुबारा मिलने वाले नहीं।"

इस बात की सच्चाई ने उसे चकित कर दिया। हल्का-सा अवसाद महसूस करते हुए उसने उसकी ओर देखा। रोहिन के चेहरे पर कोई अवसाद नहीं था। उसने पन्ने को थपथपाते हुए कहा, "बनाओ न!"

और इसलिए जितना अच्छा हो सकता था, उसने चीजें बनाईं - सोफ़ा, डारयेक्टर्स चेयर्स, टेलिविज़न, टेलिफ़ोन। वह धीरे-धीरे उसके पास आ गया, इतने पास कि कभी-कभी यह देखने में दिक़्कत हो रही थी कि वह क्या कर रहा है। उसने अपनी छोटी-सी भूरी बाँह उसके ऊपर डाल दी।

"अब मैं।"

उसने उसे क्रेयॉन दे दिया।

उसने अपना सिर हिलाया। "नहीं, अब मेरी तस्वीर बनाओ।"

"मैं नहीं बना सकती", उसने कहा, यह तुम्हारे जैसा दिखेगा ही नहीं। रोहिन फिर से सोचने की मुद्रा में आ गया, ठीक वैसे ही जैसा कि वह कॉफ़ी न मिलने पर हो आया था। "प्लीज़"।

उसके सिर और मोटे कटे बालों का ऊपरी हिस्सा बनाते हुए उसने उसके चेहरे की तस्वीर बनायी। वह बिल्कुल सीधा बैठा रहा, एक जैसी औपचारिक मुद्रा में, एक तरफ़ अपनी नज़रें टिका कर। मिरांडा का मन हो रहा था कि वह बिल्कुल वैसा ही बनाए। अनजान तरीक़े से उसके हाथ उसकी आँखों के साथ चल रहे

थे, ठीक उस दिन की तरह जैसे किताब की दुकान में उसने अपने नाम को बंगाली अक्षरों में लिप्यंतरित किया था। यह उसके जैसा बिल्कुल नहीं दिख रहा था। जब उसने उसकी आधी ही नाक बनाई थी तब एकाएक वह टेबल से उठ गया।

"मैं बोर हो गया हूँ," उसके बेडरूम की तरफ़ जाते हुए उसने कहा। मिरांडा ने उसे दरवाज़ा खोल कर आलमारी के दराज को खोलते और बंद करते हुए सुना।

जब वह उसके साथ गई तब वह आलमारी के अंदर था। कुछ पल बाद वह बिखरे हुए बालों में हाथ में रूपहले कॉकटेल ड्रेस को लिए हुए बाहर निकला।

"यह नीचे गिरा था।"

"हैंगर से गिर पड़ा होगा।"

रोहिन ने ड्रेस को देखा फिर मिरांडा की देह को।

"इसे पहनो!"

"क्या कहा तुमने ?"

"इसे पहनो!"

इसे पहनने जैसी कोई बात ही नहीं थी। फ़िलेन्स के फ़िटिंग रूम के अलावे उसने इसे कभी पहना ही नहीं था। और जब तक वह देव के साथ थी तब तक उसे पता था वह इसे नहीं पहनेवाली। उसे यह भी पता था कि अब वे उस रेस्टोरेंट में कभी नहीं जाएँगे जहाँ वह टेबल को पार कर उसका हाथ चूमता था। वे उसके अपार्टमेंट में रविवार को मिल सकते थे, देव अपने स्वेटपैंट्स में और वह अपनी जीन्स में। उसने रोहिन से ड्रेस लिया और उसे झाड़ा जबकि इस तरह के कपड़ों में कभी सिलवट नहीं पड़ती। वह अलमारी में ख़ाली हैंगर देखने लगी।

"पहनो न, प्लीज!" एकाएक उसके पीछे आकर रोहिन ने कहा। उसने अपनी बाँहों से उसकी कमर में लिपटते हुए अपना चेहरा उससे लगाता हुए कहा। "प्लीज?"

उसकी मज़बूत पकड़ से चकित होते हुए उसने कहा, "ठीक है।"
वह संतुष्ट होकर मुस्कुराया और उसके बिस्तर के किनारे पर बैठ गया।

उसे दरवाज़े की तरफ़ इशारा करते हुआ कहा कि तुम्हें वहाँ पर इंतजार करना होगा।

"मैं तैयार होकर बाहर आ जाऊँगी।

"लेकिन मेरी माँ हमेशा मेरे सामने ही कपड़े बदलती है।"

"वह ऐसा करती हैं?"

रोहिन ने सहमति में सिर हिलाया। उसके बाद वह उन कपड़ों को उठाती भी नहीं। उन्हें बिस्तर के बग़ल के ज़मीन पर वैसे ही बिखरा हुआ छोड़ देती है।

उसने आगे कहा, "एक दिन वह मेरे कमरे में सोई थी।"

उसने बताया, 'अब जबकि मेरे पिता चले गए हैं, उसे वहाँ अपनी बिस्तर से ज़्यादा अच्छा लगता है।"

"मैं तुम्हारी माँ नहीं हूँ," मिरांडा ने उसे अपनी काँख में दबाकर अपनी बिस्तर से उठाते हुए कहा, जब उसने खड़ा होने से इनकार कर दिया। वह उम्मीद से कुछ ज़्यादा ही भारी था। उसके पैर मिरांडा के कूल्हों से कस कर लिपटे थे और उसका सिर उसके सीने पर टिका था, वह उससे चिपका हुआ था। उसने उसे गलियारें में उतारा और दरवाज़े को बंद कर लिया। कुछ और एहतियात के तौर पर उसने कुंडी लगा ली। दरवाज़े के पीछे लगे आदमक़द शीशे मे देखते हुए उसने कपड़े बदलते हुए ड्रेस पहनी। उसके टखनों में पड़े मोज़े अजीब दिख रहे थे इसलिए उसने दराज़ खोलकर 'स्टॉकिंग्स' (लंबे मोज़े) ढूँढ़ी। उसने आलमारी के पीछे तक ढूँढ़ा, जहाँ उसे छोटे वकल्स वाली ऊँची एड़ी की जूती मिली। ड्रेस के चेन का पट्टा उसके कॉलरबोन पर पेपर क्लिप जैसा हल्का लग रहा था। यह उसे थोड़ा ढीला हो रहा था। वह खुद से उसका ज़िप नही लगा पा रही थी।

रोहिन दरवाज़ा खटखटाने लगा। "अब मैं अंदर आ सकता हूँ?"

उसने दरवाज़ा खोला। रोहिन अपनी पत्री हाथ में लेकर मन-ही-मन कुछ याद कर रहा था। उसे देख कर उसकी आँखें फटी रह गयीं। "ज़िपर लगाने में मुझे तुम्हारी मदद चाहिए," उसने कहा। वह बिस्तर के किनारे पर बैठ गयी।

रोहिन ने ऊपर तक ज़िप लगा दिया। तब मिरांडा उठी और झटके से मुड़ी। रोहिन ने पत्री नीचे रख दी।

रोहिन बोला, 'तुम सेक्सी हो।''

''क्या कहा तुमने ?''

''तुम सेक्सी हो ?''

मिरांडा फिर से बैठ गयी। उसे पता था कि इसका कोई मतलब नहीं है लेकिन उसकी धड़कन एक बार के लिए रुक गयी। रोहिन शायद सभी औरतों को सेक्सी कहता हो। यह शब्द उसने शायद टेलिविजन पर सुना हो या किसी पत्रिका के आवरण पर देखा हो। उसे मैप्पेरियम का वो दिन याद आ गया जब वह देव की दूसरी तरफ पुल पर खड़ी थी। उस समय उसे लगा था कि वह उसका मतलब जानती है। उस समय उसकी सार्थकता भी थी।

मिरांडा ने अपनी छाती पर बाँहों को मोड़ते हुए रोहिन की आँखों में झाँका। ''मुझे कुछ बताओ ?''

वह चुप था।

''क्या मतलब होता है इसका ?''

''किसका ?''

''यह शब्द, 'सेक्सी'। क्या मतलब है इसका?''

उसने सहसा लजाते हुए नज़रें झुका लीं।

''मैं नहीं बता सकता।''

"क्यों नहीं बता सकते?"

उसने अपने होठों को एक साथ दबाया, इतने ज़ोरों से कि उसका एक हिस्सा सफ़ेद पड़ गया।

"यह राज़ की बात है।"

"मुझे बताओ क्या राज़ है। मुझे जानना है।"

रोहिन मिरांडा के बगल में बिस्तर पर बैठा था। अब उसने अपने जूते के पिछले हिस्से को गद्दे के किनारे पर पटकते लगा। वह घबराकर खिलखिलाने लगा। उसकी दुबली देह ऐसे हिलने लगी जैसे उसे गुदगुदी की गयी हो।

मिरांडा ने फिर कहा, "बताओ मुझे। उसने झुक कर उसके टखने पकड़ लिए और उसके पैर को बिल्कुल भी हिलने नहीं दिया।

रोहिन ने उसकी तरफ़ देखा। उसकी आँखें झिरी जैसी थीं। उसने फिर से गद्दे पर पैर पटकने की कोशिश की लेकिन मिरांडा ने उन्हें दबाए रखा। वह बिस्तर पर लेट गया। उसकी पीठ तख्ते-जैसी सीधी थी। उसने अपनी हाथो से मुँह को ढक लिया फिर वह फुसफुसाया," इसका मतलब होता है किसी को चाहना, जिसे तुम जानते नहीं।" रोहिन की बात मिरांडा के अंदर तक धँस आयी, ठीक उसी तरह जैसा उसने देव के साथ महसूस किया था। लेकिन उत्तेजित होने के बदले उसे ठिठुरन महसूस हुई। यह उसे ठीक उसी की याद दिलाती थी जैसा कि उसने भारतीय दुकान पर महसूस किया था। जब उसने जाना, यहाँ तक कि बिना तस्वीर देखे, माधुरी दीक्षित, जिससे कि देव की बीवी मिलती-जुलती लगती थी, सुंदर थी।

"यही मेरे पिता ने किया," रोहिन ने आगे कहा।

"वह किसी के बग़ल बैठे, जिसे वे जानते नहीं थे। पर वह सेक्सी रही होगी और अब वह उसकी माँ के बदले उसे प्यार करते हैं।"

उसने अपने जूते उतारे और फ़र्श पर उन्हें अलग-बग़ल रख दिया। उसने रजाई खोली और मिरांडा के बिस्तर पर अपनी पत्री के साथ खिसक आया। मिनट भर बाद ही किताब उसकी हाथों से छूट गयी और उसने अपनी आँखें बंद कर लीं। मिरांडा उसे सोते हुए देख रही थी। उसकी साँसों के साथ रजाई ऊपर-नीचे हो रहा था। वह देव की तरह बारह मिनट, यहाँ तक कि बीस मिनट में भी नहीं जगा। उसने तब भी अपनी आँखें नहीं खोलीं जब वह रूपहले कॉकटेल ड्रेस उतार कर वापस अपनी जींस में आ गयी। उसने ऊँची एड़ी वाली जूती को वापस अलमारी में पीछे करके रख दिया और स्टॉकिंग्स को लपेटकर वापस दराज में डाल दिया।

जब उसने सब कुछ ठिकाने लगा दिया तब वह बिस्तर पर बैठ गयी। वह उसकी ओर झुकी, इतने क़रीब तक कि वह उसके मुँह के किनारे पर लगे राईस केक से झड़े सफ़ेद चूरा तक देख सकती थी और पत्री उठा ली। जब वह पन्ने पलट रही थी तब उसने उस विवाद के बारे में सोचा, जिसे रोहिन अपने मांट्रियल वाले घर में

झेलता होगा। "क्या वह सुंदर है?" उसकी माँ उसी बाथरोब में जिसे वह पूरे हफ़्ते पहन रही होगी, उसके पिता से पूछा होगा। उसका सुंदर चेहरा जलन से भर जाता होगा। "क्या वह सेक्सी है?" इसके पहले कि उसके पिता इनकार करते, बात बदलने की कोशिश करते। "बताओ मुझे", रोहिन की माँ चीख़ती होगी, "मुझे बताओ, क्या वह सेक्सी है।" इन सबके अंत में उसके पिता वह स्वीकार करते होंगे कि वह थी और सकी माँ बिस्तर पर बिखरे हुए कपड़ों के बीच बस रोती ही जाती होगी। उसकी आँखें सूज कर पकौड़ी बन जाती होगी।

"तुम ऐसा कैसे कर सकते हो," वह सुबकती हुई पूछती होगी, "तुम ऐसी औरत को कैसे प्यार कर सकते हो जिसे तुम जानते तक नहीं।"

जब मिरांडा इन सब के बारे में सोच रही थी, उसे रूलाई आ गयी। उस दिन मैप्पेरियम में तमाम देश इतने पास नज़र आ रहे थे कि उन्हें छुआ जा सकता था और देव की आवाज़ शीशे से टकरा कर तेज़ी से वापस आ रही थी। तीस फुट की दूरी पर पूरे पुल को पारकर देव की आवाज़ उसके कानों तक पहुँच रही थी। इतने पास और गरमाहट से भरी कि वह कई दिनों तक उसके अंदर गूँजती रही। मिरांडा अपने आप को रोक नहीं पायी और ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी। लेकिन रोहिन तब भी सोता रहा। उसे लगा कि अब तक वह एक औरत के रोने की आवाज़ का आदी हो चुका है।

रविवार को, देव ने मिरांडा को यह बताने के लिए फ़ोन किया कि वह आने को है। "मैं लगभग तैयार हूँ। मैं दो बजे तक वहाँ होऊँगा।"

वह टेलिविज़न पर कुकिंग शो देख रही थी।

एक औरत सेबों की क़तार की तरफ़ इशारा करते हुए समझा रही थी कि यह पकाने का सबसे बेहतर तरीक़ा है।

"तुम आज मत आओ।"

"क्यों?"

"मुझे सर्दी लग गयी है", उसने झूठ बोला। वैसे यह सच से ज़्याद दूर भी नहीं था। रोने से इसका गला रूँध गया था।

"हाँ, तुम्हारी आवाज़ फँसी हुई लग रही है।" फिर एक पल की चुप्पी। "तुम्हें कुछ चाहिए।"

"मुझे ज़रूरत नहीं।"

"ढेर सारी तरल चीज़ें पीना।"

"देव?"

"हाँ, मिरांडा।"

"तुम्हें वो दिन याद है जब हम मैप्पेरियम गए थे?"

"हाँ, हाँ, याद है।"

"तुम्हें याद है कैसे हमने एक दूसरे से फुसफुसाकर बातें की थीं?"

"याद है मुझे," देव ने शरारत से फुसफुसा कर कहा।

"तुम्हें याद है, तुमने क्या कहा था?"

एक पल की चुप्पी।

वह धीरे से हँसा। "अगले रविवार को फिर?"

एक दिन पहले, जब वह रोई थी, मिरांडा को विश्वास हो आया था कि वह किसी चीज़ को नहीं भूल पाएगी - बांग्ला में लिखा जैसा उसका नाम दिखता है, उसे भी नहीं। वह रोहिन की बग़ल में सो गयी थी। और जब वह उठी तब रोहिन 'द इकानॉमिस्ट' की प्रति पर, जिसे उसने बचाकर रखा था, ;जिसे बिस्तर के नीचे छिपा रखा था) एक हवाई जहाज़ बना रहा था। "देवजीत मित्र कौन है? पते का लेबल देखते हुए उसने पूछा।

मिरांडा ने देव के बारे में सोचा, अपने स्वेट पैंट और स्नीकर्स में, फ़ोन पर हँसते हुए। कुछ ही देर में वह नीचे अपनी बीवी के पास जाता है और उसे बताता है कि वह जॉगिंग के लिए नहीं जा रहा। स्ट्रेचिंग करते हुए उसकी मांसपेशियाँ खिंच गयी हैं, उसने कहा होगा और अख़बार लेकर बैठ गया होगा। मिरांडा ने सोचा, वह उससे एक और रविवार को मिलेगी या शायद दो। फिर वह उसे वह सब कुछ बता देगी, जिससे वह गुज़री है- कि यह न तो उसके और न ही उसकी बीवी के लिए सही है कि वे दोनों इससे बेहतर के भागी हैं, कि इस बात को ढोने का कोई फ़ायदा नहीं है।

लेकिन अगले रविवार को बर्फ़बारी हुई। इतनी ज़्यादा कि देव अपनी बीवी को नहीं बता पाया कि वह चार्ल्स के किनारे जॉगिंग के लिए जा रहा है। उसके बाद वाले रविवार को, जब बर्फ़ पिघल गयी मिरांडा ने लक्ष्मी के साथ सिनेमा जाना तय कर लिया। और जब उसने देव को फ़ोन पर इस बारे में बताया तब उसने उसे इसे बदलने के लिए भी नहीं कहा। तीसरे रविवार को वह सुबह ही उठ गई और टहलने निकल गई। ठंड थी लेकिन सूरज उगा था। वह टहलते हुए नीचे कॉमनवेल्थ एवेन्यू तक आ गई, उस रेस्टोरेंट को पार करते हुए जहाँ देव ने उसे चूमा था। और तब वह टहलते हुए क्रिश्चियन साइंस सेंटर तक गयी। मैप्पेरियम बंद था लेकिन उसने पास से ही एक कॉफी ली और चर्च से बाहर, प्लाज़ा की एक बेंच पर बैठ गयी। चर्च के विशालकाय और उसके बड़े से गुम्बद और शहर के ऊपर छाई नीली आसमानी छतरी को देखते हुए।

अध्याय : छह

महानगरीय संस्कृति के आईने में झुम्पा लाहिड़ी की कोलकाता केन्द्रित कहानियाँ - सांस्कृतिक विमर्श

महानगरीय संस्कृति के आईने में झुम्पा लाहिड़ी की कोलकाता केन्द्रित कहानियाँ – सांस्कृतिक विमर्श

झुम्पा लाहिड़ी ने अब तक एक कहानी संकलन 'इंटरप्रेटर ऑफ मैलॅडीज़ लिखा है, जिसमें कुछ नौ कहानियाँ है। इनमें से छह की पृष्ठभूमि अमेरिका की है और तीन की भारत की। इनमें से चार कहानियों का मैंने अनुवाद किया है। अपने शोध विमर्श के अंतर्गत सांस्कृतिक विश्लेषण के लिए भी मैंने इन्हें ही आधार बनाया है। इनमें से तीन कहानियाँ अमेरिकी पृष्ठभूमि में और एक भारतीय पृष्ठभूमि में अवस्थित है। पूछा जा सकता है कि विवेच्य अध्याय कोलकाता केन्द्रित है, फिर अमेरिकी पृष्ठभूमि क्यों? उत्तर है कि इन कहानियों से गुज़रते हुए यह पता चलता है कि कैसे अमेरिका में रहते हुए भी मुख्य एवं सम्बद्ध पात्रों के लिए उनका कोलकाता अभी भी अंदर कितना रचा-बसा है। यह भौतिक स्तर पर नहीं है वरन भावात्मक स्तर पर निरंतर विद्यमान है।

संस्कृति मानव द्वारा सीखे हुए व्यवहार की समग्रता है। यह पीढ़ियों द्वारा अर्जित गुण है। ऐसा गुण, जो लगातार व्यवहार में आते-आते मनुष्य की स्वाभाविक पहचान एवं अभिव्यक्ति बन जाता है। यह मानवीय संबंधों के हर प्रसंग एवं प्रस्थान-भाषा, खान-पान, रहन-सहन, व्यवहार, आदि में परिलक्षित होता है।

हमारे महानगर भारतीय संदर्भ में नगरीय जीवन की चरम परिणति है। नगरीय संस्कृति आमतौर पर ग्रामीण संस्कृति से भिन्न होती है। मानवीय संबंध, यंत्रीकरण, संचार-सुविधा आदि ऐसे आयाम है, जो उन्हें ग्रामीण संस्कृति से अलग करते हैं। लेकिन महानगरीय संस्कृति यहाँ से वहाँ तक एक जैसी हो, यह आवश्यक नहीं। भारत के विभिन्न महानगरों की अपनी सांस्कृतिक विशिष्टताएँ हैं। वह कई अर्थों में एक दूसरे से स्वभावतः अलग है। हर महानगरीय जीवन का एक अपना अलग मुहावरा एवं दायरा होता है जिसे उस महानगर के लोग जीते हैं, जानते हैं। फिर भी, कोई अदृश्य सूत्र उन्हें जोड़े रहता है जिस कारण लोग दूसरे महानगरों की संस्कृति में भी खप जाते हैं।

लेकिन महानगरीय संदर्भ में ही, बात अगर सात समंदर पार की हो तब यह वस्तुतः एकदम से दूसरी हो उठती है। विज्ञान की तरक्क़ी से पहले आवागमन के साधन पर्याप्त न होने से लोगों की आवा-जाही सीमित थी। लेकिन बाद में जैसे-जैसे मानव सभ्यता विकसित हुई– वैसे-वैसे सीमाएँ टूटने लगीं। लोग एक शहर से दूसरे शहर और एक देश से दूसरे देश ही नहीं, एक महादेश से दूसरे महादेश तक की दूरी को लाँघने लगे। शिक्षा, व्यापार, बेहतर जीवन, विवाह आदि इसके प्रमुख कारण रहे हैं। कई बार अकारण विस्थापन भी प्रवास का कारण बनता है। वहीं दूसरी ओर शिक्षा या जीविका के लिए आंतरिक प्रवास भी होता रहा है।

प्रस्तुत संग्रह की 'तीसरा और अंतिम महादेश' और 'मिसेज़ सेन की कहानी' जीविका के लिए विदेश प्रवास के उदाहरण है। 'असली दरबान' कहानी बूढ़ी माँ के अभिशप्त विस्थापन की कहानी है। 'सेक्सी' की मुख्य पात्रा मिरांडा अपना शहर छोड़कर बोस्टन में नौकरी कर रही होती है जहाँ कोई उसे जानने वाला नहीं है।

जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे महानगर में जाने को उद्यत होता है तब यात्रा से जुड़ी पूरी तैयारी करता है। नयी चीज़ों को सीखने के लिए और नई स्थितियों का सामना करने के लिए तैयार होने तक। 'तीसरे और अंतिम महादेश' का नायक जब अमेरिका जा रहा होता है तब अपने सफ़र के दौरान 'स्टूडेंट गाइड टू नार्थ अमेरिका' पढ़ता है, जिससे उसे पता चलता है कि अमेरिकन सड़क की दाहिनी तरफ़ गाड़ी चलाते हैं न कि बाईं तरफ़। वे लिफ़्ट को 'इलेवेटर' और 'इंगेज़्ड' फ़ोन को 'बिजी' बताते हैं। कथावाचक अपनी भावी यात्रा के बारे में इतना उत्सुक था कि घर पर उसने अपनी रोती हुई नयी नवेली बीवी को चुप कराने के बजाए गाईडबुक पढ़ना ज़्यादा श्रेयस्कर समझता है।

बाद में जब उसकी बीवी अमेरिका आने वाली होती है तब पति को उसकी कहीं अधिक चिंता होती है - "उस सुबह मुझे लगा कि इस तरह की दुर्घटना, जल्द ही मेरे लिए चिंता का विषय बननेवाली है। माला का ध्यान रखना मेरी ज़िम्मदारी थी...........

उसे मुझे समझाना था कि किस राह पर वह न चले, यातायात के नियम क्या हैं, कि कैसे वह साड़ी पहने कि जिससे उसका सिरा सड़क पर न घिसटे।"[1]

आगे भी उसे ध्यान आता है कि कैसे उसने लंदन के शुरूआती दिन में ट्यूब लेना सीखा था और कैसे एस्केलेटर पर चढ़ना जाना था। तब उसे पता चला था कि वहाँ के लोग 'पेपर' को 'पीपर' कहते हैं और इस बात को समझने में पूरे एक साल लगे थे कि जब ट्रेन एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के लिए रवाना होती है तब कंडक्टर के 'माइंड द गैप' कहने का क्या मतलब होता था।

भाषा एक प्रमुख सांस्कृतिक लक्षण है। भाषिक एकता जुड़ाव पैदा करनेवाली होती है। चूँकि भाषा संवाद का पहला जरिया है इसलिए भाषाई अस्मिता किसी भी समाज और उसकी इकाई व्यक्ति के लिए भी प्रमुख होती है। प्रवासियों को भाषाई संक्रमण झेलना पड़ता है।

वे जहाँ भी प्रवासित होते हों वहाँ की भाषा उनकी व्यवहार की भाषा बनती है जब कि घर में मातृ-भाषा प्रमुखता पाती है। 'तीसरा और अंतिम महादेश' का नायक लंदन में बांग्ला भाषा-भाषी बंगाली युवकों के साथ ही रहता है। अमेरिका जाने के बाद उसने पहली बार अपनी बीवी से बांग्ला में एयरपोर्ट पर बात की। यह बात अलग है कि उसके बात करने का लहज़ा लगभग वही था जो मिसेज़ क्रॉफ़्ट के साथ का था। अंत में, वह अपने बेटे के बारे में बात करते हुए सोचता है कि क्या उसकी आने वाली पीढ़ी उसकी सांस्कृतिक-भाषिक विरासत को अक्षुण्ण रख पाएगी?-

"तब हम उसे मिलने कैम्ब्रिज़ जाते, या सप्ताहांत पर उसे घर ले आते, जिससे वह हमारे साथ बैठकर अपने हाथों से चावल खा सके और बांग्ला में बात कर सके। यह ऐसी चीज़ थी, जिसके बारे में हम चिंतित थे कि हमारी मृत्यु के बाद वह शायद ही ऐसा करे।"[2]

लाहिड़ी का अनुभव स्वयं इस मामले में कुछ यूँ रहा है –

"The first words I learned to utter and understand were in my parent's native language, Bengali. While English was not technically my first language, it has become so..."[3]

इन उदाहरणों से कथानायक की चिंता अस्वाभाविक नहीं है। 'मिसेज़ सेन की कहानी में' मिस्टर और मिसेज़ सेन आपस में बांग्ला में बात करते हैं लेकिन एलियट के सामने और बाहर वे अंग्रेज़ी में ही बात करते हैं।

'सेक्सी' में मिरांडा अपने दूर होते शादीशुदा प्रेमी देव को और समझने के लिए बांग्ला लिखने और सीखने का प्रयास करती है। प्रयास करके वह लिखती भी है लेकिन अपना ही लिखा हुआ शब्द उसे अजीब जान पड़ता है। तब उसे यह सोचकर बेतुका लगता है कि उसने जो लिखा उसका दुनिया के किसी ख़ास भाग में एक ख़ास अर्थ भी होता है। इसी तरह देव उसे बताता है कि अंग्रेजी माध्यम में शिक्षित होने के बावजूद हॉलीवुड के फिल्मों के उच्चारण को समझने में उसे काफ़ी समय लगा था। 'असली दरबान' की बूढ़ी माँ पूर्वी बंगाल से विस्थापित होकर आयी है। यह उसके बांग्ला बोलने के लहज़े से लगता है - "बूढ़ी माँ के इस लंबे एकालाप में कितनी सच्चाई है, इसके बारे में कोई भी आश्वस्त नहीं था............। इसमें किसी को कोई शक नहीं था कि वह शरणार्थी थी, यह उसके बांग्ला बोलने के लहज़े से ही लगता था।"[4]

भारतीय महानगरीय सभ्यता और अमेरिकी महानगरीय सभ्यता में अंतर बहुत स्पष्ट है। इसी अंतर को प्रवासियों को झेलना भी पड़ता है। कहानी संकलन के मुख्य पृष्ठ पर झुम्पा ने कहानियों के बारे में लिखा है– "tell the lives of Indians in exile, of people navigating between the strict traditions they've inherited and the baffling New World they must encounter everyday.[5]

यह बात 'मिसेज़ सेन की कहानी' से स्पष्ट हो जाती है। मिसेज़ सेन मिस्टर सेन की पत्नी हैं, जो गणित के प्रोफ़ेसर हैं। वह उसी तरह अमेरिका आती है जिस तरह 'अंतिम महादेश' की माला। 'अंतिम महादेश' का नायक यह महसूस करता है: "मेरी ही तरह, माला भी अपने घर से इतनी दूर चली आयी है, यह बिना जाने कि वह

कहाँ जा रही है, उसे क्या मिलेगा, किसी और कारण से नहीं बस इसलिए कि वह मेरी पत्नी है।"[6] लेकिन मिस्टर सेन को शायद इतनी फ़िक्र नहीं या वह अपने काम में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। मिसेज़ सेन समय बिताने के लिए एलियट नाम के बालक के लिए बेबी-सिटर का काम अपने ही घर पर करती हैं। एक बार मिसेज़ सेन एलियट से पूछती है कि यदि वह जोर लगाकर चिल्लाए तब क्या होगा? एलियट को बात समझ नहीं आती। तब वह बताती है कि उसके यहाँ घर पर जब कोई तेज़ आवाज़ में चिल्लाता है दुःख के मारे या खुशी से, तब पड़ोस के लोग वहाँ इकट्ठे हो जाते हैं खबर को बाँटने या सहायता के लिए। एलियट अपने घर के बारे में सोचता है जहाँ पड़ोस में पार्टी होती है और फ़ोन का नंबर ढूँढ कर बताना पड़ता है कि वे शोर कम करें। स्पष्ट है कि दोनों महानगरों की संस्कृति में पर्याप्त अंतर हैं। एलियट अमेरिकन है। उसकी समझ अमेरिकन संस्कृति क तहत विकसित हुई है। मिसेज़ सेन का परिवार भारतीय बंगाली संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। चूँकि एलियट के नजरिये से कहानी लिखी गयी है इसलिए दोनों संस्कृतियों के बीच का अंतर उभर कर सामने आता है। उसे पता है कि जब मिसेज़ सेन घर कहती हैं तब उनका मतलब उस अपार्टमेंट से नहीं होता जहाँ वह बैठकर सब्ज़ियाँ काट रही होती हैं बल्कि बंगाल होता है।

मिसेज़ सेन को अमेरिका रास नहीं आता। वह अपने आप को वहाँ के अनुसार ढालने की पूरी कोशिश करती हैं पर उनका मन कहीं और ही अटका होता है। जब वह कार चलाना सीख रही होती है तब एलियट उससे कहता है कि वह कार चलाना सीखकर कहीं भी जा सकती है। मिसेज़ सेन कहती है– "क्या मैं ड्राइव करते हुए कलकत्ते तक जा सकती हूँ? कितना समय लगेगा एलियट? दस हज़ार मील, पचास मील प्रति घंटे की रफ़्तार से?"[7]

स्पष्ट है कि मिसेज़ सेन के मन में कलकत्ता बसा हुआ है। कलकत्ते की हर चीज़ उसके मन में हूक उठाती है। यह नॉस्टेल्जिया झुम्पा लाहिड़ी की कहानियों की विशेषता है।

भारतीय महानगर से अमेरिकी महानगर में प्रवास के कारण सबसे ज़्यादा फ़र्क उन महिलाओं को पड़ता है जो प्रवासित पुरुष की पत्नियाँ होती हैं। चूँकि पुरुष अपनी योग्यता और कार्यदक्षता के बल पर प्रवसन के लिए सक्षम होता है इसलिए वह नए जगह में व्यवस्थित होने के लिए बहुत जल्दी अनुकूलित हो जाता है। उसका कारण यह होता है कि उसे संबंधित जानकारी लगातार मिलती रहती है और वह जल्द ही वहाँ के वातावरण में अपने-आप को खपा लेता है। इसके विपरीत महिलाएँ पत्नी के रूप में आती हैं और वहाँ सामान्यतः गृहिणी ही होती हैं। ऐसे में, उनके लिए किसी भी नये वातावरण में अपने को खपाना मुश्किल होता है। लम्बी सांस्कृतिक एवं जातीय परंपरा भी इसका प्रमुख कारण होता है।

'तीसरा और अंतिम महादेश' का नायक माला को बाहर घुमाने का प्रस्ताव रखता है तब वह इस तरह तैयार होती है: "माला अपनी बुनाई छोड़ कर बाथरूम में ग़ायब हो गयी। जब वह तैयार होकर बाहर आई तब मुझे खीझ हुई, कि मैंने ऐसी बात क्यों छेड़ी। उसने सिल्क की साड़ी पहन रखी थी और ऊपर से और भी चूड़ियाँ डाल ली थी। सिर पर बालों को वेणी की तरह गूँथ कर दोनों तरह फुग्गा सा काढ़ रखा था। वह ऐसे सजी थी मानों किसी पार्टी में जाना हो या कम-से-कम सिनेमा जाना हो।"[8]

इसी तरह जब एलियट की माँ मिसेज़ सेन से पहली बार बात करने आती है तब मिसेज़ सेन ने भी कुछ ऐसा ही पहन रखा था: "उसने चमकदार सफ़ेद साड़ी पहन रखी थी, जिस पर नारंगी रंग के पंख की आकृति के डिज़ायन बने थे। यह किसी शाम की पार्टी के लिए ज्यादा फ़बतीं बनिस्पत उस हल्के रिमझिमाते अगस्त के दोपहर के।"[9]

इसका कारण यह है कि उन्हें बाहर निकलने का या ज़्यादा बाहर घूमने का मौक़ा ही नहीं मिलता। इसकी पूर्ति वे साधारण मौक़े पर ही ऐसा कर पूरा करने की कोशिश करती हैं। इसका उन्हें क्षोभ भी है। उनके घर वाले समझते हैं अमेरिका स्वर्ग है उनकी उनकी ज़िंदगी बेहतरीन है। ऐसी ही मनः स्थिति में मिसेज सेन एलियट से

कहती है: "इसे मैंने कभी भी पहना है? और इसे? वह दराज़ में से एक-एक करके साड़ी उछालती रही, फिर बहुत सारे हैंगर निकाली। बिस्तर पर जैसे उलझे हुए कपड़ों को ढेर दिख रहा था।"

"तस्वीरें भेजो", वे लिखते हैं, "अपनी नई ज़िन्दगी की तस्वीरें भेजो।" मैं उन्हें कौन-सी तस्वीर भेजूँ?"......

"एलियट, वे समझते हैं कि मैं रानी की तरह जा रही हूँ।" उसने कमरे की सूनी दीवारों की तरफ़ देखा।" वे सोचते हैं कि मैं बटन दबाती हूँ और घर साफ़ हो जाता है। उन्हें लगता है कि मैं महल में रहती हूँ।"[10]

'सेक्सी' शीर्षक कहानी की नायिका मिरांडा का नज़रिया भारतीय संस्कृति के प्रति उम्र के साथ बदलता है। जब वह छोटी थी तब उसके पड़ोस में दीक्षित परिवार था। वह परिवार उनकी नजर में पूरी तरह मिसफ़िट था। मिस्टर और मिसेज़ दीक्षित ही नहीं उनके बच्चे भी एक तरह से सामाजिक बहिष्कार के शिकार थे। इसका कारण था उनके रहने का तरीक़ा। वे अपने आप को अमेरिकी संस्कृति में पूरी तरह ढालने में नाकाम रहे थे, यही कारण था कि वे हर जगह उपेक्षित होते थे। लक्ष्मी मिरांडा के साथ काम करती थी। देवजीत मित्र उसका प्रेमी था। देव के संपर्क में आने पर उसे हाथी, रेगिस्तान और झील में तैरते हुए संगमरमर के चबूतरे दिखने लगे। ऐसा इस इस कारण हुआ क्योंकि हर संस्कृति की अपनी परतें होती हैं। यह वर्गीय भेद पर भी निर्भर करता है। देव उच्च वर्ग से है इसलिए उसकी सांस्कृतिक विरासत दीक्षित परिवार से थोड़ी अलग है।

'मिसेज़ सेन की कहानी' की मिसेज सेन आग्रही हैं। वह एलियट की माँ के घर आने पर बिना कुछ खाए जाने नहीं देती। यह अमेरिकी महानगरीय संस्कृति के उलट है, जहाँ इतनी औपचारिकता नहीं निभायी जाती।

'असली दरबान' की बूढ़ी माँ विस्थापित शरणार्थी है। गुज़ारे के लिए वह सीढ़ियाँ बुहारने का काम करती है। शायद वह कहानियाँ ही बनाती है लेकिन उसके

पास ढेर सारी कहानियाँ हैं जिनमें शायद थोड़ी सच्चाई भी हो। लेकिन लोगों के लिए वह महज कौतूहल का साधन, सीढ़ियों को साफ़ करने वाली और दरबान है। वह वहाँ पर अपने को स्थापित करने की पुरज़ोर कोशिश करती है लेकिन बेसिन की चोरी की घटना उसे कटघरे में ला खड़ा करती है और उसे धक्के देकर बाहर निकाल दिया जाता है। नियति उसे यहाँ ला खड़ी करती है जहाँ उसे उसी के भरोसे रहना है, अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद।

'मिसेज़ सेन की कहानी' में एलियट को मिसेज़ सेन का घर इसलिए अच्छा लगता है कि वहाँ संबंधों की उष्मा है। उसके अपने घर पर जो पड़ोसी है उनसे बस दूर का नाता है- देखकर हाथ हिलाने भर का या कभी टेलिफ़ोन से बात कर लेने भर का। मिसेज सेन बताती हैं कि कैसे उनके कलकत्ते में लोग एक-दूसरे के काम आते हैं चाहे ख़ुशी हो या विपदा, हर समय लोग एक दूसरे के लिए तैयार रहते हैं। जब मिसेज़ सेन की बहन की बेटी होन की ख़बर की चिट्ठी मिलती है तब उसकी ख़ुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता। उसकी ख़ुशी के सामने अपार्टमेंट छोटा पड़ गया और वे यहाँ-वहाँ घूमते रहे। लेकिन साथ ही वह निराश भी हुई - "मैं उसे कब देख पाऊँगी यह मि.सेन की छुट्टी पर निर्भर करता है और तब वह तीन साल की हो चुकी होगी। उसकी अपनी मौसी उसके लिए अजनबी होगी। अगर हम एक ट्रेन में आस-पास भी बैठें, तब भी वह चेहरे से नहीं पहचान पाएगी।"[11]

वह अपने अनुभव के आधार पर एलियट से पूछती है कि क्या उसे अपनी माँ की याद आती है। एलियट जवाब देता है कि रात में वे मिलते तो हैं। अमेरिकी संस्कृति में एलियट के लिए इस बात का कोई महत्व नहीं है इसलिए यह बात उसके दिमाग़ में कभी आयी ही नहीं। लेकिन अपने परिवार से बिछुड़ी मिसेज सेन के लिए यह बड़ी बात थी। वह कहती है: "जब मैं तुम्हारी उम्र की थी, तब मुझे कहाँ पता था कि एक दिन मैं इतनी दूर हो जाऊँगी। तुम ज़्यादा समझदार हो एलियट। तुमने पहले ही वह सब जान लिया, जो आज नहीं तो कल हो सकता है।"[12]

'तीसरा और अंतिम महादेश' का नायक छह हफ्तों के लिए मिसेज़ क्रॉफ्ट के घर पर किराये पर रहता है। मिसेज़ क्रॉफ्ट की उम्र सौ से ऊपर हो गई है। उसकी दुनिया ठहरी हुई है और वह अपने ज़माने के हिसाब से चीजों को देखती है। नये ज़माने में यह बात सनक के हद तक लगती है। लेकिन कथानायक झुँझलाते हुए भी इसका सम्मान करता है और उसे पर्याप्त आदर भी देता है। यही कारण है कि मिसेज़ क्रॉफ्ट की बेटी हेलेन उससे कहती है: "कुछ लड़के तो यहाँ से बेदम होकर भाग चुके हैं लेकिन मुझे लगता है कि वह तुम्हें चाहती है। तुम पहले ऐसे नौजवान हो जिसका उसने एक भद्रपुरुष के रूप में परिचय दिया है।"[13]

यह कथानायक का व्यवहार है जिसके कारण उसे भद्रपुरुष समझा जाता है। कथानायक भारतीय है और उसे इस बात की समझ है कि एक बूढ़ी महिला के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।

'सेक्सी' कहानी में मिरांडा का संबंध एक शादीशुदा भारतीय युवक देव से है। देव से उसका संबंध उसके जीवन की रिक्तता को भर देता है। यह जानते हुए कि देव विवाहित है वह उससे अलग नहीं होती। लेकिन लक्ष्मी की बहन और उसके बेटे रोहिन से मिलने के बाद उसे यह एहसास होता है कि उसका यह क़दम एक परिवार को तोड़ सकता है। वह समझ जाती है कि यह संबंध न उसके लिए और न ही देव के लिए ही सही है। क्योंकि मिरांडा और देव की बीवी दोनों, इस हालात से बेहतर के भागी हैं। विदेश जाने के बाद पुरुष का विदेशी स्त्री के साथ संबंध एक लाचार भारतीय स्त्री को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा करता है। अनजान जगह में और वह भी पराये देश में इन हालात से स्त्री बमुश्किल ही उबर पाती है।

"असली दरबान' की बूढ़ी माँ जब तक बिल्डिंग में रहनेवालों के लिए उपयोगी जान पड़ती है तब तक उसके प्रति लोगों का व्यवहार सौहार्द्रपूर्ण बना रहता है। वह उस बिल्डिंग के किसी घर में बेरोक-टोक आ जा सकती है। लेकिन जब लोगों का शक उसके ऊपर जाता है (बेसिन के चोरी होने पर) तब वे उसके प्रति अमानवीय व्यवहार पर उतर आते हैं:

"यह सब इसी का किया-धरा है।", उनमें से एक चिल्लाया, बूढ़ी माँ की तरफ़ इशारा करते हुए। "इसी ने चोरों को ख़बर दी। जब इसे गेट पर निगरानी के लिए रहना था, तब यह कहाँ थी?"

वहाँ के बाशिंदों ने उसकी बाल्टी, उसके चीथड़े उसकी टोकरी और उसके सरकण्डे की झाड़ू, सीढ़ियों के नीचे, लेटरबॉक्स और सरकने वाले दरवाजे से होते हुए गली में उछाल फेंका।"[14]

'तीसरा और अंतिम महादेश का कथानायक और उसका परिवार अमेरिका में बस तो जाते हैं लेकिन कलकत्ते से उनका लगाव कम नहीं होता है– "अब हम अमेरिकी नागरिक थे। इसलिए हम वहाँ पर वक्त पड़ने पर सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएँ भी पा सकते थे। हालाँकि हम हर दूसरे-तीसरे वर्ष कलकत्ता जाते रहे थे, वहाँ से पायजामें और दार्जलिंग चाय लाते रहे, लेकिन हमने अपना जीवन यहीं बिताने की सोची।"[15]

वहाँ बसने के बाद उनकी अगली चिंता अपनी सांस्कृतिक विरासत की थी क्योंकि उन्हें डर था कि उनकी अगली पीढ़ी उसे बिसरा न दे। अपने बेटे के बारे क्या नायक सोचता है - "तब हम उसे मिलने कैम्ब्रिज़ जाते या सप्ताहांत पर उसे घर ले आते, जिसे वह हमारे साथ बैठकर अपने हाथों से चावल खा सके और बांग्ला में बात कर सके। यह ऐसी चीज़ थी जिसके बारे में हम चिंतित थे कि हमारी मुत्यु के बाद वह शायद ही ऐसा करे।"[16]

स्त्री-पुरुष संबंध भी दोनों संस्कृतियों के लिए अलग मायने रखते हैं। 'तीसरे और अंतिम महादेश' में कथानायक और उसकी पत्नी के बीच के संबंध महज औपचारिक रहते हैं। एयरपोर्ट पर जब कथानायक माला को लेने आता है, तब वह उससे अमेरिकन तरीक़े से आत्मीयता नहीं दिखाता- "मैंने न तो उसे गले लगाया, न चूमा और न ही उसके हाथ को अपने हाथ में लिया।"[17] बाद में चलकर जब उनमें प्रगाढ़ता बढ़ती है तब उनके संबंध दांपत्य संबंध में बदल जाते हैं।

'मिसेज़ सेन की कहानी' में एलियट जानता है कि मिस्टर और मिसेज़ सेन पति-पत्नी हैं। इसलिए उसे अजीब लगता है जब मिस्टर सेन मिसेज़ सेन से दूरी बनाए रहते हैं : "थोड़ी देर में मिस्टर सेन आ जाते हैं। वे एलियट का सिर तो थपथपाते थे, लेकिन मिसेज़ सेन को चूमते नहीं।"[18] वैसे ही जब वे बीच पर घूमने जाते हैं तब एलियट गौर करता है- "एलियट कैमरे की छोटी सी खिड़की से देखते हुए मिस्टर और मिसेज़ सेन के एक दूसरे के पास आने का इंतजार कर रहा था। लेकिन वे नहीं आए। उन्होंने न हाथ थामा और न ही एक दूसरे की कमर में हाथ डाले।"[19]

इसके बरक्स एलियट का परिवार अलग है उसके पिता उनसे दो हज़ार मील पश्चिम में रहते थे। उसकी माँ के पर-पुरुष के साथ संबंध है, यह बात उससे छिपाई नहीं जाती। उसे कोई फर्क भी नहीं पड़ता क्योंकि वहाँ की महानगरीय संस्कृति के लिए यह आम बात थी– "........ उसने अपनी दफ़्तर के एक आदमी को रात के खाने पर बुलाया था। उस आदमी ने उसकी माँ के बेडरूम में रात बिताई थी और एलियट ने उसे दोबारा नहीं देखा।"[20]

खान-पान की आदतें भी सांस्कृतिक विशिष्टता रखती हैं। जिस प्रदेश में लोग अधिवास करते हैं वहाँ के खास खाद्य पदार्थ की उपलब्धता उस प्रदेश के लोगों की खान-पान की आदतों को निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक सांस्कृतिक प्रदेश से दूसरे सांस्कृतिक प्रदेश में संक्रमण खान-पान की आदतों को भी प्रभावित करती है।

'मिसेज़ सेन की कहानी' की मिसेज सेन का मछलियों के प्रति ललक पूरे बंगाली समुदाय के खान-पान की आदत को प्रदर्शित करता है। उसे साबुत मछली चाहिए होता है। लेकिन मिस्टर सेन की व्यस्तता उसे इससे गाहे-बेगाहे वंचित करती रहती है।

गाड़ी चलाने या सीखने से उसे नफ़रत है पर शायद एक बात उसे समझ आती है कि अगर वह यह सीख ले तब वह खुद ही मछली ला सकती है। बोस्टन भी समुद्र

